3 बस्तर संभाग
भैरमगढ़ के अम्बेली में 2 साल पूर्व बने भवन निर्माण की ...

6 अभिमत
छोटे व मझोले उद्योगों की संभावनायें

10 संस्कारधानी
गरीबों को नहीं मिले आवास, भाजपा इसे मुद्दा...

11 छत्तीसगढ़
गेवरा खदान में ठेकाकर्मी की मौत के बाद हंगामा...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 28 नवम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 96 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ी भाखा हमर पुरखौती आए, ये हर हमर अभिमान हे। नवा सरकार बने के बाद ले छत्तीसगढ़ के इही अभिमान ला संजोए अउ आगू बढ़ाए बर हमन काम करत हन। 'जतका मान हमन ला अपन छत्तीसगढ़ महतारी उपर हे ओतके हमर मातृ भासा छत्तीसगढ़ी बर घलो होना चाही। छत्तीसगढ़ी भाखा ला हमन आत्म गौरव संग जोड़के देखबो तभे वो आघू बढ़ही। बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ी भाषा हिंदी, अवधी और बृज भाषा की समकालीन हैं। राज्य सरकार द्वारा तीज-त्यौहारों और पारंपरिक संस्कारों को बढ़ावा देने के साथ पुरखौती के अमूल्य धरोहरों का परिचय नई पीढ़ी से कराने से छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ी में बोलने में संकोच करने वाले लोग भी अब छत्तीसगढ़ी में गर्व से बात करते हैं।

### गणतंत्र दिवस 2023 पर चीफ गेस्ट होंगे मिस्र के राष्ट्रपति


**नई दिल्ली।** इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से बताया गया कि गणतंत्र दिवस 2023 पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी विदेशी मेहमान होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अल-सिसी को भेजा गया औपचारिक निमंत्रण उन्हें विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से 16 अक्तूबर को सौंपा गया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 14.72 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 544.72 अरब डॉलर पर रहा था।

# ईडी की कार्रवाई पर भड़के सीएम भूपेश, लोगों को रॉड से पीट रहे, किसी का पैर टूटा, किसी को सुनाई देना हुआ बंद

## ऐसी शिकायत फिर मिली तो राज्य की पुलिस कार्यवाही करने होगी विवश



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही कार्रवाई तथा कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए बैक टू बैक 6 ट्वीट कर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिस तरह से सेंट्रल एजेंसियां कार्रवाई कर रही है, उसकी सूचना केंद्र सरकार को दी जाये। साथ ही सीएम ने कहा कि जिस किसी से भी पूछताछ हो, उसकी विडियोग्राफ़ी करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानूनी रूप से पूछताछ और कार्रवाई में सहयोग दिया जायेगा, लेकिन मारपीट और धमकी के आधार पर पूछताछ जैसी शिकायतें आगे मिलेगी , तो राज्य की पुलिस विधिक रूप से कार्रवाई हेतु विवश होगी। दरअसल पूछताछ के नाम पर ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां इन दिनों कईयों को समन देकर तलब कर रही है। आरोप है कि ईडी और इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा लोगों से पूछताछ के दौरान गैर कानूनी तरीके अपनाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में कहा है कि जबरन लोगों को घर से उठाया जा रहा है, पूछताछ के नाम पर किसी को मुर्गा बनाया जा रहा है, तो किसी से रॉड से मारपीट की जा रही है। किसी का पैर टूट रहा है तो किसी को सुनाई देना बंद हो गया है। यही नहीं कई लोगों को जेल में डाल देने और भूखे प्यासे भी रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्रवाई के नाम पर लोगों से जिस तरह से बर्ताव एजेंसियां कर रही है, ये किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है।



Bhupesh Baghel @bhupeshbaghel · Follow
केंद्रीय एजेंसियां देश के नागरिकों की ताकत होती हैं, यदि इन ताकतों से नागरिक डरने लगें तो निश्चित ही यह नकारात्मक शक्ति देश को कमजोर करती है।

ED और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें, हम इसका स्वागत करते हैं। 1/N
3:30 PM · Nov 27, 2022

Bhupesh Baghel @bhupeshbaghel · Follow
इन घटनाओं से प्रदेश की जनता बहुत गुस्से में है। राजनीतिक षड्यंत्र की पूर्ति के उद्देश्य से झूठे प्रकरण बनाने का खेल प्रतीत हो रहा है।

अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार को इन सब घटनाओं की जानकारी दी जाए और अवैधानिक कृत्यों पर रोक लगायी जाए। 5/N
3:31 PM · Nov 27, 2022

Bhupesh Baghel @bhupeshbaghel · 4h
स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना CRPF को साथ लेकर छापा मारी कर रहे हैं। अधिकारियों से शिकायत प्राप्त हुई है कि कुछ लोगों को रॉड से पीट रहे हैं, किसी का पैर टूटा है तो किसी को सुनाई देना बंद हो गया है। 4/N
36 468 3,327

Bhupesh Baghel @bhupeshbaghel · 4h
लोगों को वहीं समन देकर जबरन घर से उठाना, उनको मुर्गा बनाना, मार-पीट कर दवाब डालकर मन चाह बयान दिलवाने को बाध्य करना, आजीवन जेल में सड़ने की धमकी देना, बिना खाना-पानी के देर रात तक रोक कर रखना जैसे गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। 3/N
6 168 832

Bhupesh Baghel @bhupeshbaghel · 4h
लेकिन जिस प्रकार से ED और इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा लोगों से पूछताछ के दौरान गैर कानूनी कृत्य सामने आ रहे हैं, वो बिल्कुल भी स्वीकार करने योग्य नहीं हैं। 2/N
5 189 968

### मुख्यमंत्री भ्रष्टाचारियों के वकील बनकर ईडी को न धमकाए : भाजपा



भारतीय जनता पार्टी के रायपुर संभाग के प्रभारी व विधायक सौरभ सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ईडी संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचारियों के वकील बनकर ईडी को न धमकाएं। आखिर क्या वजह है कि वे कानून को अपना काम करने से रोक रहे हैं। भ्रष्टाचार करने वाले अफसरों और चुनिंदा कारोबारियों के यहां छापे में बेहिसाब संपत्ति और भ्रष्टाचार के प्रमाण मिल रहे हैं तो ईडी की कार्रवाई से भूपेश बघेल को दिक्कत क्यों हो रही है?

### ईडी ने धनशोधन मामले में पूर्व मंत्री अनिल परब के करीबी रिश्तेदार को भेजा समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के पूर्व परिवहन मंत्री अनिल परब के करीबी रिश्तेदार सदानंद कदम को धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है और उनसे अगले सप्ताह पूछताछ की जाएगी। परब इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल में मंत्री थे। ईडी ने पूर्व मंत्री से मुंबई में 15 जून को धनशोधन के मामले में पूछताछ की थी और इस मामले में उनसे लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी।

राज्य में रत्नागिरी जिले के दापोली क्षेत्र में एक रिसॉर्ट के निर्माण में तटीय विनियमन क्षेत्र के प्रावधानों के कथित उल्लंघन से संबंधित धनशोधन संबंधित मामल में परब से पूछताछ की गयी थी। परब को भेजे गए समन में कहा गया है कि ईडी उनके करीबी रिश्तेदार कदम से एंटी मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) एक्ट के अंतर्गत उनसे पूछताछ करना चाहती है और उनका बयान दर्ज करना चाहती है। पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने ईडी को सूचित किया था कि वह भूमि कदम को बेची गई थी और इस अवैध रिसॉर्ट के लिए कई लोगों ने अधिकारियों से शिकायतें भी की थीं।

वहीं, पिछले मार्च में इस संबंध में आयकर विभाग ने भी छापेमारी की थी और उन्होंने कुछ दस्तावेज भी जब्त किए थे। दस्तावेजों से पता चला कि परब ने 2017 में दापोली में एक करोड़ रुपये में एक जमीन खरीदी थी। इसके बाद यह भी पता चला कि जमीन की रजिस्ट्री 2019 में हुई और 2020 में कदम को 1.10 करोड़ रुपये में बेची गई। आईटी विभाग को संदेह है कि रिसॉर्ट के निर्माण की लागत लगभग छह करोड़ रुपये आयी थी। इससे पहले, ईडी शिवसेना नेता सदानंद कदम और संजय कदम से भी पूछताछ कर चुकी है।

## भारत जोड़ो यात्रा इंदौर में, हजारों लोगों ने किया राहुल का स्वागत

पायनियर संवाददाता < इंदौर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने स्वागत किया। गांधी सुबह जिले के महू से इंदौर की ओर रवाना हुए थे। वे राऊ क्षेत्र से शहर में आए। उनका राऊ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, अन्य पार्टी नेताओं और हजारों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान श्री गांधी बुलेट मोटरसाइकल चलाते हुए भी दिखे। गांधी के साथ हजारों लोगों का कारवां शाम को इंदौर की व्यस्त सड़कों से होते हुए प्रसिद्ध राजबाड़ा की ओर बढ़ा चला गया। रास्ते में उनके स्वागत के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ भी देखी गयी। हालाकि पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के भी काफी सख्त इंतजाम किए हैं। गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज पांचवा दिन है और वे रात्रि विश्राम इंदौर में ही करेंगे। वे चार दिसंबर तक उज्जैन और आगरमालवा जिले से होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश कर जाएंगे।



### भारत जोड़ो यात्रा से बदला है राष्ट्रीय राजनीति का परिदृश्य

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा से न सिर्फ पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है बल्कि इससे देश की राजनीति का परिदृश्य भी बदला है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक, मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीतू पटवारी, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा तथा अन्य नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने भारतीय राजनीति के परिदृश्य को बदल दिया है और कांग्रेस पार्टी में इस यात्रा को मिल रहे जबरदस्त समर्थन के कारण के नया जोश पैदा हुआ है।

## कार के पेड़ से टकराने से डिप्टी रेंजर सहित तीन वन कर्मचारियों की मौत, एक अन्य घायल

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी, जिससे उसमें सवार डिप्टी रेंजर और दो अन्य वन कर्मचारियों की मौत हो गयी और एक अन्य वन कर्मचारी घायल हो गया, जिसे समीप के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तेज गति से जा रही कार पिपलोद थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गयी। दुर्घटना में में कार सवार डिप्टी रेंजर जगदीश मारू और दो अन्य वन कर्मचारी सूर्यकांत मेहरा और हिमांशु वर्मा की घटना स्थल पर मौत हो गयी, जबकि एक अन्य वन कर्मचारी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए समीप के अस्पताल ले जाया गया है। घटना को लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।



## समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय मुद्दा, ज्यादा से ज्यादा राज्यों में लागू करना चाहेंगे : नड्डा

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समान नागरिक संहिता को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता एक राष्ट्रीय मुद्दा है। इसे ज्यादा से ज्यादा राज्यों में लागू करना चाहेंगे। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लगातार इसको लेकर बात करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह पार्टी के लिए एक राष्ट्रीय मुद्दा है और यह इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर सभी का समान रूप से हक हैं। इसलिए, समान नागरिक संहिता एक स्वागत योग्य कदम है।



उन्होंने कहा कि देश और समाज के खिलाफ काम करने वाली ताकतों पर नजर रखना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने मानव शरीर का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह शरीर में एंटीबॉडी खराब कोशिकाओं पर नजर रख कर उन्हें खत्म कर देती है और शरीर को स्वस्थ रखती हैं, उसी तरह देश में राष्ट-विरोधी कोशिकाओं पर नजर रखना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुछ राष्टविरोधी कोशिकाएं, भूमिगत होकर काम करती हैं ऐसे में इन पर नजर रखने के लिए एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल की आवश्यकता होती है। इससे पहले गुजरात चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी करते हुए भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने शनिवार को आतंकवादी संगठनों और भारत विरोधी ताकतों के संभावित खतरों और स्लीपर सेल की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए सेल गठित करने की घोषणा की थी। गुजरात में भाजपा द्वारा मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारने के बारे में पूछे जाने पर जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव के लिए टिकट विशुद्ध रूप से जीतने की क्षमता के आधार पर दिए जाते हैं। नड्डा ने उदाहरण देते हुए कहा कि स्वर्गीय डॉ एपीजे अब्दुल कलाम भाजपा के समर्थन से राष्टपति बने थे। इसके अलावा फिर केंद्र की मोदी सरकार ने मुस्लिम राज्यपालों को भी नियुक्त किया। हम सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत का पालन करते हैं।

### कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि आज इतनी बड़ी संख्या में सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए निकले हैं

## डॉक्टर, इंजीनियर की पढ़ाई मातृभाषा में भी शुरू : मोदी

वार्ता < भरूच (गुजरात)
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में भरूच जिले के नेत्रंग में कहा कि अगर आप डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते हैं तो उसकी पढ़ाई मातृभाषा में भी कर सकते हैं। मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं दिल्ली पहुंचा तो मैंने तय किया कि अगर आप डॉक्टर-इंजीनियर बनना चाहते हैं तो उसकी पढ़ाई मातृभाषा में भी कर सकते हैं। इसीलिए हमने अब मातृभाषा में पढ़ाना शुरू करवा दिया है। उन्होंने कहा कि यह आशीर्वाद सिर्फ चुनाव के लिए आशीर्वाद नहीं हैं। यह आशीर्वाद विकसित गुजरात बनाने के संकल्प को दर्शाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि आज इतनी बड़ी संख्या में सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए निकले हैं। यह चुनाव गुजरात के मेरे भाई-बहन लड़ रहे हैं। चुनाव तो आप जिताने वाले ही हो यह आपने फैसला कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा हमारी



पार्टी ने एक दिन पहले अपना संकल्प पत्र जारी किया है। जिसमें बच्चों, युवा से लेकर सभी के लिए कुछ न कुछ है। हमारा संकल्प इतना स्पष्ट है कि अब भाजपा की सीटें पहले से भी ज्यादा बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आते ही भ्रष्टाचार बंद हो गया। करीब तीन करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए घर बनाए। आदिवासी इलाके में ही करीब 20 हजार घर बन चुके हैं। गरीब के घर में चूल्हा बंद नहीं होना चाहिए कोई लड़का भूखा न सोना चाहिए। यह चिंता हमने की है। गुजरात में अब बेटियां पढ़ने लगीं हैं।

### मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के मरीजों के लिए उम्मीद की किरण है मानव मंदिर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मांसपेशियों की कमजोरी से संबंधित आनुवांशिक बीमारी 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' की बड़ी चुनौती बताते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में 'मानव मंदिर' नाम का केन्द्र इस रोग से ग्रसित रोगियों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि विज्ञान ने भले ही कितनी ही प्रगति की है लेकिन मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी बीमारियां आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सोलन में एक ऐसा सेंटर है, जो मस्कुलर डिस्ट्राफी के मरीजों के लिए उम्मीद की नई किरण बना है। इसका नाम है 'मानव मंदिर', इसे भारतीय मस्कुलर डिस्ट्राफी संघ द्वारा संचालित किया जा रहा है। मानव मंदिर अपने नाम के अनुरूप ही मानव सेवा की अद्भुत मिसाल है। यहां मरीजों के लिए ओपीडी और एडमिशन की सेवाएं तीन-चार साल पहले शुरू हुई थी। मानव मंदिर में करीब 50 मरीजों के लिए बेड की सुविधा भी है। फिजोथेरेपी , इलेक्ट्रोथेरेपी और हाइड्रोथेरेपी के साथ-साथ योग-प्राणायाम की मदद से भी यहां रोग का उपचार किया जाता है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस रोग से जुड़ी एक चुनौती इसके बारे में जागरूकता का अभाव भी है।

### शिक्षा की अलख जगाने में लगे हैं संजय और जतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्या दान को समाज हित में सबसे बड़ा काम बताते हुए आज कहा कि उत्तर प्रदेश के जतिन ललित सिंह और झारखंड के संजय कश्यप बच्चों को किताबें तथा अन्य जरूरी सामग्री मुहैया करा कर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहे हैं। मोदी ने संजय और जतिन की सराहना करते हुए कहा ,' अगर कोई विद्या का दान कर रहा है, तो वो समाज हित में सबसे बड़ा काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जलाया गया एक छोटा सा दीपक भी पूरे समाज को रोशन कर सकता है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आज देश-भर में ऐसे कई प्रयास किए जा रहे है।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के जतिन ललित सिंह अपने गांव बांसा में सामुदायिक पुस्तकालय तथा रिसोर्स सेंटर चलाकर बच्चों के जीवन को संवारने का काम कर रहे हैं। उनके इस सेंटर में हिंदी और अंग्रेजी साहित्य, कंप्यूटर, कानून और कई सरकारी परीक्षाओं की तैयारियों से जुड़ी 3000 से अधिक किताबें मौजूद हैं। यहां बच्चों के लिए कॉमिक और शैक्षणिक खिलौने भी हैं। इस केन्द्र में करीब 40 स्वयंसेवक बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। केन्द्र में करीब 80 बच्चे हर रोज आते हैं।

## हिमालय में पाये जाने वाले पक्षी दिखे कांगेर में

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मध्य भारत के जैव विविधता का खजाना माने गए छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला में स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में बीते दो दिनों से बर्ड काउंटिंग जारी है। 25 नवंबर से शुरु हुई काउंटिंग के पहले दिन की शाम तक करीब 150 तरह के परिंदों को उनके विचरण क्षेत्र के आधार पर पहचाना जा चुका है। कांगेर घाटी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया इस सर्वेक्षण से राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन में सहायता होगी तथा ईको-टूरिज्म में बर्ड वॉचिंग के नए आयाम सम्मिलित होंगे। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, बर्ड कॉउंट इंडिया एवं बर्ड्स एंड वाइल्ड लाइफ ऑफ छत्तीसगढ़ से पक्षी सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। अपने प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता, रोमांचक गुफाओं के लिए देश-विदेश में विख्यात है। यहां भारत के पश्चिमी घाट एवं पूर्वीय हिमालय में पाए जाने वाले पक्षियों को भी देखा गया है। देश के विभिन्न परिदृश्यों में पाए जाने वाले पक्षियों का कांगेर घाटी से संबंध एवं उनके रहवास को समझने का प्रयास समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कांगेर वैली में पक्षियों की 170 से 200 प्रजातियां मिलने की पुख्ता जानकारी पहले ही दर्ज हो चुकी है। इनमें पहाड़ी मैना, भृंगराज, उल्लू, वनमुर्गी, जंगली मुर्गा, क्रेस्टेड, सरपेंटइगर, श्यामा, रैकेट टेल ड्रांगो आदि शामिल हैं।

तितलियों की 63 प्रजातियां जो कि 46 जनेरा एवं 29 फैमली के अन्तर्गत आती हैं पार्क में पायी जाती है। रेप्टाइल की 12 फैमली के 37 प्रजातियों में मगर, कछुआ, अजगर, नाग, धामन, लिर्जड आदि दिख जाते हैं। मछलियों की 11 फैमली से 56 प्रजातियां पायी जाती है। उन्होंने बताया कि कांगेर वैली में एशिया के पहले घोषित 14 किमी लंबे बायोस्फियर जीवोद्यान में परेवां बाड़ी नामक जल कुंड को जंगली कबूतरों के प्राकृतिक आवास को स्थानीय लोग पहले पहचान दिलवा चुके हैं। धम्मशील ने बताया कि कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में चल रहे पक्षी सर्वेक्षण के दूसरे दिन पक्षी विशेषज्ञों ने सुबह से शाम तक लगभग 8 घण्टे पक्षियों को देखा समझा और उनके रहवास के बारे में बारीकी से जानकारी ली। इस सर्वे के बाद बस्तर में आने वाले पर्यटकों को पक्षियों का एक नया संसार देखने मिलेगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में चल रहे पक्षी सर्वेक्षण के दूसरे दिन पक्षी विशेषज्ञों ने सुबह से शाम तक लगभग 8 घण्टे पक्षियों को देखा समझा और उनके रहवास के बारे में बारीकी से जानकारी ली। इस सर्वे के बाद बस्तर में आने वाले पर्यटकों को पक्षियों का एक नया संसार देखने मिलेगा। कांगेरघाटी में पक्षी विशेषज्ञ लगभग 34 ट्रेल में सर्वेक्षण के लिए जुटे हुए हैं। प्रत्येक ट्रेल में 2 से 4 लोगों की टीम बनाई गई है। इस टीम के द्वारा सुबह 5 घंटे तथा शाम को तीन घण्टे लगातार पक्षियों के बारे में जानने के लिए काम कर रही है। जैव विविधता व प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कांगेरघाटी में भारत के पश्चिमी घाट एवं पूर्वीय हिमालय में पाए जाने वाले पक्षियों को भी देखा गया है।

## उत्तराखंड के चिन्यालीसौड़, गौचर, पिथौरागढ़ में जल्द होगी हवाई सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए चिन्यालीसौड़, गौचर तथा पिथौरागढ़ में जल्द ही छोटे विमानों से उड़ान सेवा शुरु कर दी जाएगी। धामी ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से बैठक के बाद यह जानकारी देती हुए बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री से इन तीनों हवाई पट्टियों से उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा शुरू करने का आग्रह किया है और सिंधिया ने उन्हें इन तीनों क्षेत्रों से उड़ान योजना के तहत जल्द ही हवाई सेवा शुरू करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के अगले टेंडर में सर्वेक्षण इन तीनों हवाई पट्टी उनसे उड़ान शुरू करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और उसके बाद गोचर और चिन्यालीसौड़ से छोटे एयरक्राफ्ट के माध्यम से हवाई सेवा शुरू की जाएगी। पिथौरागढ़ से फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं शुरू की जाएगी। धामी ने कहा कि पंतनगर और जौली ग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इस बारे में हवाई अड्डा प्राधिकरण से जल्द जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया गया है।

# रामलला के भव्य मंदिर का हो रहा है तेजी से निर्माण : योगी

वार्ता ◄ अयोध्या
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। योगी ने करोड़ों की लागत से 46 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद राजकीय इंटर कालेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयोध्या देश एवं प्रदेश के मानचित्र पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर आयोजित दीपोत्सव के अवसर पर मोदी के आगमन से नया अयोध्या विकसित हो रहा है। जो आपको कुछ महीनों बाद दिखायी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासियों को भव्य मंदिर निर्माण हो जाने के बाद से व्यापार खुद-ब-खुद अयोध्या आयेगा और अयोध्यावासी खुशहाली में अपना जीवन बितायेंगे। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बिजली का आपूर्ति थम गयी थी। गुंडागर्दी बहुत होती थी इन सब पर मैंने शिकंजा कसा और पूरे प्रदेश में कहीं पर भी जब से मेरी सरकार है तब से कहीं कर्फ्यू नहीं लगा है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि अयोध्या में 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश से अपराधी गायब हो चुके हैं और लोग ठेला लगाकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, किसानों का विकास हो रहा है। करोड़ों रुपये की परियोजनाएं पूरे प्रदेश में चल रही हैं। अयोध्या से चारों तरफ गोरखपुर, गोण्डा, वाराणसी, लखनऊ जैसे सड़कों का पूरी तरह से चौड़ीकरण हो रहा है। क्योंकि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह के आवागमन में तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास सम्बन्धित किसी भी शहर के लिये मैं पैसे की कमी नहीं होने दूंगा। मेरी योजना है कि पूरे प्रदेश में विशेषकर अयोध्या में विकास तेजी से हो। गांव की सड़कें, शहर की गलियों की सड़कें चारों तरफ बनायी जा रही हैं इसमें कोई रुकावट नहीं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारी सात पुरी में से एक पुरी है। अकेले अयोध्या में तीस हजार करोड़ की योजना का लाभ मिल रहा है। अयोध्या में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं रखी गयी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी हम अयोध्या आते हैं तो अयोध्या के संत मुझसे यही कहते हैं कि योगी जी आप मंदिर का निर्माण कराओ। उन्होंने कहा कि अयोध्या को नगर निगम बनाने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया है। यह नई अयोध्या की तस्वीर उभरकर सामने आयी है। इसके पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर मत्था टेका और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद भव्य मंदिर निर्माण का अवलोकन किया। टेढ़ी बाजार में स्थित अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनायी जा रही मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण भी किया। इसके बाद श्री योगी अयोध्या आयुक्त सभागार में विकास कार्यों एवं विजन डाक्यूमेंट को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक रामचन्द्र यादव, विधायक डा. अमित सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, मंडलायुक्त गौरव दयाल, उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा नेता मौजूद थे।

# सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए आस्ट्रेलियाई टुकड़ी भारत पहुंची

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और आस्ट्रेलिया की सैन्य टुकड़ियां अगले दो सप्ताह तक एक दूसरे के सैन्य और शांति स्थापना के क्षेत्र में कौशल तथा अनुभवों को साझा करते हुए द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास आस्ट्रा हिन्द -22 में हिस्सा लेंगी। दोनों सेनाओं के बीच यह अभ्यास सोमवार से शुरू होकर 11 दिसम्बर तक राजस्थान की महाजन फायरिंग रेंज में चलेगा। ऑस्?ट्रा हिन्?द श्रृंखला का यह पहला अभ्यास है, जिसमें दोनों देशों की सेनाओं के सभी अंगों एवं सेवाओं की टुकड़ियां हिस्सा लेंगी। ऑस्ट्रेलिया की सेना में सेकेंड डिवीजन की 13वीं ब्रिगेड के सैनिक अभ्यास स्थल पर पहुंच चुके हैं, जबकि भारतीय सेना का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। ऑस्ट्रा हिन्द सैन्य अभ्यास प्रत्येक वर्ष भारत और ऑस्ट्रेलिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाएगा।

इस द्विपक्षीय सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का उद्देश्य सकारात्मक सैन्य संबंध बढ़ाना और एक-दूसरे की बेहतरीन सैन्य कार्य-प्रणालियों को अपनाना है। साथ ही इसका लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रतिबद्धता के तहत अर्ध-मरूस्थलीय देशों में शांति अभियानों को चलाने के लिए एक साथ कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा देना है।

यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं को शत्रुओं के खतरों को बेअसर करने के उद्देश्य से कंपनी और प्लाटून स्तर पर सामरिक संचालन करने के लिए रणनीति, तकनीक एवं प्रक्रियाओं हेतु सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों को साझा करने में सक्षम बनाएगा। द्विपक्षीय सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास, विशेष हथियारों के कौशल की मूल बातें साझा करने और शत्रुओं के लक्ष्य पर हमला करने जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे। संयुक्त अभ्यास, दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के अलावा, भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को मजबूत करने में और मदद करेगा।

# त्रिपुरा में भाजपा ने सप्ताह भर चलने वाला 'घर-घर' अभियान शुरू किया

वार्ता ◄ अगरतला
www.dailypioneer.com

त्रिपुरा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को राज्य के सभी 60 विधानसभा क्षेत्रों में पिछले पांच वर्षों में भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन सरकार द्वारा किए गए 'अच्छे कार्यों' को उजागर करने के लिए सप्ताहभर के घर-घर चुनावी अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री माणिक साहा, उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक और भाजपा के राज्य प्रभारी महेश शर्मा ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने जानकारी दी कि यह अभियान 3 दिसंबर तक चलेगा और सभी नेता भाजपा सरकार की उपलब्धियों को सभी निर्वाचन क्षेत्रों के अधिकांश इलाकों में जाकर लोगों को बताने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार ने राज्य में बहुत अच्छा काम किया है, जिनमें दीर्घकालिक आजीविका सहायता, ग्रामीण अवसंरचनाओं का विकास, सामाजिक कल्याण की योजनाएं और राज्य के बाकी हिस्सों में और पड़ोसी देश के साथ कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने वाली विकास परियोजनाएं शामिल हैं, जिसकी चाहत त्रिपुरा के लोग पिछले 50 वर्षों से कर रहे थे।

इसलिए, हम अपनी सरकार के काम के आधार पर वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री साहा ने मीडिया से कहा कि विपक्षी दल में नेतृत्व की पुरानी समस्या रही है और वे नकारात्मक राजनीति करते हैं। जनता उन्हें नकार रही है क्योंकि भाजपा के सफल कार्यकाल की तुलना पिछले 25 वर्षों के कम्युनिस्ट शासन और 1988-1993 में कांग्रेस शासन से की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा राज्य की प्रतिभाओं को पहचाना है और इसे फिर से राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है, जिससे सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले अनानास, कटहल और सुगंधित नींबू को वैश्विक व्यापारिक सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण आज त्रिपुरा के बांस और आगर (इत्र का प्राकृतिक घटक) को दुनिया में पहचान मिली है और यह राज्य बहुत जल्द पूर्वोत्तर के विशेष आर्थिक क्षेत्र का पहला लॉजिस्टिक हब बन जाएगा।

त्रिपुरा अब सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जुड़ चुका है और अगरतला हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया गया है और इसकी सभी प्रमुख भारतीय शहरों के साथ कनेक्टिविटी है। पहले, केवल एक राजमार्ग था, अब राज्य में कम से कम आठ राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कें हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य की खराब कानून-व्यवस्था के आरोपों को लेकर विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि कम्युनिस्टों को अपने 25 वर्षों के शासन के अपराधिक रिकॉर्ड को नहीं भूलना चाहिए। माकपा और कांग्रेस जनता और भाजपा समर्थकों को आतंकित कर रही हैं, लेकिन मैंने पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी उपद्रवी को छोड़ना नहीं है।

## हेमन्त सोरेन एवं सांसद शिबू सोरेन ने अमर शहीद सोबरन सोरेन की नव स्थापित प्रतिमा का किया अनावरण, माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

वार्ता ◄ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सदियों से वीरों की धरती रही है और अमर शहीद सोबरन सोरेन ने आदिवासी-मूलवासी, शोषित, गरीब तथा वंचितों के हक, अधिकार तथा अस्मिता की लड़ाई लड़ी। सोरेन ने शहीद सोबरन सोरेन की 65वीं शहादत दिवस के मौके पर रामगढ़ जिला के लुकैयाटांड़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाजनी प्रथा के प्रकोप से इन वर्गो को बचाने के लिए लम्बा संघर्ष किया। शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को झारखंड के लोग आज याद कर रहे हैं। हमारी सरकार शहीद सोबरन सोरेन के विचारों और आदर्शों पर चलकर झारखंड के सर्वांगीण विकास के प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद सोबरन सोरेन के पुत्र आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी अपने पिताजी की राह पर चलते हुए यहां के आदिवासी, दलित, शोषित,वंचित,गरीब सभी वर्गों के साथ हो रहे महाजनी शोषण और अत्याचार के विरुद्ध राज्य के गांव-गांव, जंगल-जंगल में जाकर इन वर्गों को संरक्षित करने के लिए संघर्ष किया। एक दौर ऐसा भी आया जब आदरणीय गुरु जी के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में प्रदेश के लोगों ने इनके संघर्ष को बल दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने वीर शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के मौके पर रामगढ़ जिला के लुकैयाटांड़ स्थित स्मारक स्थल पर उनकी नवस्थापित प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सोबरन सोरेन हमारे दादा जी थे परंतु मैंने उन्हें नहीं देखा था। शहीद सोबरन सोरेन एक शिक्षक थे। समाज में शिक्षा का अलख जगाते थे। इनका कार्य महाजनी तथा सामंतवादी लोगों को को पसंद नही आया था। शहीद सोबरन सोरेन की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके शहादत दिवस पर आज मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से राहत मिलते ही राज्य में सुखाड़ जैसी आपदा फिर आ खड़ी हुई। हमारी सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए राज्य के किसानों के हितों के लिए गए कार्य किए। हमारी सरकार ने झारखंड के 226 प्रखंडों को चिन्हित कर सुखाग्रस्त घोषित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 30 लाख किसान परिवारों को हमारी सरकार सूखा राहत राशि के तौर पर प्रति किसान परिवार 3500 रुपए भुगतान करने का काम करेगी।

## राजस्थान में गुटबाजी को लेकर कठोर निर्णय ले सकती है कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ इंदौर
www.dailypioneer.com

भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश करने से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट में तेज हुई गुटबाजी के बीच कांग्रेस ने कहा है कि स्थिति सुधारने के लिए पहले सुलह समझौते का प्रयास किया जाएगा और बात नहीं बनी तो कठोर निर्णय भी लिए जा सकते हैं। गहलोत-पायलट के बीच चल रही जबरदस्त गुटबाजी को लेकर यह टिप्पणी आज यहां कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कही। उनका कहना था कि प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के लिए दोनों पक्षों के बीच केन्द्रीय स्तर पर भी सुलह कराने का प्रयास चल रहा है और यदि पार्टी हित में सुलह नहीं हुई तो कांग्रेस नेतृत्व कड़े फैसले भी ले सकता है। उन्होंने कहा की पायलट को लेकर गहलोत की टिप्पणी आपत्तिजनक थी। एक वरिष्ठ नेता को युवा और ऊर्जावान साथी के लिए अच्छी टिप्पणी करनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि संकट का समाधान जल्द निकलेगा। रमेश ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान के बारे में गंभीरता से विचार कर रहा है और मतभेदों को दरकिनार कर दोनों नेताओं से समझौता करने और पार्टी हित में कदम उठाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समस्या का हल जल्दी निकाल लिया जाएगा।

## दक्षिण कोरिया में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच की मौत

वार्ता ◄ सोल
www.dailypioneer.com

दक्षिण कोरिया के गैंगवोन प्रांत में अमेरिका निर्मित एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोगों की मौत हो गयी। योन्हाप न्यूज एजेंसी ने अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार अमेरिका निर्मित सिकोरस्की एस-58टी हेलीकॉप्टर यांगयांग के तटीय काउंटी में स्थानीय समयानुसार लगभग 10:50 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

घटनास्थल से धुआं निकलने लगा, जिसके बाद हेलीकॉप्टर के कुछ हिस्सों में आग लग गई। घटना के तुरंत बाद एक हेलीकॉप्टर, 28 यूनिट उपकरण और 114 बचावकर्मी व अग्निशामक घटनास्थल पर पहुंचे। जापानी अधिकारियों द्वारा किराए पर लिया गया हेलीकॉप्टर त्रासदी के समय क्षेत्र के चारों ओर उड़ रहा था और आग के लिए जंगल की जांच कर रहा था। प्रारंभ में, केवल दो लोग - एक 71 वर्षीय पायलट और एक 54 वर्षीय मैकेनिक - दुर्घटना के समय उस पर सवार माने जा रहे थे। बाद में बचाव दल को घटनास्थल पर पांच शव मिले। निगरानी कैमरे के फुटेज ने कथित तौर पर संकेत दिया कि सभी पांच लोग हेलीकॉप्टर पर सवार थे।

## कश्मीर घाटी ठंड से कांपी , श्रीनगर में तापमान माइनस 2.1 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



कश्मीर घाटी में ठंड से कंपकंपी जारी है और श्रीनगर में रविवार को मौसम की सबसे सर्द रात रही और न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने का अनुमान जताया है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिरकर एक दिन पहले शून्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किए जाने के साथ मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम कार्यालय ने कहा कि मौसम की इस अवधि के दौरान तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। हालांकि, अधिकतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक था, जो आज 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में धूप खिली, हल्के कोहरे ने प्रसिद्ध डल झील, बुलेवार्ड रोड और शहर के आसपास के अन्य हिस्सों को धुंध से ढक लिया। दक्षिण कश्मीर में पहलगाम का पर्यटक स्थल शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

## बेंगलुरु से कोलकाता जा रही दुरंतो एक्सप्रेस के एक कोच में लगी आग, यात्रियों में हड़कंप

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



बेंगलुरु से कोलकाता जा रही बेंगलुरु-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में अचानक आग लग गई। जानकारी के मुताबिक हावड़ा एक्सप्रेस के एस9 एसी कोच में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ब्रेक में खराबी के कारण एक बोगी से धुआं निकलता देखा गया। ट्रेन बेंगलुरु में सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल से चली थी और पश्चिम बंगाल में कोलकाता के रास्ते में थी। ट्रेन में आग लगने के बाद आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कुप्पम स्टेशन पर ट्रेन को रोक दिया गया। एक लोको पायलट ने आग देखी और अलर्ट जारी किया, जिसके बाद यात्री ट्रेन से उतर गए। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**ब्रेक बाइंडिंग से उठा धुआं-** रेलवे ने कहा कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस यात्रियों को बचाने के लिए दौड़ पड़ी। भारतीय रेलवे के अनुसार, जैसा कि एएनआई की तस्वीरों दिखाया गया है, दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में ब्रेक बाइंडिंग लगी थी। और ब्रेक ब्लॉक के घर्षण के परिणामस्वरूप धुआं निकला था। एजेंसी द्वारा साझा की गई तस्वीरों में दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे से धुआं निकलते देखा जा सकता है, क्योंकि यात्री इससे बाहर निकल रहे थे।

# आरबीआई कर्ज महंगा करने का सिलसिला धीमा करे : सीआईआई

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा है कि वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि की राह की चुनौतियों को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत ब्याज दर बढ़ा कर कर्ज महंगा करने की अपनी गति को कम करने का विचार करना चाहिए।

सीआईआई का कहना है कि भारत वैश्विक परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। गौर तलब है कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए बैंकों को तात्कालिक उधार पर अपनी ब्याज की दर -रेपो को प्राय: हर द्वैमासिक समीक्षा में लगातार प्रति सैकड़ा आधा -आधा अंक बढ़ाता जा रहा है।

सितंबर में आखिरी बार प्रतिशत 0.50 अंक की बढोतरी के बाद रेपो इस समय 5.90 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। रिवर्स रेपो दर 3.35 प्रतिशत है।

रिजर्व बैंक इस वर्ष मई से अब तक रेपो प्रति सैकड़ा कुल मिला कर1.90 रुपये बढ़ा चुका है। रेपो दर बढ़ने से बैंकों के लिए अपनी दैनिक नकदी की जरूरत के लिए रिजर्व बैंक से पैसा लेना मंहगा हो जाता है और वे अपने धन की लागत के बढ़ने पर ग्राहकों के लिए कर्ज की दर बढ़ाने को मजबूर होते हैं।

सीआईआई ने रविवार को एक बयान में कहा कि घरेलू मांग में सुधार अच्छा है और यह बात जल्दी-जल्दी प्रकाशित किए जाने वाले कई आंकड़ों में झलक रही है, पर इस समय व्याप्त भू-राजनीतिक संकट का हमारी आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं पर प्रभाव पड़ सकता है। घरेलू मांग अच्छी तरह से ठीक हो रही है जैसा कि कई उच्च-आवृत्ति संकेतकों के प्रदर्शन से पता चलता है, हालांकि, प्रचलित वैश्विक पॉलीक्राइसिस के हमारे विकास की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। मुख्य रूप से वैश्विक अनिश्चितताओं से उत्पन्न घरेलू विकास की बाधाओं को देखते हुए, आरबीआई को अपनी मौद्रिक सख्ती की गति को पहले के 50 आधार अंकों से कम करने पर विचार करना चाहिए। यह बात सीआईआई ने आरबीआई को आगामी मौद्रिक नीति पर अपेक्षाओं के संबंध में कही। खुदरा मुद्रास्फीति इस वर्ष सितंबर के 7.41 प्रतिशत की तुलना में नरम हो कर अक्टूबर में 6.77 प्रतिशत पर आ गयी जिससे अपेक्षा की जा रही है कि रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज की चूड़ी कसने की रफ्तार कुछ कम करना चाहिए।

## बस्ती में भाजपा सांसद की गाड़ी की चपेट में आने से बच्चे की मौत

वार्ता ◄ बस्ती
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदिया चैराहे के समीप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हरीश त्रिवेदी की गाड़ी से टक्कर लगने पर एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि बसिया ग्राम निवासी शत्रुधन ने शिकायत दर्ज करायी है कि उसका नौ वर्षीय बेटा अभिषेक प्राथमिक विद्यालय हरदिया बुजुर्ग में दूसरी कक्षा का छात्र था। शनिवार को तीन बजे छुट्टी होने पर वह अन्य बच्चों के साथ घर वापस आ रहा था। तभी सागर पेट्रोल पंप के निकट वह सफेद रंग की फारचूनर कार की चपेट में आ गया। यह कार बस्ती के सांसद हरीश त्रिवेदी की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सांसद की गाड़ी एवं अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मध्यप्रदेश को 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मिला कांस्य पदक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मंडप ने नई दिल्ली में हुए 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2022 में विशेष प्रस्तुति से कांस्य पदक प्राप्त किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोड मेप सहित राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक धरोहर, कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। साथ ही छतरपुर की माटी शिल्प और भोपाल की जरी-जरदोजी शिल्प कला के सजीव प्रदर्शन से राज्य की कला और सांस्कृतिक समृद्धि की झलक प्रस्तुत की गई।

# जनसंख्या कानून नहीं बना तो नहीं बचेगी देश की एकता : गिरिराज सिंह

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ग्राम विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या कानून पर बात करते हुए कहा कि अगर इस पर कानून नहीं बना तो देश में एकता नहीं बचेगी। उन्होंने इस मुद्दे पर चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि 1978 में चीन की जीडीपी भारत से कम थी। 1979 में चीन वन चाइल्ड पॉलिसी लाया और चीन की जीडीपी की खबर सबको है। गिरिराज आगे बोले, चीन में आज एक मिनट में 10 बच्चे पैदा हो रहे हैं और भारत में एक मिनट में 30 बच्चे पैदा होते हैं।

दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाने की मांग बीजेपी और आरएसएस की तरफ से लगातार की गई है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण क को लेकर आगे बढ़े क्योंकि ये राष्ट्र हित में ही है। उन्होंने कहा कि हम इसका पूरी तरह समर्थन करते हैं और इस मामले पर जब भी बैठक होगी हम शामिल होंगे। डिप्टी सीएम ने ये भी कहा कि जनसंख्या नियंत्रण का विरोध करने वालों की संख्या कम है।

**मोहन भागवत का सरकार को साफ संदेश-** इससे पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी अपनी आवाज इस मुद्दे पर उठाई थी। मोहन भागवत ने एक भाषण के जरिए सरकार को साफ संदेश देते हुए कहा कि देश को व्यापक सोच के बाद जनसंख्या नीति तैयार करनी चाहिए और इस सभी समुदायों पर समान रूप से लागू करना चाहिए।

# भैरमगढ़ के अम्बेली में 2 साल पूर्व बने भवन निर्माण की मजदूरी भुगतान लंबित, ग्रामीणों में रोष

- दो वर्षों से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी पंचायत सचिव डकार गए
- मामला उजागर होने पर सीईओ ने कहा पंचायत को किया गया पूरा भुगतान

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com




सरकार द्वारा गरीब परिवारों को मजदूरी देने के लिए ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना बनाई गई है उसके तहत दैनिक मजदूरी प्रति सप्ताह देने का प्रावधान है। लेकिन ग्राम पंचायत अंबेली मे मजदूरी भुगतान लंबित होना अधिकारी और पंचायत की लापरवाही परिलक्षित होती है ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए मजदूर का शोषण कर तय दैनिक मजदूरी नहीं देना अम्बेली.के मजदूरों के साथ अन्याय है। जिन्होंने दो साल पूर्व मनरेगा के तहत बने आंगनबाड़ी भवन निर्माण में गांव के 20 से 25 लोग नीव से छत तक के कार्य में मजदूरी किये पर उन्हें अब तक उनका मेहनताना नहीं मिला। मजदूरों की माने तो पिछले 2 साल में कई दफे सरपंच सचिव से मजदूरी भुगतान करने की गुहार लगा चुके है पर उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नही मिला मजदूरी नहीं मिलने से मजदूरी करने वाले परिवार को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा के तहत छः लाख पैतालीस हजार में बने आंगनबाड़ी भवन का भुगतान करीब एक वर्ष पूर्व ही ग्राम पंचायत अम्बेली को कर दिया गया पर सचिव के लापरवाही का नतीजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है मजदूरों को उनकी मजदूरी अब तक नही मिलना समझ से परे है। ग्रामीण मजदूर सरिता और साथियों का कहना है कि हमारी मजदूरी सरपंच सचिव खा गए अब हमे नही मिलेगा। यही कारण है कि यहाँ के मजदूर काम की तलाश में पड़ोसी राज्य का रुख करते है। वही ग्राम पंचायत अम्बेली के सचिव माधव राव खुद इस बात को स्वीकारते है कि कुछ लोगों की मजदूरी शेष है और लोग मजदूरी भुगतान के लिए उनसे संपर्क भी कर रहे है पर क्या कारण है कि अब तक उनको उनका मेहनताना नही दिया जा रहा है। अब आप ही अंदाजा लगा सकते हैं कि मनरेगा योजना की गाइडलाइंस का पालन किये बिना कैसे मनरेगा योजना के कानून का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं और अधिकारी मौन व्रत धारण किये हुए हैं। ग्राम पंचायत अम्बेली में गौठान जैसे और भी बहुत से विकास कार्य हुए है जिनकी सच्चाई हम आपको अगले अंक में प्रकाशित कर अवगत कराएंगे।

### जिम्मेदारों के कथन

ग्राम पंचायत अम्बेली के आंगनबाड़ी भवन निर्माण की राशि एक वर्ष पूर्व ही पंचायत को भुगतान किया गया है। ग्रामीणों से ऐसी कोई शिकायत हमें नही मिली फिर भी जांचकर मजदूरी भुगतान किया जाएगा।

**जे आर अरकरे,**
**सीईओ**
**जनपद पंचायत भैरमगढ़**

## जिला मुख्यालय में शुरू हुए तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का हुआ समापन

**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आज समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, राजीव युवा मितान क्लब जिला समन्वयक सलीम रजा उस्मानी, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, खेल अधिकारी शिवनाथ बघेल, सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सभी को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। आज समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के उपस्थिति में रस्साकशी खेल का आयोजन भी किया गया जिसमें 18 से 40 वर्ग की महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता और उत्साह के साथ खेलते नजर आए। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से पंचायत स्तर से विलुप्त खेलों को शुरू किया गया।

## एनएमडीसी एससी-एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वाधान में मनाया गया संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को एनएमडीसी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वाधान में स्थानीय बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिसके बाद बीआईओपी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, विशिष्ट अतिथि एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार थे।एनएमडीसी एस सी एस टी कर्मचारी कल्याण समिति के सचिव अजय पोटाई द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों को संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया गया तथा अध्यक्ष राजकुमार ओयामी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में विजय द्वारा संविधान लागू होने से पूर्व,लागू होने के बाद एवं वर्तमान परिस्थितियों की सविस्तार व्याख्या की गई। बता कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार शाम 7 बजे हुई एवं रात 11 बजे समापन हुई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संयंत्र) राजाकुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी. के. माधव,समस्त विभागाध्यक्ष, मेटल माईन्स वर्कर्स यूनियन के सचिव ए.के. सिंह,कार्यालय सचिव राजेंद्र यादव, एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय सहित एनएमडीसी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# छात्रावासों में समय पर उपचार नहीं मिलने से बच्चों की हो रही है मौते : तलाण्डी


पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार तलांडी ने कहा कि आदिवासी बहुल व अतिसंवेदनशील बीजापुर जिले में बच्चों को शिक्षा देने व गुणात्मक सुधार के लिए विभिन्न आवासीय आश्रम छात्रावास संचालित है किंतु आये दिन उक्त आश्रम छात्रावासों में रहकर अध्ययनरत बालक बालिकाएं की अनदेखी हो रही कि शासन से निर्धारित छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति प्राप्तानुसार मीनू के आधार पर नास्ता भोजन व आवश्यक सामग्री वितरित करने के बजाय अधीक्षक द्वारा कटौती करना तथा बच्चों को समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराने उनको समय पर प्राथमिक उपचार नहीं कराने से बच्चों की मौत हो रही है तथा कुछ आश्रम संस्थानों के अधीक्षकों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष ने उक्ताशाय की खड़ी निंदा करते हुए कहा कि शासन द्वारा हमारे बच्चों को सारी सुविधाएं देने के बाद भी कुछ अधीक्षकों द्वारा निरंतर लंबे समय से विवादों से घिरे हुए हैं और निरंतर हमारे बच्चों के साथ अन्याय कर रहे हैं ऐसे अधीक्षकों व संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र हटाया जाए। तलांडी ने यह भी कहा कि हास्टल वार्डन केवल व्यवस्था के देख रेख के लिए है कोई परमानेंट पोस्ट नहीं तो ऐसे कृत्य करने वाले कर्मचारी अधिकारी के खिलाफ शासन प्रशासन को यथाशीघ्र कारवाई करना चाहिए चूंकि कही न कही सह देने जैसा प्रतीत होता है ऐसे में सर्व आदिवासी समाज शासन प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा वर्तमान में बालक बालिकाएं के साथ घटित घटनाओं का अल्टिमेटम के रूप में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे बावजूद ऐसे कृत्य करने वाले शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित कर्मचारि/अधिकारी के खिलाफ कठोर एवं दण्डात्मक कारवाई नहीं हुई तो शासन प्रशासन जिम्मेदार रहें चुंकि जिले के शैक्षणिक संस्थानों में इस प्रकार की घटनाएं निरंतर बढ़ते जा रहे हैं पर शासन-प्रशासन आज पर्यंत तक उचित कार्रवाई नहीं किया।

# संजय बाजार में प्रतिबंधित पॉलिथीन पर कार्रवाई, एक दुकान सील

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के द्वारा शहर के संजय बाजार में प्रतिबंधित पॉलिथीन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान को सील कर दिया गया। आयुक्त दिनेश कुमार नाग के निर्देश पर राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग के नेतृत्व में राजस्व विभाग, स्वच्छता विभाग वह पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर के संजय मार्केट में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के थोक व्यवसायी पर कार्रवाई करते दुकान व गोदाम से 90 बोरी प्लास्टिक व 10 कार्टून प्रतिबंधित पॉलिथीन, डिस्पोजल ग्लास, चम्मच को जब्ती करते हुए दुकान सील कर दुकानदार पर 35,000 का जुर्माना किया गया। आज के इस कार्रवाई पर शहर के दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के प्राप्त जानकारी पर आज निगम अमले ने शहर के थोक व्यवसायी पर कार्रवाई किया। संजय मार्केट में डी 2 व डी 3 दुकान में कारोबारी रवि शंकर जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल पर अपने दुकान पर प्रतिबंधित पॉलिथीन गोदाम व दुकान में बिक्री करने व रखने पर कार्रवाई किया गया। उक्त दुकान डी 02 को सील कर जुर्माने की कार्रवाई भी किया गया है। आज के इस कार्रवाई पर राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग के अलावा हेमंत श्रीवास, विनय श्रीवास्तव, विनय शर्मा व निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रा की मौत पर उठ रहे है कई सवाल



- मंडल संयोजक और एसी पर लग रहे है पोस्टमार्टम कराए बिना शव को अंतिम संस्कार के लिये घर भेजने का आरोप
- अधीक्षिका करती थी बीमार बच्चों से गाली-गलौच अधीक्षिका की डर से बच्चे छुपाते थे अपनी तखलीफें

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले के उसूर में संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की 12 वी विज्ञान की छात्रा सुशीला पुनेम के मौत के बाद सायक आयुक्त, अधिक्षीका और मंडल संयोजक की लापरवाही उजागर हो रही है। परिजनो के अनुसार 21 नवम्बर को जब छात्रा घर पहुंची तो बुखार से कप रही थी तभी मितानिन से मलेरिया टेस्ट कराने पर मलेरिया पॉजिटिव निकला जिसे देखते हुए छात्रा को उसूर स्वस्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ गंभीर स्थित में बीजापुर भेजा गया पर इलाज मिलने से पहले छात्रा की मौत होगा गई। मौत की खबर लगते ही सायक आयुक्त और मंडल संयोजक कृष्णा पांदेमपल्ली ने तुरंत बिना पोस्टमार्टम किये ही शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव भेज दिया। जब कि परिजन पोस्टमार्टम कर मौत का कारण जानना कहते थे पर बीजापुर जिलाचिकित्सालय में मौजुत सायक आयुक्त एवं मंडल संयोजक द्वारा जोर बजरदस्ती कर शव को रातोरात घर भेजा दिया गया, अब परिजन कह रहे है कि मौत की सच्चाई जानने लिए दपनाये हुए शव को दुबारा पोस्टमार्टम करने के लिए भी तैयार है। अब देखना ये है कि शासन प्रशासन छात्रा की मौत पर दुबारा छानबीन कर दोषियों को सजा दे पाएगी या मामला ठंडे बस्ते जाएगा।

## बीआईओपी स्कूल किरन्दुल में 74 वां एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया



**किरन्दुल।** रविवार को बीआईओपी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के बॉयज एवम गर्ल्स एनसीसी अधिकारी राजनाथ के मार्गदर्शन में 74वां एनसीसी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी ध्वज के ध्वजारोहण एवं एनसीसी गीत के साथ हुआ। कैडेट वर्षा ठाकुर द्वारा एनसीसी कैडेट्स को प्रतिज्ञा दिलाई गई। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के एस बाबू विशिष्ट अतिथि एल के नदम सम्मिलित हुए एवं डीजीएनसीसी का संदेश एनसीसी अफसर राजनाथ द्वारा दी गई।

## केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन



**किरन्दुल।** राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन केंद्रीय विद्यालय किरन्दुल में किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 11 वीं तक के 56 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इसमें विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय, शिक्षा, आंतरिक सुरक्षा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े मुददों पर ज्वलंत प्रश्न पूछे गए और उनके उत्तर भी दिए गए। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के स्नातक शिक्षक मुकेश टामूर्णे, मनोज कुमार चौहान ने किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. पाण्डेप ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं ही।

## व्होरा कैम्प के एक घर में लगी आग



**किरन्दुल।** किरन्दुल वार्ड क्रमांक 5 व्होरा कैम्प में अचानक लग गई। बता दें घटना आज दोपहर करीब 12 बजे की है जब व्होरा कैम्प निवासी दामू की पत्नी घर में खाना बना रहीं थीं इसी दौरान अचानक गैस पाइप में आग लग गई और देखते देखते आग बढ़ गई थीं। इस बीच आसपास के लोगों द्वारा पानी डालकर आग पर काबु पाया गया। सुखद बात यह रहीं की इस घटना में कोई जान माल की नुकसान नहीं हुई।

# अखिलेश को मिली हल्बी भाषा में पीएचडी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



इसी 21 नवंबर को बस्तर विश्वविद्यालय में पीएचडी मौखिकी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में, कला संकाय के अंतर्गत हिन्दी विषय में पीएच.डी. पाठ्यक्रम में पंजीकृत शोधार्थी अखिलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा शोध प्रबंध विषय हल्बी बोली पर अन्य भाषाओं का प्रभाव पर शोध कार्य पूर्ण करने उपरांत मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। त्रिपाठी ने अपना शोध कार्य, शोध निर्देशक डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला, सहायक प्राध्यापक, शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर के निर्देशन शोध केन्द्र शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर में पूर्ण किया।

उल्लेखनीय है कि बस्तर की प्रमुख बोली हल्बी पर शोध करने वाले अखिलेश त्रिपाठी पेशे से व्याख्याता हैं कोंडागांव के विख्यात वनौषधि विशेषज्ञ व देश के अग्रिम पंक्ति के किसान नेता डॉ राजाराम त्रिपाठी के अनुज भाई हैं, तथा कोंडागांव के आदिवासी शोध तथा कल्याण संस्थान के सचिव भी हैं। यह कल्याणकारी अलाभकारी संस्थान, बस्तर के जनजातीय समुदायों की बोली, भाषा, कला, साहित्य तथा परंपरागत ज्ञान के संरक्षण संवर्धन तथा दस्तावेजी करण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने हल्बी बोली पर प्रस्तुतीकरण देते हुये बताया कि रियासत कालीन बस्तर में राजभाषा के पद पर आसीन रही हल्बी बोली इस सम्पूर्ण क्षेत्र की संपर्क बोली के रूप में विद्यमान रही है, परन्तु वर्तमान में यह विभिन्न कारणों से अलग अलग बोली भाषाओं से प्रभावित हो रही है इस प्रक्रिया में यद्यपि वर्तमान समय में भी इसका रूप विकृत होता प्रतीत हो रहा है। यदि हल्बी बोली के संरक्षण, संवर्धन की ओर शासन-प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह बोली भी उसी प्रकार खतरे में पड़ जाएगी जैसे क्षेत्र की अन्य कई बोलियां प्रचलन से बाहर होकर या तो विलुप्त हो गई या किसी अन्य समर्थ बोली या भाषा में विलीन होकर अपना अस्तित्व खत्म कर बैठी। गौरतलब तथ्य है कि जब एक बोली मरती है तब बोली के साथ-साथ तीज-त्यौहार, रिश्ते-नाते, रहन-सहन संस्कृति बोली के साथ साथ खत्म होते जाते हैं। वर्तमान समय में हल्बी बोली के संरक्षण, संवर्धन की ओर यद्यपि शासन-प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं व व्यक्तिगत रूप से इसमें उत्थान करने का यथा संभव प्रयास किया जा रहा है परन्तु इससे और अधिक प्रयास किये। जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। इसके अतिरिक्त और भी नानाविध कारणों से समाज में हल्बी बोली के प्रयोग एवं विस्तार की स्थिति में निरन्तर संकुचन आता जा रहा है। अतः इन कारणों का अध्ययन और खासकर इस बोली के लेखन को आबद्ध करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि शोधकर्ता द्वारा जब इस संबंध में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, पुस्तकालय, संग्रहालय या अन्य जगहों पर साहित्य संकलन का कार्य शुरू किया इस विषय पर किसी भी प्रकार के शोध, लेख आदि का सर्वथा अभाव पाया इनके अंश मात्र ही मिल पाये जिससे प्रतीत होता है कि इस बोली का इतिहास भी विलुप्तीकरण की ओर अग्रसर हो रहा है।

# पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ मानस का पाठ संपन्न

- हनुमान मंदिर में हुआ अखंड रामचरित मानस का पाठ

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में समिति द्वारा शनिवार को अखंड रामचरित मानस का पाठ आरंभ किया गया। जिसका रविवार को विधिवत हवन-पूजन पूर्ण आहुति एवम् भव्य भंडारे के समापन किया गया।

मानस मंडली और रामचरित मानस के पाठ में रुचि रखने वालों समर्पित भक्तों ने 24 घंटे संगीतमय पाठ किया। इस बार बचेली से वेद प्रकाश पाण्डे भी अपनी मंडली के साथ पाठ करने दंतेवाड़ा पहुंचे थे। साथ ही महिला मंडली और गिरधर गोस्वामी के संगीतमय पाठ ने लोगों का मन मोह लिया। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्याम मालवीय इस आयोजन के जजमान रहे, जिन्होंने हवन पूजन एवम् भंडारे में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में समिति द्वारा प्रति माह अखंड रामचरितमानस के पाठ का अनुष्ठान कराया जाता है। नगर वासियों के सहयोग और समिति के पूर्ण समर्पण से यह अनुष्ठान साल भर से निर्विघ्न संपन्न होता आया है। रविवार दोपहर पाठ पूर्ण होने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवम् रामायण जी की आरती गायी गई। इसके बाद पंडित टीजी गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूर्ण आहुति दी गई।

जिसमें बड़ी संख्या में भक्त सम्मिलित हुए। पूर्णाहुति के बाद भगवान को भोग लगाया गया, फिर महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में ही समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष संतोष चौहान ने पूर्व की भांति इस बार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री चौहान ने दो दिनों तक पूरे समर्पण भाव से व्यवस्था का सम्पूर्ण दायित्व संभाला। पाठ आरम्भ करने के दौरान विधिवत कलश पूजन से लेकर पूर्णाहुति के बाद भंडारे तक सारी व्यवस्था उन्होंने स्वयं संभाली। इस दौरान चंदन साठवाने भी व्यवस्था में लगे रहे और भरपूर सहयोग प्रदान किया।

साथ ही समिति के पदाधिकारी महावीर शर्मा, शुभम साहू, वीरेंद्र वर्मा, शिवम् मिश्रा समेत आदि ने भी पूरा सहयोग दिया। वहीं मानस के पाठ में मंडलियों के साथ साथ बर्मन, राम जी, आर के बघेल, उमा ठाकुर, तेजभान पटेल, अजय नायक, राजेश बोरबन, राजेन्द्र नेताम समेत अन्य ने समय दिया।

## एक प्रत्याशी को वोट करने हेतु शपथ दिलाने पर नोटिस जारी

**कांकेर।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ग्राम कच्चे एवं ग्राम दुर्गूकोंदल का वायरल वीडियो में कुछ लोगों को एक प्रत्याशी के लिए वोट करने हेतु शपथ दिलाये जाने को आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी कर 28 नवम्बर 2022 को कार्यालयीन समय पर स्वयं उपस्थित होकर अपना जवाब देना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि क्यों न आप पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत् कार्यवाही की जाये।

## बचेली न्यायालय में मनाया गया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवम छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार ,अध्यक्ष जाहिद कुरैशी, सचिव एस0के0 सोनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में अविनाश कुमार दुबे , अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बचेली द्वारा न्यायालय परिसर बचेली में आज दिनांक संविधान दिवस , मनाकर समस्त अधिवक्ताओं/पैनल अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को, संविधान की उद्देशिका पढ़कर सुनाई गई । उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता केके देवागन बलबन देशमुख भूपेन्द्र धारगे,संतराम मरकाम एवम न्यायालीन तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# मारपीट की घटना से नाराज डॉक्टर व चिकित्सा कर्मियों ने गिरफ्तारी व सुरक्षा मांग को लेकर थाने का किया घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




सिविल अस्पताल मे उपचार हेतु लाये गये मरीज का प्राथमिक उपचार कर ड्यूटी मे तैनात डाक्टर द्वारा रायपुर रिफिर कर दिये जाने की बात को लेकर हुए विवाद मे डाक्टर से मारपीट की घटना हुई बताया जाता है कि जिस मरीज को उपचार हेतु सिविल अस्पताल लाया गया था वह सडक एक्सीडेन्ट का मरीज था उपचार करने वाले चिकित्सक डा.सौरभ प्रधान का कहना है कि मरीज के सिर पर आयी चोंट की वजह से उसे रायपुर रिफर किया गया था। वहीं इस घटना के बाद नाराज डाक्टर व चिकित्सा कर्मी ने शनिवार सुबह हडताल कर आरोपी के गिरफ्तारी की मांग व चिकित्सा अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग को लेकर हडताल कर दिया व सुबह की ओपीडी अस्पताल मे बंद रही। डाक्टर व चिकित्सा कर्मी सुबह 10 बजे एक रैली सिविल अस्पताल से निकालकर शहर थाना पहुंचे व धरने पर बैठ गये और आरोपी पर सख्त कार्यवाही की मांग करने लगे। वहीं दूसरी ओर एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल व शहर थाना टीआई अरूण साहू ने बताया आरोपी के किसी साथी का एक्सीडेंट हो जाने के कारण उसे सिविल अस्पताल लेकर गये जहां उनका ड्यूटीरत डा.सौरभ प्रधान ने उनका उपचार शुरू किया वहीं हेड इनज्यूरी होने की वजह से उसे रिफर करने की बात कही गई जिसको लेकर मोन्टू ध्रुव व अन्य जो मरीज को लेकर पहुंचे थे उनका विवाद डाक्टर से शुरू हो गया और अस्पताल मे डाक्टर सौरभ के साथ गाली गलौज दुव्यर्वहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद इस आशय की सूचना बीएमओ डा.राजेन्द्र माहेश्वरी ने शहर थाना मे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां के माहौल को शांत कराया जब तक मारपीट करने वाले वहां से फरार हो गये थे वही अस्पताल प्रबंधन द्वारा आरोपी के संबंध मे जानकारी पुलिस को दी पुलिस रात मे ही उसकी तलाश मे जुट गई। पुलिस ने आरोपी मोन्टू ध्रुव के खिलाफ शासकीय कार्य मे बाधा धारा 294, 506, 353, 186 एवं चिकित्सा सेवा अधिनियम 2008 की धारा 3 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है वही अन्य लोगो की शिनाख्त पुलिस द्वारा की जा रही है। सिविल अस्पताल के बीएमओ डा. राजेन्द्र माहेश्वरी ने कहा कि डाक्टर के मारपीट की घटना से चिकित्सा स्टाफ की सुरक्षा को लेकर प्रश्न चिन्ह खडे हो रहे है सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था की मांग उनके द्वारा पुनः की गई है इसके बाद अभी अस्पताल मे दो दो पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। मारपीट की घटना के कारण आक्रोशित चिकित्सा स्टाफ ने एक टाईम सुबह की ओपीडी बंद रही। वहीं घटना से नाराज चिकित्सा स्टाफ के लोग दो घंटे तक थाना परिसर मे धरने पर बैठे जो पुलिस की समझाईस के बाद धरना समाप्त किया। बीएमओ डा. माहेश्वरी ने संपूर्ण घटना की जानकारी जिले के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सीएमएचओ को करा दिया है।

# स्कूलों के प्राचार्य, प्रधान पाठक और संकुल समन्वयकों का दो दिवसीय मासिक समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शासकीय स्कूलों के प्राचार्य गण, समस्त प्रधान पाठकों एवं संकुल समन्वयको का दो दिवसीय मासिक बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम उच्चतर माध्यमिक शाला देवरी एवं सिंगारपुर में संपन्न हुआ। विगत दिवस प्रथम चरण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवरी एवं द्वितीय चरण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगारपुर में विभिन्न सत्रों के दौरान विकासखंड में पदस्थ शिक्षा अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के संदर्भ में शासकीय स्कूलों के समस्त संस्था प्रमुखों को आवश्यक प्रशिक्षण देते हुए कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना एवं राजगीत के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई, सर्व प्रथम प्रधान पाठकों का परिचय एवं अभिनंदन किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी के के यदु ने शिक्षा की गुणवत्ता की बेहतरी के लिए पठन कौशल के साथ सीखने की प्रक्रिया सतत आकलन करने हेतु प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों को आवश्यक निर्देश दिया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग सत्र में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुन्ना नेताम, बीआरसीसी लेखराम साहू, आईसीटी प्रभारी अबिलास तिवारी द्वारा आकलन एवं उपचारात्मक शिक्षण, आकलन एवं उपचारात्मक शिक्षण, फिट इंडिया क्विज एवम वार्षिक शिक्षा रिपोर्ट असर का सर्वे, मध्यान्ह भोजन योजना में पारदर्शिता हेतु सोशल ऑडिट कार्य की स्थिति, शाला में स्वच्छता रखरखाव एवं शालेय पंजियों का संधारण, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, सरस्वती सायकिल, इंस्पायर अवार्ड, नवोदय विद्यालय परीक्षा, सैनिक स्कूल भर्ती परीक्षा, शिक्षा, पालक, समुदाय की भागीदारी, सोशल मीडिया में व्यवहार एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई. ओरियंटेशन प्रोग्राम को सफल बनाने में देवरी शाला के प्राचार्य लोमस कश्यप एवं स्टाफ सिंगारपुर थाना के प्रभारी प्राचार्य भारती नाग एवं स्टाफ संकुल समन्वयक ज्योतिष वर्मा एवं वीरेंद्र बंजारे का विशेष योगदान रहा। आयोजन के दौरान खोखली शाला के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुर्रे, गोगिया शाला के प्रधान पाठक भटनागर, करहीबाजार संकुल समन्वयक शनिराम मरावी, प्रधान पाठक फरिंता पटेल ने स्वरचित संगठनात्मक गीत छत्तीसगढ़ महतारी, शिक्षक की भूमिका एवं शासन की फ्लेगशिप योजना नरवा गरुआ, घुरवा और बारी पर आधारित तैयार स्वरचित गीतों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण भी किया। दो दिवसीय समीक्षा बैठक ओरियंटेशन प्रोग्राम के दौरान वरिष्ठ प्राचार्य बांधे, आरएन बयां, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक वर्मा सहित विकासखंड भाटापारा की तीस संकुलो से समंवयक, समस्त हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य गण एवं समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी मुकेश देवांगन द्वारा दी गई।

# शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया





पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के प्रांगण में प्रातः 11 बजे संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। तत्पश्चात विधि विभाग के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ऋषि कुमार बर्मन प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशिष्ट अतिथि निरंजन लाल चैहान, अजय कुमार खाखा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं मयूरा गुप्ता सचिव/न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र ठाकुर जी, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपा सोनी जी जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार-भाटपारा छ.ग. के द्वारा विधि विभाग के छात्र छात्राओं को संविधान के महत्व के बारे में एवं संविधान को मयार्दा के रूप में व्याख्यान के मध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के उपाध्याय के द्वारा एवं मंच पर असिन्न अतिथियों का आभार प्रदर्शन विधि विभाग के विभागाध्यक्ष नबी खान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक दुबे के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. पी.झा, डॉ. यू.के. मिश्र, सहायक प्राध्यापकगण तारा पटेल, अभिषेक बंजारे, जयंत मिंज एवं विधि विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला अभिभाषक संघ ने किया विधि दिवस कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





संविधान दिवस के अवसर पर जिला अभिभाषक संघ द्वारा विधि दिवस कार्यक्रम आयोजित कर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित छत्तीसगढ़ से संविधान सभा मे सदस्य रहे बैरिस्टर छेदीलाल एवं बलौदाबाजार जिले के निवासी पूर्व सांसद रेशमलाल जांगड़े का पुण्य स्मरण किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं पूजा अर्चना कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

अभिभाषक संघ कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी सहित अधिवक्तागणों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश चंद्र द्विवेदी ने भारत देश के संविधान निर्माण के पश्चात, अधिनियमों की वजह से देश ने उत्तरोत्तर उन्नति प्राप्त किया है ।देश के प्रत्येक नागरिको को संविधान से मिले अधिकारो से वह देश के विकाश सामान योगदान प्रदान कर रहा है। न्यायपालिका, विधयिका, कार्यपालिका, सहित लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान को सुंदर और देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाता है। उक्त संविधान सभा के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर देश के महान विभूति है जिनका नाम एवं उनके कार्यो को प्रत्येक नागरिकों द्वारा सम्मान दिया जाना चाहिए। अधिवक्ता आलोक दुबे ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अभिभाषक संघ के सचिव गणेश शंकर साहू ने किया ।उक्त अवसर पर संघ के अध्यक्ष मो शारिक खान उपाध्यक्ष द्वय कालिंदी वर्मा, संजय सोनी सहसचिव ओंकार जायसवल, कोषाध्यक्ष ठाकुर सिंह ध्रुव, क्रीड़ा सचिव मिथलेश ओझा, पुस्तकालय प्रभारी प्रमोद तिवारी,कार्यकारिणी सदस्य सूर्य प्रकाश पुरैना, सबा खान सहित वरिष्ठ, कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल होंगे नाचबो आउ नचाबो डांस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन से करीब 10 -12 किलोमीटर की दूरी पर पूर्व दक्षिण दिशा में बसा ग्राम तुरमा में आगामी दिसम्बर माह के 3 तारीख को रंगारंग डांस प्रतियोगिता नाचबो अउ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन संगवारी ग्रुप एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वावधान में रखे गए हैं जिनमें मुख्य अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल कसडोल विधानसभा के विकास पुरूष पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष होंगे ।गौरतलब हो कि शनिवार को लवन आगमन पर कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में नाचबो आउ नचाबो डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को संगवारी ग्रुप तुरमा के सदस्यों ने कार्यक्रम का पोस्टर लांच कराते हुए आत्मीयता के साथ आमंत्रित भी किए। अग्रवाल ने संगवारी ग्रुप तुरमा के सदस्यों के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में आने हेतु अपनी सहमति दी। इस अवसर पर प्रेमलाल साहू जनपद सदस्य एवं पूर्व सरपंच, बाबूराम साहू बूथ अध्यक्ष, पुनीत साहू बूथ अध्यक्ष, फाल्गुनी साहू BLA 2, डेविड प्रजापति BLA 2, विजेंद्र साहू, प्रेम नारायण ध्रुव, अध्यक्ष संगवारी ग्रुप उपस्थित थे ।

# अनियमित स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी तीन सूत्रीय जायज मांग को लेकर करेंगे शक्ति प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी कल्याण महासंघ द्वारा आंदोलन कि शुरुआत 26 सितंबर को कि गई थी, जिसमें पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन, शासन प्रशासन सरकार के समस्त विधायको, एवं जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय राज्य स्तरीय, आवेदन निवेदन किया, जिसका आज पर्यन्त तक कोई कागजी कार्यवाही नहीं हुई न ही कोई ठोस निर्णय लेकर हमारी मांगों को पुरा किया गया, तथा आवेदन में साफकर दिया था, कि शासन प्रशासन हमारी जायज मांगों को पुरा नहीं करती है, तो छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, में कार्यरत समस्त अनियमित जीवन दीप कर्मचारी, जिसमें सफाई कर्मी, स्वीपर, वार्ड आया, वार्ड ब्वॉय, भृत्य, एवं डॉ खुबचंद बघेल स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत समस्त डाटा एंट्री ऑपरेटर कम्प्यूटर आपरेटर, पीएमजेवाय आपरेटर, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त अनियमित स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी, तृतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सभी एक साथ मिलकर हड़ताल करेंगे, जिसका पूर्ण जिम्मेदार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी होंगे, हम सभी मजबूर हो गए हैं, क्यों कि श्रम अधिनियम 1948 के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में समस्त कर्मचारियों को दैनिक कलेक्टर दर पर परिश्रमिक भूगतान नहीं कर रहा है, कुछ मांग करते हैं, तो बजट का हवाला देकर 2 घंटे का वेतन भुगतान कर 8-12 घंटे कार्य लिया जाता है, हमारे साथ भेद भाव क्यों कर रहा है, विभाग शासन प्रशासन, वहीं कार्य नियमित कर्मचारी करें तो फिक्स ड्यूटी निर्धारित कर हमसे 100 गुना वेतन उन्हें दिया जाता है, जब काम समान है, तो वेतन समान क्यों नहीं, जब पुरे विश्व में कोविड 19 कोरोनावायरस माहामारी आई थी तो हम सभी कर्मचारियों ने मिलकर निःश्वार्थ ईमानदारी निष्ठा के साथ जान जाने कि परवाह किये बिना आखिरी दम तक लड़े, न तो हमने परिवार कि चिंता कि न खुद कि हम देश के लिए लड़े, इसका क्या सरकार हमें यही ईनाम दे रही है, अनियमित स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारी साथीयों में हजारों कर्मचारियों जो की 15-20 वर्षो से कार्यरत हैं, आज भी उन्हें को 1500-2000 वेतन दिया जाता है, हम सरकार से पुछना चाहते, कि विभाग को हम कर्मचारीयो कि आवश्यकता है, तभी तो हमसे वर्षो से कार्य ले रहे हैं, तो वेतन विसंगति क्यों, हमें हमारा अधिकार चाहिए, कांग्रेस सरकार अपने घोषणा पत्र के बिंदु क्रमाक 11और 30 को देखें, क्यों कि हमारा हर कर्मचारी समान काम समान वेतन कि मांग करता है, स्थाईकरण कि मांग करता है, 62 वर्ष की जॉब सिक्युरिटी का मांग करता है, सभी को एक समान अधिकार दिये जाने का मांग करता है, आउटसोर्सिंग, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, ये सब भर्तियां को बंद कर पहले से कार्यरत समस्त तृतीय चतुर्थ अनियमित स्वास्थ्य जीवन दीप कर्मचारीयों को नियमित कर आगे भी नियमित भर्ती कि मांग करता है।

## विजिबल पुलिसिंग के तहत कसडोल में नगर में किया गया पुलिस बल द्वारा पैदल पेट्रोलिंग

# बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने कसडोल नगर में चलाया सतत् चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल/लवन
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार सुभाष दास, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कसडोल रघुवीर ठाकुर, चौकी प्रभारी लवन उपनिरी उमेश वर्मा एवं अन्य पुलिस स्टाफ के साथ कसडोल शहर में हाल में हुई मारपीट की घटनाओं के मद्देनजर, कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत चेकिंग कार्यवाही एवं विजुअल पुलिसिंग के तहत पैदल पेट्रोलिंग की कार्रवाई की गई। जिसके अंतर्गत शहर के सभी चौक चौराहों का पैदल भ्रमण किया गया एवं होटल ढाबा एवं चखना दुकानदारों को आवश्यक समझाइश दिया गया। शहर में वाहन चेकिंग की कार्यवाही की गई, जिसके अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाते जाने पर 09 वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर वाहन जप्त किया गया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एमवी एक्ट की अन्य धाराओं पर 09 प्रकरण में चालानी कार्रवाई की गई।

एसडीओपी बलौदाबाजार के नेतृत्व में नगर भ्रमण कर आमजनों, मार्केट के दुकानदारों से शहर में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा-परिचर्चा किया गया तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों के ऊपर लगातार कड़ी कार्यवाही कर रिपोर्टकर्ता, फरियादियों का हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस बल को अपने बीच पाकर नगरवासियों द्वारा भी उनका उत्साह पूर्वक अभिनंदन करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं में सुरक्षा संबंधी उपाय पुलिस बल के समक्ष रखा गया। पुलिस की आज की उक्त कार्यवाही से क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

# आबकारी विभाग की मेहरबानी से नगर में चाय की तरह धड़ल्ले से बिक रही शराब

पायनियर संवाददाता ➤ सिमगा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड आते हैं जिसमें से एक दो ही वार्ड को छोड़ दें तो बाकी कोई ऐसा वार्ड अछूता नहीं है जहां चाय के समान शराब न मिलता हो। इन वार्डो में कम से कम दो से तीन शराब बेचने वाले कोचिये हैं जो बेखौफ हो कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। मजेदार बात यह है कि यहां कुछ ऐसे कोचिये भी हैं जो 20 या 50 रू के अनुसार ग्राहकों को पैग बना कर चखना के साथ परोसते हैं। नगर में कुछ ऐसे कोचिये हैं जो बकायदा अपने कंधों में एयर बैग लटका कर बाईक में घूम-घूम कर घर पहुंच सेवा देते हैं इसके एवज में वे मोटी रकम लेते हैं यह काम कोई सुनसान या एकांत जगह में नहीं बल्कि भीड़ भाड़ स्थानों में किया जाता है क्योंकि सईया भये कोतवाल तो डर काहे का वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं नगर में सुबह 4 बजे से देर रात तक होटल पान ठेलों में शराब आसानी से मिल जाता है इसका कारण यह भी है कि सिमगा जो नेशनल हाईवे में है साथ ही लगभग 6 जिलों की सीमा पर है जिसके कारण होटल ढ़ाबे हमेशा ही खुले रहते हैं जिसके चलते ग्राहकों को नशा से संबंधित सभी चिजें आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं इसमें मजेदार बात यह भी है कि उन स्थानों पर नेताओं का व प्रशासनिक अधिकारियों का आना जाना पूरे समय लगा रहता है जहां पर लोगों की भीड़ को देख कर भी नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि इन कोचियों को किसी का भी डर नहीं है इस वजह से धड़ल्ले से यह अपना काम सुबह 4:00 बजे से लेकर देर रात्रि तक बेधड़क कर रहे हैं ।

# बेजा कब्जा पर निगम का एक्शन: 2 सौ से अधिक अवैध कब्जे पर कार्रवाही, नाली पर बनी दीवार व चबूतरे ढहाये,बोर्ड भी जब्त

## प्रशिक्षु आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में सुबह से हुई कार्रवाई; हटवाया गया दुकानों के बाहर बेजा कब्जा

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम शहर का ह्दय स्थल इंद्रिरा मार्केट में नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछली बार बोरसी व महाराजा चौक क्षेत्र से सैकड़ों दुकान के बाहर अतिक्रमण को हटाने के बाद फिर से आज सुबह 11 बजे से निगम की टीम जेसीबी लेकर इंद्रिरा मार्केट पहुंच गई। निगम प्रशिक्षु आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने खड़े होकर अपने सामने कार्रवाई शुरू कराई। इस दौरान निगम अमले इंदिरा मार्केट से लेकर स्टेशन रोड होते हुए अग्रेसन चौक से लगभग 2 सौ से अधिक स्थानों से अतिक्रमण व बेजा कब्जा हटाया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना भी वसूला गया।कार्रवाही के मौके पर सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान,सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,उपअभियंता विनोद मांझी,जनसंपर्क अधिकारी थानसिंह यादव,भुवनदास साहू,ईश्वर वर्मा शशिकान्त यादव,सहित टीम मौजूद रहेंगे।नगर पालिक निगम दुर्ग इंद्रिरा मार्केट को व्यवस्थित करने के लिए तथा सड़क को सुगम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए निगम की टीम ने मिलकर कार्रवाई की। बेजा कब्जा पर कार्रवाई करने से दो दिन पहले निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमणकर्ताओं को समझाइश दी थी। जब निगम की टीम इंद्रिरा मार्केट पहुंची तो देखा कि कुछ लोगों ने फिर से टेबल पर रख कर समान विक्रय करना प्रारंभ कर दिया था। इसके बाद टीम ने सड़कों पर रखे टेबल को हटवाया और सड़क पर दुकानें लगने नहीं दी। इस दौरान लगातार निगम प्रशासन की टीम तथा मॉनिटरिंग करती रही।आज की कार्रवाई में दो जेसीबी और दो डंपर लगाए गए थे।अधिकारियों ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यवसायियों से चर्चा की। पिछले दिन महाराजा चौक, बोरसी में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सड़क को सुगम किया गया था। फिर से मार्केट अव्यवस्थित न हो इसके लिए निगम की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ इंद्रिरा मार्केट में कार्रवाही की गई। प्रशिक्षु आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कहा की सड़क पर रखा बिल्डिंग मटेरियल तो लगेगा 10 हजार का जुर्माना,कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने सड़क बाधा करने वालों के साथ ही बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

दुकान के बाहर चबूतरा व साइन बोर्ड,पोस्टर आदि के कारण नालियो पर कब्जा किया गया उसको हटवाया गया, क्योकि नालियो की सफाई बेहतर ढंग से नही हो पाती इसलिए कार्रवाही की जा रही है।और साथ ही साथ निरन्तर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही जारी रहेगी। बेजा कब्जा पर निगम का एक्शन 2 सौ से अधिक कब्जे कार्रवाही, नाली पर बनी दीवार व चबूतरे ढहाये,बोर्ड भी जब्त!

# दुग्ध उत्पादन इकाई के रूप में गौठान को विकसित करने काम तेजी से

■ मोहंदी में भी पहुंची उच्च नस्ल की साहीवाल और गिर गाय, अपने गौठान से गांव वालों का ऐसा लगाव कि अतिथि की तरह पूजा कर स्वागत किया गया गायों का गौठान में



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप गौठानों को दुग्ध उत्पादन की इकाई के रूप में भी विकसित करने और इस माध्यम से गौठान की आय बढ़ाने तथा स्व सहायता समूह की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। मोहलाई और चंदखुरी के पश्चात अब आज धमधा ब्लॉक के मोहंदी के गौठान में भी साहिवाल और गिर प्रजाति की गाय लाई गई है। गांव वालों ने गायों का स्वागत तिलक लगाकर पारंपरिक तरीके से किया। उल्लेखनीय है कि गिर और साहिवाल प्रजाति की गाय हर दिन लगभग 15 लीटर दूध देती है और इसके माध्यम से बड़ी आय की संभावनाएं बनती है। मोहलाई और चंदखुरी में जहां गौठान में यह गाय दी गई है वहां हर दिन लगभग 15 सौ रुपए का दूध बेचा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशाअनुरूप गौठान में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में गौठानों के लिए उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है अभी 70 गौठानों में उच्च नस्ल की गाय चरणबद्ध रूप से आएंगी। मंशा यह है कि स्थानीय स्तर पर दूध की पर्याप्त उपलब्धता हो जाए जिससे पोषण का स्तर भी बढ़ेगा, साथ ही गौठान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। स्व सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के एडीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहंदी में जब उच्च नस्ल की गाय आई तब गांव में उत्सव का माहौल था। लोगों ने पारंपरिक तरीके से पूजा कर इन गायों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उच्च नस्ल की गाय बड़ी काफी मात्रा में दूध देती है जिसकी वजह से पर्याप्त आय की संभावनाएं बनती है जिससे अन्य गौठान में भी समूह की महिलाएं उच्च नस्ल की गायों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन का कार्य आरंभ करेंगी। जनपद पंचायत सीईओ प्रकाश मेश्राम ने बताया कि सभी गौठान में जहां उच्च नस्ल की गाय मंगवाई जा रही है वहां नेपियर जैसे चारे की पर्याप्त उपलब्धता है। उल्लेखनीय है कि उच्च नस्ल की साहिवाल और गिर जैसी प्रजातियों के आने से ना केवल दूध उत्पादन गौठान में बढ़ेगा अपितु नस्ल संवर्धन की संभावनाएं भी बढ़ेगी और इससे गौठान आर्थिक इकाई के रूप में और भी मजबूत होंगे।

# एस आर हॉस्पीटल में फ्री मेडीकल कैम्प मे सोनोग्राफी एक्स-रे जांच व चश्मा वितरण बिलकुल निशुल्क

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



एस.आर.हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में 28 नवंबर 2022 दिन सोमवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका समय प्रातः 10:00 ..रूबजे से दोपहर 03:00 P.M. बजे तक है। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ,अस्थि रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, बर्न एण्ड प्लास्टीक सर्जन,जनरल सर्जन, प्लास्टिक सर्जन,जनरल मेडिसिन, फिजियोथैरेपिस्ट,दंत रोग विशेषज्ञ व अन्य विभाग के डॉक्टर O.P.D. मे निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करेंगे। शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए डॉं आर.के. दिवाकर (रेडीयो लॉजिस्ट ) ने बताया कि शिविर में सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) कलर डॉपलर, डिजीटल एक्स-रे एवं मरीजों को चश्मे का फ्रेम निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। खून पेशाब जांच, सी.टी. स्कैन जांच एवं एम.आर.आई. जांच में 50त्न की छूट प्रदान की जाएगी। 28 नवंबर को ओ.पी.डी. में पंजीकृत मरीजों के हाइड्रोशील, हर्निया, बवासीर, मोतियाबिंद, सिजेरियन डिलीवरी, नॉर्मल डिलीवरी,बच्चेदानी के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस.पी. केसरवानी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेवे एवं जनहित में ज्यादा से ज्यादा लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की जानकारी प्रदान करें।

# महापौर निर्मल कोसरे को भानुप्रतापपुर उपचुनाव में मिली बड़ी जिम्मेदारी

## भिलाई-चरोदा की अपनी टीम के साथ संभाल रहे 11 बूथ की जिम्मेदारी

■ राज्य सरकार की उपलब्धि बताकर सावित्री मंडावी के लिए मांग रहे वोट

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



कांग्रेस संगठन ने जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष एवं महापौर निर्मल कोसरे को भानुप्रतापपुर उपचुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कोसरे वहां भिलाई - चरोदा की अपनी टीम के साथ 11 बूथ की कमान संभाल चुके हैं। वे जनमानस के बीच जाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी के लिए वोट मांग रहे हैं। भानुप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में संगठन के वरिष्ठ नेताओं की रणनीति को कारगर बनाने भिलाई - चरोदा नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे पूरी तरह से जुट गए हैं। संगठन की ओर से उन्हें संबलपुर के बूथ क्रमांक 75, 76 व 77, बैजनपुरी 165, चवेला 72 , सेलेगांव 160 व 161 सहित चारामा ब्लॉक के अंवरी 150, चारामा के 199 व 200 एवं मुडखुसरा के बूथ क्रमांक 148 में कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त दिलाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अपने सामाजिक मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में लाने के लिए भी संगठन की ओर से उन्हें निर्देशित किया गया है। संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करने महापौर निर्मल कोसरे अपनी टीम के साथ भानुप्रतापपुर पहुंच गए हैं। इस दौरान उनके द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजना और विकास कार्यों से अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी के पक्ष में मतदान की अपील की जा रही है।

# प्राणघातक हमला कर युवक को किया घायल 9 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग में अपराध रात्रि 8बजे थाना दुर्ग पुलिस को सूचना मिली की प्रार्थी के घर के पास लुचकीपारा वार्ड नंबर 7 दुर्ग में आकाश शर्मा पिता स्व. विनोद शर्मा निवासी वार्ड नंबर 07 लुचकीपारा दुर्ग को नरेश साहू, प्रवीण साहू, शंकर साहू, तुलेश साहू, अकुश यादव, निखिल यादव, साहिल यादव, आशीष यादव एवं अपचारी बालक द्वारा हत्या करने की नियत से धारदार वस्तु से आकाश शर्मा को पीठ में, पेट में, सीना में एवं शरीर के अन्य जगह पर मारकर घायल कर दिया कि सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक एस. एन. सिंह हमराह स्टाफ के घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में, एवं अति- पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग वैभव बैंकर के निर्देशन में थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक एस. एन. सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी पतासाजी हेतु टीम को रवाना किया गया। प्रकरण में आरोपी नरेश साहू, प्रवीण साहू, शंकर साहू, तुलेश साहू, अकुश यादव, निखिल यादव, साहिल यादव, आशीष यादव एवं अपचारी बालक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक देवादास भारती, प्र. आर. हरीशचंद, आरक्षक लव पाण्डेय आलउद्दीन एवं मिथलेश साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# कलयुगी पिता व फुफा से तंग सगी बहनों ने छोड़ा था घर, पुलिस ने किया चौकाने वाला खुलासा

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छावनी निवासी दो सगी बहनों ने अपने पिता व फुफा से परेशान होकर घर छोड़ दिया। लगभग दो सप्ताह पहले घर से गई बहनों के संबंध में पिता ने खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। कार्यवाई करते हुए पुलिस ने 10 दिन बाद दोनों बहनों को रायपुर से सकुशल बरामद किया। इसके बाद दोनों ने पुलिस को जो घर छोड़कर जाने की वजह बताई वह चौंकाने वाला सच था। दरअसल दोनों बहनों से उसका पिता छेड़छाड़ करता था। यही नहीं बड़ी बहन से तो उसके फुफा ने दुष्कर्म भी किया। इस बयान के बाद पुलिस ने आरोपी पिता व फुफा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी में पीड़िता ने बताया कि 2017 में वह छावनी स्कूल में पढ़ाई करती थी। उस समय वह 16 साल की थी। स्कूल के पास इसके बुआ-फुफा रहते हैं और लंच टाईम में वह अपने बुआ-फुफा के घर जाकर खाना खाती थी। 27 अगस्त 2017 के दोपहर 2 से 3 बजे बुआ के घर गई तो उसकी बुआ घर पर नहीं थी। फुफाघर पर अकेले होने से पीड़िता स्कूल वापस जाने की बात कही। तब फुफा ने उसे छोड़ने की बात कही और उसे छेड़ने लगा। इसके बाद दूसरे दिन भी बुआ घर पर नहीं थी तो फुफा ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। इसके बाद यह सिलसिला चलने लगा। बच्ची ने यह बात जब अपनी बुआ को बताई तो उसने उल्टा उसे डांट दिया। इसके बाद उसने यह बात अपने पिता को बताई लेकिन उसने भी डांटकर चुप करा दिया और पढ़ाई छुड़वाकर घर पर बिठा दिया। पीड़िता की मां मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी इसके बाद उसका पिता उसे व उसकी बहन को अपने पास सुलाता था। पिता भी अपनी बेटियों पर गंदी नजर रखने लगा और रात को उनसे छेड़छाड़ करता था। इन्हीं सब हरकतों से तंग आकर दोनों बहने लगभग दो सप्ताह पहले घर छोड़कर चली गई और रायपुर अपनी एक सहेली के घर पर रहने लगी।

# रिसाली में लापरवाही पर बड़ी कारवाही, ठेकेदार कचरे से खाद बनाने के बजाय कर रहा था डंप, 1 लाख जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



बिना अनुमति अघोषित क्षेत्र को ट्रेंचिंग ग्राउंड की शक्ल देने वाले ठेकेदार के खिलाफ आयुक्त आशीष देवांगन ने कार्यवाही की है। मेसर्स पीवी रमन पर शनिवार को 1 लाख का जुर्माना किया किया गया। उक्त राशि देयक भुगतान से वसूली की जाएगी। आयुक्त सुबह मॉर्निंग विजिट पर निकले थे। नेवई तकनीकि विश्विद्यालय पहुँच मार्ग के निकट खाली जमीन की स्थिति को देख उन्होंने तत्काल ठेकेदार को तलब किया। उसे सवाल जवाब करते न केवल फटकार लगाया बल्कि मौके पर ही 1 लाख जुर्माना स्वरूप निगम के खाते में जमा करने निर्देश दिया। यह है मामला- दरअसल ठेकेदार को घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को एस एल आर एम सेंटर तक पहुँचाना है। गीला सूखा कचरा अलग कर खाद बनाना है, लेकिन ठेकेदार अनुबंध नियमो को नजर अंदाज कर कचरा को नेवई खाली जगह में डंप कर रहा था। मेसर्स पीवी रमन ने कचरा डंप करने किसी तरह की निगम से अनुमति भी नही ली है। नागरिकों ने भी की शिकायत-मौके पर पहुंचे आयुक्त से नागरिकों ने शिकायत भी की। नागरिकों का कहना था कि ठेकेदार ने खाली जगह को ट्रेंचिंग ग्राउंड की शक्ल दे रहा है। आयुक्त ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया। ऐसे खुला मामला-दरअसल उक्त स्थान पर कुछ वर्ष पूर्व अवैध उत्खनन हुआ है। इस वजह से गहरे गड्ढे है। इसी का फायदा ठेकेदार उठा रहा था। वह गड्ढे में कचरा डाल रहा था। कचरे में आग लगने से पूरा क्षेत्र धुंए से भर गया था। आयुक्त ने कचरे में लगी आग को बुझाने के लिए ठेकेदार को पानी की व्यवस्था करने भी निर्देश दिए।

# संक्रामक बीमारी डायरिया के फैलने के कारणों की जांच के लिए 9 सदस्यीय जांच समिति गठन आदेश जारी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद् में पारित संकल्प के परिपालन में आयुक्त रोहित व्यास ने जोन क्रमांक-02 एवं 03 के कुछ बस्तियों में संक्रामक बीमारी डायरिया के फैलने के कारणों की जांच हेतु 09 सदस्यीय जांच समिति गठन आदेश जारी किये है। गठित समिति में जलकार्य प्रभारी केशव चौबे, खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य संदीप निरंकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी, अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन, कार्यपालन अभियंता जलकार्य संजय शर्मा, उपायुक्त रमाकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा को शामिल किये गये हैं। आयुक्त व्यास द्वारा 25 नवम्बर को जारी आदेश क्र. 23 के अनुसार समिति के सदस्यों को 06 बिन्दुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी। जिसमें डायरिया फैलने के कारण, पानी टंकी (ओव्हर हेड टेंक) की सफाई, अमृत मिशन योजनान्तर्गत पुरानी पाईप लाईन नहीं बदले जाने तथा नालियों की सफाई एवं नालियों पर किये गये अवैध कब्जों के संबंध में एवं डायरिया की रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय तथा सुझाव देना होगा। इधर नगर निगम की टीम उल्टी दस्त से प्रभावित घनी तथा सघन बस्तियों के बीच निवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदाय हेतु लोहे का स्टैण्ड बनाकर उँचे में सिन्टेकटंकी स्थापित किये हैं। आयुक्त रोहित व्यास एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी प्रभावित बस्तियों का भ्रमण कर क्षतिग्रस्त पेयजल पाईप लाईन का संधारण कार्य नालियों की सफाई, तथा घर-घर चल रहे दवाई एवं क्लोरिन टेबलेट वितरण व सर्वे कार्य का अवलोकन किये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने नागरिकों से अपील किये हैं कि पानी को उबालकर पिए तथा ताजा व गर्म भोजन ग्रहण करें, उल्टी दस्त की शिकायत होने पर नजदीक के अस्पताल अथवा प्रभावित बस्तियों के समीप लगाये गये शासन की चलित मेडिकल यूनिट वाहन पर जांच अवश्य करावें।

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गैरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड [CIN:U67100GJ2015PTC083994]** (**सुरक्षित लेनदार द्वारा** ) द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **16.12.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **''जहां है''**, **''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**,की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HLAPRPR00317699** के लिए रू.**1,34,45,231/- (रुपए एक करोड़ चौंतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ इकतीस मात्र) के लिए 21.11.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.11.2022** से प्रभावी जो **रफीक उमरानी और परवीन उमरानी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

अंतर्निहित सुरक्षा के साथ उक्त ऋण खाता साथ ही, अन्य बातों के साथ जिसकें सुरक्षित संपत्ति (या) शामिल है को इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (आईएचएफएल) द्वारा असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांक **30.06.2020** को **सीएफएमएआरसी ट्रस्ट-I आईएचएफएल के ट्रस्टी** के रूप में सुरक्षित लेनदार को अपनी क्षमता के अनुसार सौंपा गया है ।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य रू. **1,45,20,000/ - (रुपए एक करोड़ पैंतालीस लाख बीस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) रू.**14,52,000/ - (रुपए चौदह लाख बावन हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नं. 27 पर निर्मित म्युनिसिपल मकान नं. - 15/616 की जगह, प्लॉट का कुल एरिया 4000 स्के. फीट, मकान का निर्मित एरिया मापित 1320 स्के.फीट और पहली मंजिल मापित 1348 स्के.फीट, खसरा नं. 696/6 की संपत्ति का भाग, फेज़ नं. 106(बी), छत्तीसगढ़ सहकारी समिति अधिनियम के तहत, 1960 समता कॉलोनी, स्वामी आत्मानंद आर्ड नं. 15, गाँव रायपुर खास रायपुर -492001, छत्तीसगढ़ और निम्ननुसार परिबद्ध है:**

**पूर्व : हनुमान प्रसाद का मकान** — **पश्चिम: अब्दुल गफ्फार उमरानी का घर**
**उत्तर : रोड** — **दक्षिण: बिहारीलाल जैन का मकान**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.cfmarc.in; पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
ट्रस्टी सीएफएमएआरसी ट्रस्ट-I आईएचएफएल

दिनांक: 22.11.2022
स्थान : रायपुर

## छठवें दिवस शिवरीनारायण मठ में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा

# स्थाई सुख परमात्मा के पास है संसार का सुख तो क्षणिक है: प्रपन्नाचार्य

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



एक बार जीव पर ठाकुर का रंग चढ़ जाए! राम या श्याम रंग चढ़ जाए तो उस पर संसार का कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता! जीव ठाकुर का ही होकर रह जाता है। यह बातें श्रीधाम अयोध्यापुरी उत्तर प्रदेश से पधारे हुए जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने शिवरीनारायण मठ महोत्सव के अंतर्गत छठवें दिवस की कथा का श्रवण कराते हुए श्रोताओं के समक्ष व्यासपीठ की आसंदी से अभिव्यक्त की। उन्होंने कहा कि- संसार के सुख क्षणिक हैं, वास्तविक और स्थाई सुख तो परमात्मा के पास है! जब तक काम और धाम को पकड़े रहोगे तब तक ठाकुर जी आपको कैसे मिलेंगे? आपके पास कार्यों को करने के लिए समय है लेकिन भगवान की सेवा के लिए नहीं! गोपियां भगवान से सात्विक और सच्चा प्रेम करती थी इसलिए ठाकुर जी उन्हें साक्षात मिले! ज्ञान से प्यास नहीं बुझती और ईश्वर के ज्ञान से स्वाद नहीं मिलता यदि आपको प्यास लगे और आप किसी से पानी मांगे, संयोग से वह व्यक्ति ज्ञानी हो और आपको पानी के विभिन्न स्वरूपों के समानार्थी शब्दों का बोध कराने लगे तो क्या आपकी प्यास बुझ जाएगी? रासलीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि- रसानां समूहो इति रासः। रासलीला कामलीला नहीं है अपितु यह काम विजय की लीला है। शुद्ध परमात्मा और जीवात्मा के मिलन को ही रास कहते हैं। दुष्ट व्यक्ति जब विनम्र हो जाए तब घबराहट होने लगती है गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है -नवन नीच की अति दुखदाई! उन्होंने कहा कि लोग अक्सर यह यक्ष प्रश्न किया करते हैं कि- भागवत का शुभारंभ राम जी की वंदना से क्यों हुई? या तो इसकी शुरुआत गणेश जी की वंदना से होनी थी कारण कि वे प्रथम पूज्य हैं या कि फिर भागवत के प्रमुख पात्र भगवान कृष्ण चंद्र जी की वंदना से। ध्यान रहे भागवत समुद्र के समान हैं भगवान के जितने भी अवतार हुए हैं उसमें उन्होंने रामअवतार में ही समुद्र पर पुल बनाया था जिस पर चींटि जैसे छोटे से छोटा प्राणी भी पार हो सकता है। भागवत रूपी समुद्र को भी राम नाम के सहारे पार किया जा सकता है, इसीलिए रामचंद्र जी की वंदना पहले की गई।

**लोगों का उमड़ा सैलाब**-विद्वान आचार्य की कथा का रसपान करने के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण के छठवें दिवस शिवरीनारायण मठ में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जितने लोग मठ के अंदर थे लगभग उतने ही लोग बाहर में भी विचरण करते हुए दिखे कथा स्थल पर बैठने की जगह कम पड़ गई, लोग खड़े -खड़े कथा का रसपान करते नजर आए।

**लोगों ने पाया भगवान जगन्नाथ जी का प्रसाद**-छत्तीसगढ़ में यह कहावत प्रसिद्ध है कि -जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ! लोगों ने भगवान जगन्नाथ जी का भोग लगा हुआ भोजन प्रसाद अपने परिवार के साथ प्राप्त कर अपना जीवन धन्य किया। जिसे जहां पर जिस तरह से भी जगह मिला लोग वहीं पर बैठ गए और प्रसाद प्राप्त करते गए, नगर वासियों ने पुण्य कार्य में अपना हाथ बटाया भोजन प्रसाद, दोना, पत्तल लोगों तक शीघ्रता से पहुंचाते रहे।

**श्री सीताराम विवाह महोत्सव 28 को**-पूरे शिवरीनारायण नगर एवं क्षेत्रवासी सीताराम विवाह की प्रतीक्षारत हैं, लोग भगवान की बाराती बनने के लिए लालायित हैं। जगत के प्राणाधार भगवान जगदीश्वर की बाराती बनने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में सीताराम विवाह महोत्सव सबसे बड़े त्यौहार के रूप में मनाया जाता है लोग अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों के सहित भगवान के बाराती बनने के लिए पूरे साल भर प्रतीक्षा करते हैं। विगत दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो पाया था इसलिए उनमें बहुत ही हर्ष व्याप्त है। भगवान की बारात शिवनारायण मठ से शाम 4:00 निकाली जाएगी।

## संपादकीय

# गुजरात चुनाव भाजपा की रणनीति

**गुजरात** विधानसभा चुनाव में भाजपा एक रणनीति के अंतर्गत 'आप' व उसके नेता केजरीवाल को इस तरह अनदेखा कर रही है, जैसे उनका कोई अस्तित्व ही न हो। वह केवल कांग्रेस पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। ऐसे में गुजरात विधानसभा चुनाव काफी कौतूहल का विषय बनता जा रहा है। भाजपा को 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी गुजरात में विजय मिली थी, हालांकि उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। उस समय केवल कांग्रेस ही भाजपा को चुनौती दे रही थी और दोनों में सीधी टक्कर थी। इस बार आम आदमी पार्टी-आप के प्रवेश से चुनावी परिदृश्य बदल गया है। मजेदार बात है कि भाजपा इस तीसरी चुनावी शक्ति की उपस्थिति को जानबूझ कर या अनजाने ही अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आप का शहरों में असर बढ़ा है। भले ही आप उतनी सीटें न जीत सके जिसका दावा उसके नेता कर रहे हैं, पर वह खासकर उन क्षेत्रों में असर डाल सकती है जहां जीत-हार थोड़े वोटों से तय होती हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यह कह कर कांग्रेस पर निशाना लगाया है कि उसे कमजोर विरोधी नहीं समझा जाना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने संकेत दिया है कि राज्य में चुनावी लड़ाई मुख्यतः कांग्रेस व भाजपा के बीच है। शायद आम आदमी पार्टी-आप पर हमला उनकी चुनावी रणनीति में शामिल नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन कार्यकाल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वे राज्य तथा उसकी जनता को दूसरे किसी नेता की तुलना में बहुत अच्छी तरह जानते हैं। वे लगातार विकास संबंधी मुद्दों पर जोर दे रहे हैं और जानबूझ कर आम आदमी पार्टी के उभार को कम करके आंक रहे हैं। शायद प्रधानमंत्री समझते हैं कि राज्य में भाजपा के बहुत लंबे समय तक शासन में रहने के कारण इस बार गुजरात चुनाव पहले की तरह सहज न हों। ऐसा लगता है कि राज्य के मौजूदा प्रशासन के पास विकास के मुद्दों पर ज्यादा कुछ दिखाने के लिए नहीं है और मोरबी दुर्घटना भी हो चुकी है। प्रधानमंत्री ऐसे में बहुत होशियारी से जनता का ध्यान कांग्रेस के कुशासन की ओर दिला कर स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करना चाहते हैं। उनके पास वे हथियार हैं जिनको स्वयं कांग्रेस ने उनको सौंपा है। उन्होंने एक रैली में कांग्रेस नेता मधूसूदन मिस्त्री के हालिया बयान के खिलाफ हमला बोला जिसमें उन्होंने मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला बोलते हुए उनकी 'औकात' बताने की धमकी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि कांग्रेसियों ने पहले भी उन पर कैसे-कैसे हमले बोले हैं। सोनिया गांधी ने उनको 'मौत का सौदागर' तथा मणिशंकर अय्यर ने 'नीच आदमी' और 'चाय वाला' कहा था। लेकिन ये सारी बातें पुरानी हो गई हैं और भारतीय जनता पार्टी इनका सफलतापूर्वक चुनावी प्रयोग भी कर चुकी है। ऐसे में देखना होगा कि इस बार ये पहले की तरह कारगर सिद्ध होती हैं या नहीं।

लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि भाजपा आप को अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उसका असर शहरों पर पड़ रहा है जिनको भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। हो सकता है कि यह भाजपा की सुनियोजित रणनीति हो। भाजपा मुख्यतः दक्षिण गुजरात पर ध्यान केन्द्रित कर रही है जहां विधानसभा की 35 सीटें हैं। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय में दक्षिण गुजरात की महत्वपूर्ण भूमिका थी, हालांकि यहां भी आप अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यह भी मजेदार बात है कि कांग्रेस प्रदेश में चुनाव प्रचार के मामले में आश्चर्यजनक रूप से खामोश रही है तथा उसने बहुत बाद में चुनाव प्रचार शुरू किया है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा उसे मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश कर रही है। ऐसे में देखना होगा कि भविष्य में आम आदमी पार्टी-आप को अनदेखा करने तथा कांग्रेस को मुख्य प्रतिद्वंद्वी बताने की भाजपा की रणनीति कहां तक सफल होगी।

# छोटे व मझोले उद्योगों की संभावनायें

## छोटे व मझोले उद्योगों-एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा नियमों व विनियमनों की आवश्यकता नहीं है। इनको भारत का सहयोग व समर्थन चाहिए।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, पूर्व आईएएस हैं।)



अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा किए अनेक अध्ययनों से किसी देश व खासकर विकासशील देशों के आर्थिक व सामाजिक विकास में एमएसएमई क्षेत्र का महत्व पूर्णतः स्पष्ट होता है। भारत में एसएमई की भूमिका इस तथ्य से पुष्ट होती है कि इसका जीडीपी में योगदान लगभग 30 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है। एमएसएमई क्षेत्र भारत में रोजगार प्रदान करने का मुख्य स्रोत है। इसमें लगभग 12 करोड़ लोग काम करते हैं और इस प्रकार यह समतापूर्ण व समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सरकार द्वारा देश में स्टार्टअप संस्कृति के विकास के प्रोत्साहन में भी एमएसएमई की वृद्धि व विकास महत्वपूर्ण है। इससे नौजवानों व उभरते उद्यमियों में खोज व रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।

एमएसएमई द्वारा सामाजिक-आर्थिक विकास में निभाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद यह क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता तथा उभरते भारतीय उद्यमियों का उपयोग नहीं कर पा रहा है। इस क्षेत्र के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर अकादमीशियनों व सरकार ने कई बार विचार किया है। इनमें उपयुक्त कर्ज उपलब्धता की कमी, नियामक मुद्दे, कौशल विकास, तकनीक उच्चीकरण तथा उत्पादों की मार्केटिंग शामिल हैं। इसके साथ ही कच्चे माल की खरीद की समस्या भी है। बड़ी फर्मों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए समय पर भुगतान व बकाये की समस्या भी इस क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती है। एक और गंभीर चुनौती एमएसएमई के बारे में विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध न होना है। हालांकि, देश में 70 मिलियन से अधिक एमएसएमई की उपस्थिति की बात कही जाती है, पर सरकारी पोर्टल पर इनमें से केवल 11 मिलियन का ही पंजीकरण है।

सरकार ने पंजीकरण को स्वैच्छिक रखा है। प्रक्रिया के सरलीकरण व आनलाइन व्यवस्था के बावजूद एमएसएमई का पंजीकरण 15 प्रतिशत से कम है। वर्तमान दृष्टिकोण की समीक्षा कर हर एमएसएमई का पंजीकरण अनिवार्य किया जा सकता है। इसके आधार पर कोई सहायता या नीतिगत पहल की जा सकती है और क्षेत्र की चुनौतियों से ज्यादा प्रभावी रूप से निपटा जा सकता है। सौभाग्य से श्रम मंत्रालय के माध्यम से श्रम पंजीकरण व कृषि मंत्रालय के माध्यम से किसानों का पंजीकरण काफी सफल रहा है। पीएम किसान सममान निधि योजना की घोषणा के बाद 90 मिलियन से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है। ये सभी ई-केवाईसी द्वारा अधिकृत हैं तथा भूमि के विवरण भूमि पंजीकरण डेटाबेस से पुष्ट हैं। सरकार द्वारा किसानों की कुछ सरोकारों को संबोधित करने में किसानों का डेटा बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ है। यहां तक कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 50 मिलियन से अधिक किसानों का डेटाबेस है। इसी प्रकार सबको लाभान्वित करने वाली उपयुक्त योजना के लिए एमएसएमई क्षेत्र का विश्वसनीय डेटाबेस जरूरी है जिसके आधार पर सरकार उनकी सहायता व समर्थन कर सकती है। दूसरा उदाहरण श्रम पंजीकरण का है। श्रम मंत्रालय ने पांच लाख कामन सर्विस सेंटरों-सीएससी के नेटवर्क का लाभ उठाया है जिसने श्रमिकों के पंजीकरण की पैरवी तथा उनकी लामबंदी की है। इसके परिणामस्वरूप 283 मिलियन श्रमिकों में से अब तक 170 मिलियन से अधिक का पंजीकरण हो चुका है। यह पंजीकरण एक मिशन की तरह कराया गया और सरकार की हर एजेंसी ने इसके लिए इच्छित समर्थन दिया।

मंत्रालय ने हर सीएससी को प्रत्येक पंजीकरण के लिए 20 रुपये का प्रोत्साहन दिया जिसने पंजीकरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसी प्रकार एमएसएमई मंत्रालय को युद्धस्तर पर मिशन मोड में पंजीकरण का अभियान चलाना चाहिए। इसके लिए उयुक्त प्रोत्साहन के साथ सीएससी व डाक विभाग का प्रयोग किया जा सकता है। आमतौर से एमएसएमई में सरकारी विनियमन के प्रति संदेह का भाव है। पंजीकरण के लाभ बताने के लिए एमएसएमई इकाइयों को स्थानीय स्तर पर समर्थन दिया जाना चाहिए। एमएसएमई के मामले में कुछ और प्रोत्साहनों की आवश्यकता हो सकती है ताकि वे सरकारी विनियमन दृष्टिकोण के प्रति व्याप्त भय दूर कर सकें। पीएम फसल बीमा योजना की तरह एक समग्र बीमा योजना एक पहल हो सकती है। इसके साथ ही, प्रत्येक एमएसएमई को किसान क्रेडिट कार्ड की तरह एमएसएमई कार्ड दिया जा सकता है। इसे तीन साल की कैश क्रेडिट लिमिट से जोड़ा जा सकता है जिससे तरलता के मुद्दों को संबोधित करने में भी सहायता मिलेगी। प्रत्येक एमएसएमई के लिए एक फ्री डोमेन नाम की पहचान तथा एक वेबसाइट ऐसी अन्य पहलें हो सकती हैं। एमएसएमई के लिए डिजाइन की गई पेंशन योजना की समीक्षा कर पेंशन को वर्तमान 3,000 रुपये से बढ़ा कर 10,000 रुपये करने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान योजना में व्यापारियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। ऐसे समग्र पैकेज व मिशन मोड दृष्टिकोण से देश में सभी एमएसएमई का उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों द्वारा डिजाइन व क्रियान्वित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है। इससे एक निश्चित समय में काफी पारदर्शिता आएगी। खाते के लिए एपीआई, पैन व ई-केवाईसी से देश में एमएसएमई के लिए विश्वसनीय डेटाबेस का विकास हो सकता है। यह टिकाऊ वृद्धि तथा राष्ट्रनिर्माण में सभी क्षेत्रों की पूरी क्षमता के प्रयोग का माध्यम बन सकता है। एमएसएमई की समस्यायें किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसी हैं।


देश की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान महत्वपूर्ण है। एमएसएमई देश की जनसंख्या के बड़े हिस्से को रोजगार दे कर बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करते हैं। राष्ट्रनिर्माण में एमएसएमई का महत्व कृषि की तुलना में किसी प्रकार कम नहीं है। ऐसे में सवाल है कि किसानों की तरह सरकार एमएसएमई को समग्र रूप से मदद क्यों नहीं देती है? इसका एक कारण यह है कि एमएसएमई की सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता गतिविधियों की विविधता एवं उनके विस्तार के कारण किसानों जैसी नहीं है। व्यापारियों के संगठन सीएआईटी को इस क्षेत्र को सरकारी सहायता लेने में सक्षम बनाने में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए।

देश में एमएसएमई की भूमिका को समझने तथा नीतिगत हस्तक्षेप की समीक्षा की जरूरत है। बड़ी कंपनियों या सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसएमई के बकाये का भुगतान न करना या समय पर भुगतान न करना एक बड़ी समस्या है। भारतीय संदर्भ में 'स्माल स्केल एंड एंसीलियरी इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग्स एक्ट, 1998 के अंतर्गत लंबित भुगतान पर ब्याज' के प्राविधानों ने ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे ही प्राविधान मेस्मेड एक्ट, 2006 में भी थे। यहां तक कि कंपनियों के वार्षिक एकाउंट में एमएसएमई के बकाए के उल्लेख के प्राविधान ने भी एमएसएमई की तरलता समस्यों के समाधान में ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे में इस कानून पर ध्यान देने तथा क्षेत्र को ऐसे विनियमनों से मुक्त करने की आवश्यकता है जो उसकी वृद्धि में बाधा बने हैं। इससे उन मध्यस्थों की भूमिका भी नहीं विकसित हो पा रही है जो बड़ी सीमा तक एमएसएमई क्षेत्र की तरलता के मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं। कर्ज निर्धारण में स्टांप ड्यूटी प्राविधान पर पुनर्विचार की जरूरत है। चीजों को लचीला बनाने तथा एक प्रभावी उपकरण के रूप में विकसित करने से एमएसएमई की तरलता संबंधी समस्याओं का काफी सीमा तक समाधान हो सकता है। यहां तक कि एमएसएमई क्षेत्र को प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत कर्ज देने तथा उसकी सीमा निर्धारित करने का इस क्षेत्र की कर्ज समस्याओं के समाधान में बहुत सीमित प्रभाव पड़ता है।

एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा कानूनों व विनियमनों के बजाय भारत की सहायता व समर्थन की जरूरत है। टिकाऊ उद्यम बनाने की भारतीयों की अंतर्निहित क्षमता को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। नियमनों को इस क्षेत्र में खोज, लचीलेपन व श्रमता में बाधा नहीं बनने चाहिए। इस क्षेत्र में व्यापक संसाधन व संभावनायें हैं जिनमें छोटे व मझोले कस्बों तथा ग्रामीण भारत में काम करने वाले नौजवान शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया जैसी महत्वपूर्ण पहल के साथ ही अब एमएसएमई क्षेत्र के प्रति केन्द्रीय व राज्यों के स्तर पर दृष्टिकोण को पुनः परिभाषित करने की जरूरत है।

# राजभाषा छत्तीसगढ़ी की जड़ मजबूत हो कैसे?

विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्व अति महाप्रबंधक (जन)



भारत और भारत के लगभग सभी प्रान्तों में राजभाषा हिन्दी और अंग्रेजी की अमिट छाप दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। सदियों से इन दोनों भाषाओं ने विशाल बरगद की भांति अपनी शाखाओं को, जड़ों को जनमन के भीतर तक फैला रखा है। ऐसी स्थिति में वर्तमान में छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को तीसरे क्रम पर ही हम पाते है।

**कार्यालयीन भाषा बनने में बाधक - समाधान :** यह सर्वमान्य है कि किसी भी राज्य की कार्यालयीन भाषा वहां के निवासियों की समझ के अनुरूप होना चाहिए। इसीलिए हमारे देश के विभिन्न राज्यों में संचालित कार्यालयों में वहीं की भाषा का उपयोग अधिकांशतः किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य को बने अभी 22 वर्ष हुए है। बाईस वर्ष के पूर्व इतिहास को देखें तो स्पष्ट होगा कि राज्य को बनने के पूर्व छत्तीसगढ़ी बोली-भाषा को कार्यालयीन भाषा बनाने के लिए बहुत ज्यादा कारगर उपाय नहीं किये गये। नया राज्य बनने के बाद इस दिशा मे राज्य शासन द्वारा सार्थक पहल की गई है, पर निम्नलिखित कठिनाईयां इसमें बाधक हैः- छत्तीसगढ़ के अधिकांश उच्चाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी छत्तीसगढ़ी भाषा से पूरी तरह से वाकिफ नहीं हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा में बहुत अधिक विविधता है। अलग-अलग क्षेत्रों में एक ही शब्द को अलग-अलग ढंग से लिखने के कारण भी कठिनाइयां है ।कार्यालयीन कार्य में छत्तीसगढ़ी भाषा को इस्तेमाल करने के लिए समुचित मार्गदर्शक किताबों का अभाव है।अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ी भाषा में कार्यालयीन कार्य के निष्पादन हेतु सतत् कार्यशाला का आयोजन भी नहीं हो रहा हैं। हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में केन्द्र-राज्य शासन द्वारा स्नातकोत्तर की डिग्री लेने पर प्रोत्साहन स्वरूप इंक्रीमेंट दिया जाता था। ऐसी व्यवस्था छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए नहीं बन पाई हैं।

कार्यालयीन कार्य में छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने समाधान के रूप में कारगर कदम उठाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता से अधिकारियों-कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करने की बाध्यता हो।कार्य करने के लिए समुचित मार्गदर्शक किताबें उपलब्ध हो, जो कि छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ हिन्दी एवं अंग्रेजी में कैसे लिखना है को सरलतापूर्वक बता सके। उच्चाधिकारियों सहित छोटे कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ी में कार्य करने हेतु कार्यशाला का निरन्तर आयोजन हो । छत्तीसगढ़ी भाषा में स्नातक, स्नातकोत्तर की डिग्री लेने पर प्रोत्साहनस्वरूप इंक्रीमेंट देने की पहल होनी चाहिए।सभी विभागों में छत्तीसगढ़ी अनुवादक की भर्ती सहित छत्तीसगढ़ी भाषा विकास समिति का गठन होना चाहिए।किसी भी विभाग/कार्यालय द्वारा सर्वाधिक कार्य-निष्पादन छत्तीसगढ़ी में किया जाता है, उसका वार्षिक मूल्यांकन कर राजभाषा दिवस पर पुरस्कृत किया जाना चाहिए कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित नारें, निर्देश, सूचना पटिटका लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए।

**राजभाषा छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में कैसे जोड़ें :** राजभाषा छत्तीसगढ़ी को प्राथमिक स्तर से ही जोड़ने की आवश्यकता है। बालपन में ग्राह्य शक्ति बहुत अधिक होती है। साथ ही इस उम्र में ग्राह्य की गई बातें आजीवन स्मृति पटल पर अविस्मरणीय बनी होती है। अतः प्राथमिक स्तर से लेकर विविध मात्रा में महाविद्यालयीन स्तर पर छत्तीसगढ़ी राजभाषा में लिखी कहानियां, कवितायें, गजल, यात्रा, स्मरण, निबंध, साक्षात्कार, नाटक आदि का समावेश होना चाहिये।

प्राथमिक स्तर पर जिस तरह हिन्दी, अंग्रेजी में आवेदन पत्र, पारिवारिक पत्र, विभिन्न विभागों की समस्याओं के निदान हेतु लिखे जाने वाले पत्र आदि लिखना सिखाया जाता है उसी तरह छत्तीसगढ़ी

**28 नवम्बर राजभाषा दिवस विशेष**

राजभाषा में सिखाने की आवश्यकता है। स्कूल कालेज में वार्षिक समारोह में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों नृत्यों, खेलों को अनिवार्य करना चाहिए।

**राजभाषा छत्तीसगढ़ी से ऐसे जुड़ेगी जनता :** आम जनता तक छत्तीसगढ़ी भाषा को पहुंचाने का सशक्त माध्यम छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकरंग मंच हैं। इसके माध्यम से अनादिकाल से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति, भाषा, कथा, कहानी, जनउला, हाना प्रचारित होता आ रहा है। हर्ष की बात है कि ऐसे लोकमंच अब आधुनिक साधन के आने पर रेडियों, टेलीविजन, फिल्म, सोशल मीडिया के साथ साथ विविध राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव में भी प्रमुखता से स्थान पाने लगे हैं।

बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन में उदघोषणा छत्तीसगढ़ी भाषा में हो रही है, यह आमजनता तक पहुंच का एक सफल उपाय है। ऐसे सार्वजनिक स्थानों में छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्यादा से ज्यादा से उपयोग होना चाहिये।

साहित्य किसी भी भाषा का हो वह भाषा को समृद्ध बनाने और आमजनों को जोड़ने के लिए सबसे बड़ी भूमिका निर्वहन करता है। इसलिए साहित्य को समाज का दर्पण भी कहा जाता हे। छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखना, पढ़ना पहले काफी कठिन प्रतीत होता था, किन्तु अब कहते हुए हर्ष हो रहा है कि छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन में उत्साहजनक गति दिखाई दे रही है। जिससे बड़ी संख्या में कवि गोष्ठी, कहानी पठन, नाटको का मंचन और फिल्मों का निर्माण भी हो रहा है। यद्यपि ऐसे आयोजनों में यदाकदा फूहड़ता का भी प्रदर्शन होता है जिस पर अंकुश लगाने का दायित्व साहित्यकारों-पत्रकारों और प्रबुद्धजनों पर है।

**छत्तीसगढ़ी को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान :** सम्मान, पुरस्कार किसी भी क्षेत्र में विशेष करने वाले को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से दिया जाता है। यह परंपरा मानव समुदाय में अनादिकाल से प्रचलित है। अतः इसका विशेष महत्व आज भी है। छत्तीसगढ़ी राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने वालों को सम्मान पुरस्कार देते समय पारदर्शिता पर गुणवत्ता पर खास ध्यान रखना चाहिये। मेरे विचार से ऐसे पुरस्कारों को देते समय उचित होगा कि इसे तीन वर्गो में अर्थात युवा वर्ग, पुरूष वर्ग और महिला वर्ग में विभिाजित करके देना चाहिये। जिस तरह युवावर्ग में उम्र का बंधन है उसी तरह पुरूष महिला वर्ग में अधिक आयु के साहित्यकारों को प्राथमिकता देना चाहिये।

**युवा पीढ़ी ही करेंगे राजभाषा को समृद्ध :** किसी भी समाज, परिवार, देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा शक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। अतः छत्तीसगढ़ी राजभाषा को भी आगे बढ़ाने की दृष्टि से युवा पीढ़ी की जागरूकता अत्यधिक प्रभावी होगी।छत्तीसगढ़ के युवा बोलचाल में, लेखन में कार्यालयीन कार्य में और समाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों में यदि विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करते हैं तो निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के साथ साथ अन्य प्रांतो से आये युवा वर्ग के लिए यह अनुकरणीय होगा, जिससे छत्तीसगढ़ी राजभाषा की लोकप्रियता और प्रचलन में वृद्धि होगी।

**छत्तीसगढ़ी राजभाषा का भविष्य उज्ज्वल है :** छत्तीसगढ़ राज्य जब 2000 में बना तो अनेक सवाल जनमानस में उठ खड़े हुए थे। राजभाषा छत्तीसगढ़ी का भविष्य भी उनमें एक था। आज 22 बरस को पूरा करते नवोदित राज अब एक सुदृढ़, समृद्ध राज्य के रूप में पहचान बनाने अग्रसर है। छत्तीसगढ़ की राजभाषा संबंधी सवाल विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जा रहे हैं, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी में स्नातक, स्नातकोत्तर की उपाधियां दी जा रही है। कला, साहित्य, खान-पान, तीज-त्यौहार,परंपराओं ने व्यवसायिक रूप लेना आरंभ कर दिया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए हम कह सकते हैं कि राजभाषा छत्तीसगढ़ी का भविष्य उज्ज्वल है।

*खेत-खलिहान, गांव-गांव ले लुगरा धोती ललकारत हे, छत्तीसगढ़ी माटी म सुआ-कर्मा, ठेठरी-खुरमी महमहावत हे।*

## फरमाया



**स्वामी** विवेकानंद भारतीय नौजवानों की प्रतिभा व क्षमताओं का स्वर्णिम प्रतिनिधित्व करते थे।

**- जगदीप धनखड़**
उप-राष्ट्रपति



**हमें** हमेशा इस बात पर जोर देना चाहिए कि दक्षिण चीन सागर में हम आपके साथ नियमों व मानकों की रक्षा में खड़े हैं।

**- कमला हैरिस**
अमेरिकी उप-राष्ट्रपति



**गुजरात** की जनता अरविंद केजरीवाल से बहुत उम्मीद करती है। इससे आम आदमी पार्टी की राज्य में विजय होगी।

**- गोपाल इटैलिया**
आप गुजरात नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## भाजपा की परीक्षा

**भारत** में कोई साल ऐसा नहीं गुजरा होगाए जब चुनाव के त्यौहार न मनाए जाते हों।फिर चाहे वो महामारी के दौरान ही क्यों न हो। राजनीतिए विकास और चुनाव सब एक दूसरे के पूरक हैं। हिमाचल चुनाव के बाद दिल्ली एमसीडी और फिर प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात भी इसी त्यौहार में हिस्सेदारी निभा रहा। मोरबी हादसे के बाद गुजरात में युवाओं की जटिल समस्या रोजगार आग में घी का काम कर रहा। जहां एक ओर भारत जोड़ों यात्रा को रोककर, कॉग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात के दौरे पर हैंए वहीं आम आदमी पार्टी भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अब देखना होगा क्या गुजरात की जनता अपने बेटे और देश की कमान सम्भाल रहे प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर पूर्ण बहुत की सरकार बनाने का आशीर्वाद देगी? हालांकि, कोरोना के बाद व्यापार से लेकर रोजगार, सभी बुरी तरह हताहत हुए थे, लेकिन भाजपा का दावा है कि उसने इस असाधारण व अभूतपूर्व समस्या से निपटने में सफलता पाई है। उत्तर प्रदेश ने भाजपा पर इसके बाद विश्वास प्रकट किया था। देखना होगा कि क्या गुजरात भी भाजपा पर वैसा ही विश्वास प्रकट करेगा, सर्वेक्षण तो यही कह रहे हैं।

**-अमन जायसवाल,** दिल्ली

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

**चुनाव आयुक्त** की नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी करके अपना फैसला सुरक्षित रखा है! चुनाव आयोग देश के प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आधार स्तंभ है। और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति इसका महत्वपूर्ण पक्ष है। ऐसे में चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां विश्वसनीय व पारदर्शी होना चाहिए । इसके लिए सरकार और सुप्रीम कोर्ट को मिलकर गाइड लाइन तय करना चाहिए जिसमें अपने कार्यकाल में श्रेष्ठ व निष्पक्ष प्रदर्शन करने वाले अधिकारी का चयन होना चाहिए। यह वैसे इतना आसान भी नहीं है क्योंकि सीबीआई जैसी संस्था तक पर राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगते रहे हैं और चुनाव आयोग पर तो हर.हारने ने वाला दल अपनी हार का ठीकरा फोड़ता है। सरकार को सुप्रीम कोर्ट के साथ मिलकर एक पैनल बनाना चाहिए जो ऐसे प्रभावशाली अधिकारियों की सूची बना कर देवें और उसमें से चयन किया जाए तो वह अधिक उर्जा पूर्ण ढंग से देशभर के चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वहन करने में सक्षम होंगे। भारत की जनता को आज भी मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन की याद आती है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## पूर्व सैनिकों का योगदान

**हमारे** देश में हमेशा ही लगभग हर साल 50 से 60 हजार सैनिक रिटायर होते हैं इन सभी रिटायर कर्मचारी सैनिकों की प्राइवेट एवं निजी क्षेत्रों में तो नियुक्तियां संभव है परंतु शासकीय विभागों में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम पर नहीं लिया जाता है एवं इनके पद सरेंडर होते रहते हैं इस बात की सूचनाएं भी नहीं दी जाती है कि किस विभाग में किस-किस ने पूर्व सैनिकों की नियुक्तियां हो सकती है तथा कितने पद खाली हैं। अगर पूर्व सैनिकों को शासकीय सेवाओं में फिर से लिया जाए तो यह उनकी कार्य क्षमता के लिए एक उचित बात होगी। पूर्व सैनिक नगर वार्ड और नगर निकायों में सैनिक संबंधी आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं। पूर्व सैनिकों को विभिन्न सेवाओं में समुचित काम देने से ही स्पष्ट होगा कि अग्निवीरों के रूप में सेना में भर्ती होने वालों का भविष्य कैसा होगा। सरकार इन नौजवानों के समक्ष पूर्व सैनिकों के कामकाज को एक उदाहरण की तरह पेश कर और अधिक नौजवानों को सैनिक सेवाओं की ओर आकर्षित कर सकती है।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

# शिवसेना का बैठक मैं नगर के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिवसेना जिला बेमेतरा के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में स्थानीय विश्राम गृह में एक बैठक आहूत किया गया था जिनमें नगर के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें प्रथम पेयजल जो नगर के 10 से 12 वार्डों में फिल्टर पानी का सप्लाई नहीं हो रहा है जबकि बेमेतरा जिला में आज लगभग 10 वर्षों से फिल्टर प्लांट लगा हुआ है लेकिन नगर वाशी शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं बेमेतरा के विधायक नगर पालिका अध्यक्ष था उस समय बेमेतरा नगर व जिला में खारा पानी मुक्ति दिलाने मीठा पानी का बात कहा गया था लेकिन उनके द्वारा आज तक पूरे वार्डों में मीठा पानी सप्लाई नहीं हुआ इसी प्रकार विधायक के द्वारा नगर में सभी धर्म के संत गुरु एवं माताएं का प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है वहीं पर सूत्रों से जानकारी मिली है की बेमेतरा नगर के हृदय स्थल चौक में गुरु नानक जी का प्रतिमा स्थापित करने का घोषणा किया गया है जिसका मैं एक संत गुरु नानक जी का सम्मान करता हूं एवं बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा से अपील करता हूं की पुराना बस स्टैंड चौक में महापुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का प्रतिमा स्थापित हो इसी प्रकार नवागढ़ चौक से लेकर कोबिया तक बीच-बीच में जहां पर चौक खाली है उसी स्थान पर महापुरुषों जैसे चंद्रशेखर आजाद, महारानी लक्ष्मी बाई, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, विश्व सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप ऐसे वीर महापुरुषों का प्रतिमा बेमेतरा शहर नगर के सभी चौक चौराहों पर प्रतिमा स्थापित किया जाना चाहिए जिससे वर्तमान एवं आने वाले पीढ़ी कोई सभी महापुरुषों एवं वीर पुरुषों के बारे में जानकारी हो आगे चौहान ने कहा कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ राज्य के नाम से जाना जाता है जहां पर जय जवान जय किसान छत्तीसगढ़ महतारी की जय की नारा लगाए जाते हैं वहीं पर स्थानीय विधायक ने छत्तीसगढ़ महतारी का प्रतिमा शहर के किसी चौक चौराहों में स्थापित करने के बजाए श्मशान घाट एवं सुलभ शौचालय से लगा हुआ छत्तीसगढ़ महतारी का प्रतिमा स्थापित किया गया है जो अशोभनीय है।

इसी के साथ आगे चौहान ने कहा कि बेमेतरा नगर मैं अतिक्रमण कई स्थानों पर है जहां पर पालिका प्रशासन मुहिम चलाकर शहर में अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध मे एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई उक्त बैठक शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेश अनुसार की गई आगे चौहान ने कहा कि बेमेतरा तहसील कार्यालय में आम जनता का समस्या का समाधान समय पर नहीं किया जाता जिसके चलते जिला वासी हमेशा निराश होकर चले जाते हैं यहां तहसीलदार आए दिन मीटिंग बैठक में और कभी न्यायालय में बैठ गया तो आम जनता को अगली पेशी की तारीख दे दिया जाता है जिसके चलते आम जनता परेशान है जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी जिला बेमेतरा के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान जिला के सभी पदाधिकारी गण वह सक्रिय कार्यकताओं के साथ जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा उक्त इस बैठक में जिला महासचिव मनीष वर्मा, डब्बू मिश्रा, नगर प्रमुख राजकुमार बाबा नायक, नगर सचिव ललित साहू वार्ड प्रभारी पिंटू साहू, साजा ब्लाक प्रमुख नागेंद्र वर्मा, ग्राम प्रभारी ओंकार साहू, दाऊ साहू, मनहरण यादव, रंजीत तंबोली, धर्म निषाद, सुनील वर्मा, गोलू यादव, किशन वर्मा, मनहरण यादव, मुकेश वर्मा, एवं समस्त नगर व जिला के शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# जिले के विभिन्न विकास खंडों में मितानिन का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला बेमेतरा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 23 नवंबर 2022 को मितानिन दीदी के सम्मान में मितानिन सम्मान दिवस का आयोजन जिले विकासखण्ड नवागढ़, बेरला, साजा अंतर्गत नगर पंचायत परपोड़ी, खंडसरा के विभिन्न हेल्थ वेलनेस सेन्टर मरतरा, करचुवा, खाम्ही एवं ग्राम झालम, बावमोहतरा, चोरभट्ठा , पेन्द्रितराई, मोढ़े, हेमाबंद, प्रतापपुर में मितानिन दीदी को श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित कर मनाया गया।

जिले में हर साल 23 नवंबर का दिन मितानिन सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिले में मितानिन द्वारा सामुदाय स्तर को स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ने एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में अग्रणी भुमिका निभाने वाली जिले की सभी 1947 मितानिनों को सराहनीय योगदान है। जिले सहित पूरे प्रदेश में मितानिन कार्यक्रम 21 साल पूरे कर रहा है। जिले की मितानिन दीदी मितानिन कार्यक्रम से सीख लेकर जिले के सामुदाय स्तर में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य प्रारंभ किया गया था। फिर उनके द्वारा मलेरिया, दस्त, टी.बी. और कुष्ठ जैसे रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और आज वे मानसिक स्वास्थ्य, बी.पी. शुगर आदि के लिए भी समुदाय को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य सुविधा से जोड रही है। स्वास्थ्य के साथ ही अन्य सामाजिक कुरीतिओं को भी दूर करने हेतू समुदाय में इनकी भूमिका सराहनीय है।

# एस एम सी उन्मुखीकरण हेतु शिक्षको व समिति के सदस्यों को किया गया प्रशिक्षित

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





विकासखंड के समूचे शैक्षिक संकुल केंद्रों के साथ साथ संकुल स्त्रोत केंद्र पटेली में एसएमसी के उन्मुखीकरण हेतु समस्त प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों के 2-2 शिक्षको को संकुल समन्वयक बसंतमनी साहू व शिक्षक बसंत कुमार तारम ने प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर ने प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य एसएमसी को क्रियाशील करना, बैठकों में शत प्रतिशत उपस्थिति, विद्यालय के साथ साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास में अपनी मूल पालकत्व भूमिका निभाना, बताया। कार्यशाला में दुलार कार्ड के माध्यम से पालकों में सजगता को प्रदर्शित किया गया साथ ही मोबाइल टीवी से बच्चों को दूरी बनाना, बच्चों के स्तर को परखना इत्यादि को गतिविधियों के माध्यम से बताया गया। प्रशिक्षण में संकुल प्रभारी जे एल भुआर्य , विकासखंड स्तर से बी आर सी सच्चिदानंद शर्मा, बीईओ जे एस भारद्वाज का मार्गदर्शन सतत् मिलता रहा और विद्यालय स्तर की एस एम सी प्रशिक्षण 29, 30 नवम्बर को सम्पन्न होने की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में बी एल निषाद, गोपिका राजपूत,यश्वनी सेन, त्रिवेणी चौरका,झुमुकलाल मसियारे, सुनीता शर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, थानेश्वरी ठाकुर, हिरदे अरकरा सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# ऊर्जा संरक्षण पर हुआ चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अक्षय ऊर्जा विकास निगम (क्रेडा)से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उक्त प्रतियोगिता में संस्था की कक्षा 9 वीं से 12 वी के विद्यार्थियो ने बड़ी संख्या मे भाग लिया।बच्चों ने अपनी कल्पना से ऊर्जा को बचाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक उपयोग करने के विचारों को चित्र में प्रदर्शित किया, साथ ही स्लोगन के माध्यम से जन जागरुकता फैलाने का संदेश लेखन किया। इस आयोजन के प्रभारी व्याख्याता सुनील झा ने अपने सहयोगियों के साथ प्रतियोगिता संपन्न की। व्याख्याता दिनेश गौतम, हिरेंद्र साहू, रिचा मिश्रा, नेहा ठाकुर एवं संतोष मिश्रा ने निर्णयक की भूमिका निभाई। चित्रकला मे मोनिका सिन्हा 11वी ने प्रथम, आफरीन खातून 10वीं ने द्वितीय, एवं आकांक्षा 11वी, आलिशा टण्डन 12वी ,भाग्यश्री 9वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन मे रीना यदु 12 वी ने प्रथम, ज्योति वर्मा 12 वी ने द्वितीय तथा संयुक्त रूप से सीमा निषाद, भुवनेश्वरी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ,वरिष्ठ व्याख्याता बी एस सिंह सहित संस्था के सभी शिक्षकों ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की एवं अपनी बधाई प्रदान की। प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतियोगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेंगे।

# भानुप्रतापपुर के रण में खैरागढ़ के यंग टाइगर की दहाड़



**खैरागढ़।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव के भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में प्रचार करने के लिए राजनादगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह चारामा ब्लॉक पहुँचे है बता दें कि भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नुक्कड़ सभाओं के साथ घर-घर दस्तक देकर एक-एक वोट के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भानुप्रतापपुर उपचुनाव में पूरे दमखम से भाजपा प्रचार-प्रसार में जुट गई है छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर की समृद्धि के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव समर्पित रही है उन्होंने कहा कि भानुप्रतापपुर की जनता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष पर वोट करके विजय दिलाएगी विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार चार साल पहले जो झूठ का मकड़जाल बुना था अब वह उसमे बुरी तरह से उलझ गई है और जनता का सामना करने की हिम्मत नही कर पा रही है।

# संविधान दिवस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को शार्ट फिल्म के माध्यम से दी गई कानून की जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं सालसा बिलासपुर के निर्देशन में दिनांक 26 नवंबर 2022 से 02 दिसम्बर 2022 तक संविधान सप्ताह उत्सव मनाया जा रहा है।

जिसके तारतम्य में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के मार्गदर्शन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स मनीष कुमार साहू, कु. प्राची तिवारी, सोनिया सिंह द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय उत्तर बुनियादी बेसिक स्कूल बेमेतरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर स्कूली छात्र-छात्राओं को संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के प्रस्तावना के बारे में बताते हुये छात्र जीवन में उपयोगी विभिन्न कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को सालसा द्वारा संचालित जनचेतना यू-ट्यूब के माध्यम से शार्ट फिल्म द अंडर 18 एवं गुड-टच, बैड-टच के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया एवं उपस्थित बच्चों को शिक्षा का अधिकार, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, चाईल्ड ट्रेफिकिंग, नालसा हेल्पलाई 15100, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, कार्य स्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न, बाल श्रम एवं नशा मुक्ति व महिला एवं बच्चों के तस्करी के संबंध जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शासकीय उत्तर बुनियादी बेसिक स्कूल बेमेतरा के प्राचार्य मनोज निषाद एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे ।

## प्रदेश महामंत्री ने ली बेमेतरा भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

# हम लोगों के बीच जाकर करेंगे कांग्रेस का असल चेहरा उजागर : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




आने वाले दिनों में भाजपा बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेगी। ये आंदोलन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए होगा।
दरअसल, प्रदेश से 2021-22 में इस योजना के तहत कोई काम नहीं हो पाया, क्योंकि राज्य सरकार की ओर से फंड जारी नहीं किया गया। अब इसे बड़ा सियासी मुद्दा बनाने की तैयारी भाजपा कर रही है। रविवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा की मौजूदगी में बेमेतरा जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में 20 जनवरी को आवास अधिकार रैली के तहत बड़े विरोध प्रदर्शन प्रदेश स्तर पर दुर्ग में होने के सम्बंध में कार्यकताओं को जानकारी दिया गया। प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मोर आवास मोर अधिकार के तहत पीएम आवास योजना से हितग्राहियों को वंचित करने के मुद्दे को लेकर दिसंबर के महीने में ग्राम पंचायत, मण्डल और जिला स्तर पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। अंतिम रूप में दुर्ग में भाजपा का बड़ा प्रदर्शन होगा। शर्मा ने कहा कि हम लोगों के बीच जाकर कांग्रेस का असल चेहरा उजागर करेंगे और 2023 में जीत हमें मिलेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि पंचायत स्तर पर वंचित हितग्राहियों से पीएम आवास के राज्यांश हेतु मांग पत्र भरवाया जाएगा। विधानसभा स्तर पर 40 किलोमीटर की ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा, नुक्कड़ सभा एवं विधायक कार्यालय का घेराव किया जाना है। 10 जनवरी को जिला स्तर पर प्रदर्शन कर हितग्राहियों के साथ कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगे। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री आवास के मामले में बड़ा अभियान चला रह है। आने वाले समय में संगठन मतदान केंद्रों तक मजबूती से काम करेगा और स्थानीय मुद्दों पर प्रदर्शन करेगा। साथ ही जिला प्रभारी डॉ अजय राव, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने किया। इस दौरान पूर्व मंत्री डीडी बघेल,जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, प्रह्लाद रजक,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, फिरतुराम साहू, राजा पांडेय, बबलू राजपूत, दीपेश साहू, निशा चौबे, विकास घरडे, परमेश्वर वर्मा, विजय सिन्हा, बलराम पटेल, मोंटी साहू, चन्द्रपाल साहू, पोषण वर्मा, मिन्टू बिसेन, राजेश ठाकुर, चुन्नी वर्मा, विकास तम्बोली, शिवेन्द्र त्रिपाठी, ज्वाला सिंह, छंन्नु गुप्ता, संजीव तिवारी, हरिकिशन कुर्रे, जगजीवन खरे, बल्लू साहू, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में कानजेनिटल कैटरेक्ट का हुआ दुर्लभ ऑपरेशन





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जन्म के समय लेंस के अच्छी तरह से विकसित नहीं होने की वजह से कुछ बच्चों की दृष्टि बाधित हो जाती है। केवल विशेष तरह की सर्जरी के माध्यम से ही यह दृष्टि वापस लाई जा सकती है। यह सर्जरी जिला अस्पताल में भी होने लगी है। जिला अस्पताल में डॉक्टर कल्पना जेफ एवं उनके सहयोगियों की टीम ने आज चार दृष्टिबाधित बच्चों को उनकी आंखों का उजाला सर्जरी के माध्यम से दिया। सृष्टि 10 साल की है अब वह दुनिया की सुंदरता भरपूर नजरों से देख सकेगी। करेली गांव का दुर्गेश भी अब सब कुछ देख सकेगा। कल्पना करिए यह सर्जरी नहीं होती तो इन बच्चों के लिए अगले कई सालों तक जीवन में अंधेरा ही होता। जिला अस्पताल में यह सुविधा आरंभ होने से कानजेनिटल कैटरेक्ट से प्रभावित अनेक दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में उम्मीद लौटी है। जिला अस्पताल में आज हुई सर्जरी की विशेष बात यह है कि एक साथ चार सर्जरी हुई। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ वायके शर्मा ने बताया कि नेत्र विशेषज्ञ डॉ कल्पना जेफ के नेतृत्व में 4 बच्चों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुआ। नोडल ऑफिसर ब्लाइंडनेस डॉक्टर संगीता भाटिया ने बताया कि 4 बच्चों का ऑपरेशन हुआ जिनमें तांसू सेवती गांव से हैं सृष्टि सुपेला से है दुर्गेश करेली गांव का है और राजकुमारी खुसीर्पार की है। इनमें राजकुमारी की उम्र केवल 4 वर्ष है। सफल सर्जरी के बाद परिवार जनों की खुशी भी लौटी है और उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं। परिजनों ने बताया कि अब तक उनके उनके आंखों में आँसू उन्हें दुख देते थे। आज बच्चों की सफल सर्जरी के बाद उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं।

## प्रकरण में संलिप्त दो आरोपी को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

# थाना राजहरा अतंर्गत ग्राम रजही के अंधे कत्ल का खुलासा, प्रकरण में मृतक कामता प्रसाद की हत्या का पदार्फाश

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



23 नवंबर को सुबह 10:30 बजे शत्रुहन लाल पिता देवलाल रावटे साकिन ग्राम रजही ,थाना राजहरा के द्वारा सूचना मिली कि ग्राम रजही डेम के पास सड़क से लगे खेत में कामता प्रसाद पिता शत्रुहन लाल रावटे उम्र 27 जाति हल्बा निवासी ग्राम रजही का शव है, जिसके चेहरे पर खून के निशान हैं। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके के द्वारा मृतक कामता प्रसाद रावटे के शव के आसपास घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात् अधिकारियो द्वारा थाना प्रभारी राजहरा एवं हमराह स्टॉफ एवं साइबर सेल टीम , डाग स्क्वाड टीम, फारेंसिक टीम की मौजूदगी में आवशक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के बाद थाना राजहरा में मर्ग क्रमांक 49/2022 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव के द्वारा थाना राजहरा एवं साइबर सेल से एक विशेष टीम बना कर हत्या के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था। टीम द्वारा गांव रजही जाकर मृतक कामता प्रसाद के संबध मे जानकारी प्राप्त किया गया। मृतक कामता प्रसाद रावटे मिस्त्री का काम करता था घटना दिनांक को दल्लीराजहरा काम पर गया था। शाम काम से वापस अपने ग्राम रजही लौट रहा था तो रास्ते में रजही डेम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी हत्या कर उसकी लाश वहीं खार में फेंक दिया गया था। टीम द्वारा ग्रामीणो ,मृतक के परिजनो से मृतक के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने संदेह के आधार पर दो संदेही रूमन लाल भूआर्य एवं बालक राम बाका ग्राम रजही निवासी जो गांव में नही थे को कुरूभाट के पास घेराबंदी कर पकडकर दोनो संदेहियो से थाना लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में दोनो संदेही पुलिस को घटना कि कोई जानकारी नहीं होना बताया । तकनीकि साक्ष्य के अधार पर दो संदेही रूमन लाल भूआर्य एवं बालक राम बाका को कडाई से पूछताछ करने पर उक्त घटना कारित करना बताया आरोपी बालक राम बाका ने अपने कथन में बताया कि मृतक जो उसका पडोसी था उसके साथ काम पर जाता था तो उसके घर आना जाना था जिससे आरोपी अपनी पत्नि को लेकर उसपर शक करता था। जिसके कारण पूर्व में भी मृतक के साथ वाद-विवाद हुआ था। जिस कारण आरोपी बालक राम बाका ने मृतक कामता प्रसाद रावटे को मारने का योजना बनाने लगा। आरोपी बालक राम बाका ने अपने मित्र रूमन लाल भूआर्य गाम ककरेल निवासी जो पूर्व में हत्या के प्रकरण में 7 साल सजा काट चुका है। घटना दिनांक को बालक राम बाका ने अपने मित्र रूमन लाल भूआर्य को फोन कर अपने घर बुलाया दोनो शराब पिये शराब पीने के बाद ग्राम पथराटोला से ग्राम रजही जाने वाले मार्ग पर दोनो पेड के नीचे छिप कर मृतक कामता प्रसाद रावटे के आने का इंतजार कर रहे थें। घटना दिनांक 22 नवंबर के करीबन शाम 05:30 बजे मृतक कामता प्रसाद रावटे को आते देख आरोपी बालक राम बाका ने उसे रोका रोकने के बाद उससे लड़ाई करने लगा उसके बाद रूमन लाल भूआर्य पीछे से मृतक को पकड कर लिया। दोनों मिलकर मृतक को पटक दिये और मारपीट करने लगे दोनो मिलकर मृतक के गले को गमछे व रस्सी से दबाकर उसकी हत्या कर उसका मोबाईल सेट लेकर फरार हो गये। घटना के दूसरे दिन मृतक के मोबाइल को कुसुमकसा के दुकान पर लॉक खोलने दिए दुकानदार द्वारा बिना बिल लॉक नही खोलना बोलने पर दोनो आरोपी वापस देशी शराब दुकान गये जहां शराब पी कर जंगल की ओर लुकछिप कर रह रहे थे। जिसे टीम द्वारा पकडकर थाना राजहरा लाया गया। जिस पर थाना राजहरा में अपराध क्रमांक -425/22, धारा -302,34 भादवि कायम कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। अंधे कत्ल को सुलझाने व अज्ञात आरोपियों के गिरफ्तारी में प्रभारी थाना राजहरा निरीक्षक वीणा यादव, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी, उ.नि. अमित तिवारी ,स.उ.नि. सूरज साहू, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर मरकाम, आरक्षक विवेक शाही, राहुल मनहरे, पूरन देवांगन ,विपिन गुप्ता , मिथलेष यादव, थाना राजहरा से आरक्षक संजय चेलक, भुवनेश्वर यादव, धमेन्द्र सेन ,सुमन देवहारी की विषेष योगदान रहा।

## मोर मकान, मोर आस के तहत दावा-आपत्ति आमंत्रित, दावा आपत्ति के लिए निर्धारित तिथि 9 दिसम्बर 22 तक

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस के हितग्राहियो को आवास उपलब्ध कराने के लिए दावा आपत्ति आमन्त्रित कर दी गई है। मोर मकान मोर आस के तहत निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों से दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसके तहत पात्र तथा अपात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। सूची को अवलोकन के लिए 25 नवम्बर को डिपो कार्यालय एवं डाटा सेंटर में चस्पा किया गया है, जिसका कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है। इस सूची को नगर पालिक निगम दुर्ग की वेबसाइट में भी अपलोड किया गया है। प्रकाशित पात्र/ अपात्र सूची के दावा आपत्ति के लिए 9 दिसम्बर 2022 तक निर्धारित की गई।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में 'संविधान दिवस' मनाया गया

## शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में भी मना संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय महाविद्यालय सक्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना और राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया और प्राचार्य द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ,.ए.के.चतुर्वेदी एवं स्टाफ द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर और मां सरस्वती के तैल्यचित्र में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर के की गई। छात्रा रिया लहरे ने संविधान पर कविता प्रस्तुत की। छात्रा डिंपल प्रधान ने भारतीय संविधान के स्त्रोत के बारे में बताया की यह अमेरिका रूस जर्मनी जापान ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका आयरलैंड के संविधान से भी कुछ भाग को लिया गया है। छात्रा देव कुमारी ने भाषण प्रस्तुत किया। छात्रा दिव्या ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े (कार्यक्रम



अधिकारी रासेयो) ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सबसे पहले संविधान की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित किया और भारत के संवैधानिक विकास में 1773 के रेगुलेटिंग एक्ट से लेकर 26 जनवरी 1950 तक संविधान निर्माण की प्रक्रिया को बताया। प्रो. महेन्द्र यादव ने भारतीय संविधान का परिचय देते हुए कहा कि यह पवित्र ग्रंथ है जिस पर हमारी पुरी शासन व्यवस्था चल रही है उन्होंने 6 प्रकार के मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य को विस्तार से समझाया। उन्होंने संवैधानिक उपचारों के अधिकारों को बताया। प्रो. जी एन रात्रे ने प्राचीन काल से लेकर वर्तमान संविधान के निर्माण की आधार विषय वस्तु को समझाया ।उन्होंने कहा की पहले भी किसी न किसी नियम के तहत शासन व्यवस्था संचालित किया जा रहा था आज उसका परिष्कृत और व्यवस्थित लिखित रुप उपलब्ध है ।समानता , स्वतंत्रता, बंधुतत्व ये सभी बौद्ध दर्शन के तत्व है जो की हजारों साल से चला आ रहा है जिसका जिक्र संविधान में किया गया है।हम सभी को संविधान का अध्ययन और प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है ताकि सभी नागरिक अपने कर्तव्य और अधिकारों को जान सके। देश की शासन व्यवस्था को समझ सके।प्रो., डॉ. शकुंतला राज ने कहा कि जिस प्रकार से हम सभी अपने घरों में भी किसी न किसी नियम से चलते हैं उसी प्रकार देश भी संविधान के नियम से चलते है हम सभी को इसका सम्मान और प्रचार प्रसार करना होगा । प्रो. एस. अनंत ने संविधान की प्रस्तावना को विस्तार से समझाया और उन्होंने इसमें निहित समस्त शब्दावली समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, पंथनिरपेक्ष, एकता अखंडता,प्रभुत्वसंपन्न, आदि को समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी ने सबको संविधान दिवस की बधाई दिए और संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है इसमें प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकार और कर्तव्य का वर्णन किया गया है। शासन संचालन के समस्त उपबन्ध इसमें निहित है ।उन्होंने सभी छात्रों एवं प्रोफेसरों से संविधान का अध्ययन करने की अपील की और महाविद्यालय की लाइब्रेरी में संविधान की पुस्तके उपलब्ध कराने की घोषणा की ताकि सभी छात्र छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में इसका अध्ययन कर सकें। अंत में प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े ने कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में विगत दिनों से प्रारंभ हुई सड़क निर्माण, पेच कार्यों में काफी तेजी आई है। उक्त कार्यों के निरीक्षण के लिए डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने स्वयं शनिवार को सारंगढ़ से बिलाईगढ़ तक सड़क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। संबंधित विभाग के अधिकारी से सड़क के पेच कार्य के मटेरियल की गुणवत्ता और सड़क की लंबाई के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने सड़क की अलग-अलग ग्रेडिंग के बारे में जानकारी देकर अवगत कराया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शेष बचे हुए पेच कार्य की समयावधि के बारे मे जानकारी लेते हुए शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे। संविधान दिवस के




अवसर पर कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बिलाईगढ़ के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित फन फेयर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को संबोधित कर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने भटगांव स्थित कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर धान उठाव के बारे में जानकारी लेते हुए शीघ्र धान उठाव करने के निर्देश दिए। साथ ही गलत तरीके से स्टैक लगाने और बारदाने में सील न लगे होने पर कड़ी नाराजगी जताई एवं संबंधित अधिकारी को मंडी समिति के सदस्यों को सरकार की स्टैक की नियमावली से अवगत कराकर उस अनुसार स्टैक लगाने के निर्देश दिए। धान को पहचानने की समस्या पैदा न हो, इसके निपटान के लिए बारदाने में सील लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने रीपा के अंतर्गत प्रस्तावित बेलटिकरी गौठान स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गौठान में आजीविका के लिए किये जाने वाले उपायों पर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी को कहा कि कुछ ऐसे प्रोजेक्ट इसमें जोड़े जाएं जिससे गौठान में कार्य करने वाले लोगों के भी रोजगार के साधन उपलब्ध हो।

# अग्र अलंकरण के 18 क्षेत्रो के लिए प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का प्रांतीय अधिवेशन एवम अग्र अलंकरण समारोह 7 एवम 8 जनवरी 2023 को कोरबा के होटल जश्न में अग्रवाल सभा कोरबा के आतिथ्य में आयोजित है,इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवासरत अग्रवाल समाज के 18 प्रतिभागियों को अग्र अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे,अग्र अलंकरण समारोह की जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवम प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल , प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू , कार्यक्रम संयोजक अशोक मोदी , आतिथ्य सभा



अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया एवं प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया की , अग्र अलंकरण टीम की संयोजिका डा.अनीता मोहनलाल अग्रवाल, सह संयोजक द्वय पंकज अग्रवाल एवं डॉ निर्मल अग्रवाल के नेतृत्व में अग्र अलंकरण की व्यापक तैयारियां की जा रही है,1 जनवरी 2021 से 30 जून 2022 तक विभिन्न 18 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शख्सियतों से आवेदन मंगाए गए है । अग्र अलंकरण प्राप्त करने के लिए निर्धारित योग्यता के प्रतिभागी अपना विस्तृत विवरण सहित आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 15 दिसंबर तक भरकर डा. अनिता अग्रवाल, द्वारा डा. मोहनलाल अग्रवाल, एमआईजी 80 मारुति विहार कालोनी , मोहबा बाजार रोड , रायपुर में जमा कर सकते है,छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक लोहिया राजनांदगांव ने बताया कि अट्ठारह विशिष्ट क्षेत्रों के लिए पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक चयनित प्रतिभागी को ?11000/- नगद, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों के लिए प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए गए वह इस प्रकार है।

# कानून के पालन में ही संविधान दिवस मनाने की सार्थकताः श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रजनीश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार विधिक शिक्षा केंद्र द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार जैन विशिष्ट जज एससी एसटी एक्ट



रायगढ़, अंकिता अग्रवाल एडिशनल जज रायगढ़, कुमारी प्रांजली नेताम एडिशनल जज रायगढ़, कुमारी श्वेता ठाकुर एडिशनल जज रायगढ़ एवं सौरभ बारा सिविल जज रायगढ़ उपस्थित रहें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रजनीश श्रीवास्तव द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन कराया गया। श्रीवास्तव ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(अ) मौलिक कर्त्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार से इसके एक-एक शब्द में विस्तृत अर्थ समाहित है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हमारे ही जागरुकता से समाज में परिवर्तन आ सकता है।

## शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में मनाया गया संविधान दिवस

**जांजगीर चांपा।** संविधान दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर शासकीय



उत्तर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह संविधान दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा संविधान के मूल कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा जानकारी दिया गया इसी तारतम्य में वरिष्ठ व्याख्याता रामबाबू राठौर एवं स्टाफके सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ सविधान दिवस को मनाया गया संजय रात्रे के द्वारा बच्चे को लिखित संविधान के बारे में महिलाओं के मूल अधिकारों के बारे में बताया तथा अशोक देवांगन के द्वारा संविधान में 11वीं व 12वीं अनुसूची की जानकारी छात्रों को ही दी इस कार्यक्रम में स्टाफके शिक्षक गोविंद सूर्यवंशी घनश्याम राम लोकेश देवांगन कृष्णा पटेल ललिता धुर्वे कामिनी कौशल रेणुका जोशी सोनू साहू एवं अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस की सक्रियता, सजगता-हसौद थाना अंतर्गत आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

## तीन स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

कच्ची महुआ शराब परिवहन करते 09 लीटर महुआ शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार किया गया है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम मल्दा निवासी महेन्द्र अपने मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में ग्राम मल्दा से कैथा तरफ ले जाने वाला है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक एम0आर0 अहीरे (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चन्द्रपुर / डभरा बी. एस खुटिया से अवगत कराकर अवैध शराब पर त्वरित कार्यवाही करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर रेड



कार्यवाही कर आरोपी महेन्द्र पिता धनसाय उम्र 38 साल साकिन मल्दा थाना हसौद जिला सक्ती छ.ग. के कब्जे से परिवहन करते अवैध कच्ची मुहआ शराब 09 लीटर कीमती 900 /रु एवं कच्ची महुआ शराब परिवहन करने में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो पैशन प्रो क0 सीजी 11 एक्यु 1643 कीमती 40000 /रु को जप्त किया गया है। जिस पर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही कर गिर0 कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# दहेज लोभी गिरफ्तार-मालखरौदा थाना अंतर्गत 4 दहेज लोभी हुए गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

दहेज के लोभी पति, सास, ससुर व देवर गिरफ्तार किये गए हैं,मामला थाना मालखरौदा के अप.क्र. भादवि का हैं, मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया ने थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराय कि इसकी शादी सामाजिक रिति रिवाज के अनुसार ग्राम सकर्रा के दिलीप कुमार साहू के साथ हुई है, शादी के कुछ दिन बाद से इसके परिवार वालों ने दहेज में मोटर सायकल व 10 लाख रूपये की मांग को लेकर आये दिन गाली गलौज कर शारीरिक मांनसिक व आर्थिक रूप से प्रताडित करने की रिपोर्ट पर थाना मालखरौदा में अपराध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। मामला महिला प्रकृति का होने से हालात की जानकारी पुलिस अधीक्षक एम. आर. आहिरे (भा.पु.से.) अति. पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से.) के निर्देशन पर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय सक्ती मो. तसलीम आरिफ के





मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम मालखरौदा के द्वारा आरोपी 01. पति- दिलीप कुमार साहू पिता राम प्रसाद साहू उम्र 33 साल 02. सास 03. - ससुर राम प्रसाद साहू पिता टोनूराम साहू उम्र 58 साल 04. देवर- बुद्धेश्वर साहू पिता राम प्रसाद उम्र 28 साल सभी साकिनान सकर्रा थाना मालखरौदा जिला सक्ती को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से को गिरफ्तार किया कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत, सउनि जे.के.वर्मा प्र.आर. चित्रांगद चंद्रा आर. डमरू गबेल, सूरज सिदार, राजेन्द्र रात्रे,म.आर. धरमीन सिदार व थाना स्टॉफ की सराहनीय योगदान रहा।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए राहुल अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंबिकापुर शहर में सीपीआई चैप्टर मीटिंग का आयोजन किया गया, इस मीटिंग में अंबिकापुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें इंश्योरेंस के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालने के लिए नैला-जांजगीर के अग्रवाल इंश्योरेंस एवं कंसल्टेंसी के डायरेक्टर राहुल अग्रवाल मौजूद रहे,इस दौरान राहुल अग्रवाल ने सीए की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आज बीमा का सेक्टर पूरे भारत में एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लोगों को प्रेरित कर इसका लाभ दिलाए जा सकता है,



एवं आज बीमा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है, चाहे कि वह वाहनों का बीमा हो या की व्यक्ति का स्वयं का जीवन बीमा, बीमा व्यक्ति के जीवन की एक अनिवार्य अंग है, तथा बीमा से जहां हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं, वहीं आज बीमा को लेकर कंपनियों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं के तहत इसका लाभ दिया जा रहा है, एवं हमें बीमा को लेकर स्वयं जागरूक होना चाहिए, तथा दूसरे लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए,अंबिकापुर में संपन्न शैक्षणिक कार्यशाला में काफी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट मौजूद थे, तथा कार्यशाला में पहुंचने पर राहुल अग्रवाल का आयोजक संस्था की ओर से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया तथा इस दौरान अग्रवाल इंश्योरेंस एवं कंसल्टेंसी के संचालक राहुल अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों से व्यक्तिगत मुलाकात कर भी उनसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही राहुल ने अपने अनुभव बांटे, प्रशिक्षण कार्यशाला से लौटने पर राहुल अग्रवाल ने बताया कि अंबिकापुर शहर में संपन्न यह कार्यशाला काफी उपयोगी कार्यशाला थी।

## अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



**रायगढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर आज संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे ने जिला कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया। उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज की पुष्पांजलि सभा का हुआ दैवी संपद मंडल शक्ति द्वारा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

परम पूज्य शारदानंद सरस्वती महाराज के ब्रह्म लोक में 6 नवंबर को विलीन होने के बाद उनके अंतिम संस्कार के समस्त कार्य मैनपुरी उत्तर प्रदेश में संपन्न हुए थे, तथा दैवी संपद मंडल शक्ति द्वारा परम पूज्य शारदानंद सरस्वती महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक पुष्पांजलि सभा का आयोजन 27 नवंबर को दोपहर हटरी धर्मशाला शक्ति में किया को जहां शक्ति खरसिया, रायगढ़ एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए महाराज जी के शिष्य एवं प्रबुद्ध वर्ग ने उपस्थित होकर अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सनातन धर्म की रक्षा करने वाला प्रखर व्यक्तित्व का अंतर्यामी संत बताय,तथा शारदानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा बताई गई बातों को जीवन में आत्मसात करने की भी बात उपस्थित वक्ताओं ने कहीं, तो वही इस अवसर पर आगंतुक वक्ताओं ने बताया कि स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज ने सदैव सनातन धर्म



की रक्षा के लिए अनेकों धार्मिक अनुष्ठानों का निरंतर आयोजन कर लोगों में जन जागरूकता लाने का कार्य किया, साथ ही उन्होंने गौ सेवा सहित राष्ट्रहित के विभिन्न विषयों पर सदैव अपने कार्यक्रमों में लोगों के बीच प्रमुखता के साथ बातें रखी, साथ ही वक्ताओं ने शारदानंद सरस्वती महाराज के साथ बिताए अपने अनुभव को भी सार्वजनिक मंच के माध्यम से रखते हुए उन्हें प्रकांड विद्वान भी बताया, पुष्पांजलि सभा के बाद 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देवी संपद मंडल शक्ति ने आगंतुक समस्त प्रबुद्ध जनों का आभार व्यक्त किया एवं पुष्पांजलि सभा के पश्चात भंडारा- प्रसाद का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें उपस्थित सभी जनों ने प्रसाद ग्रहण किया,देवी संपद मंडल शक्ति द्वारा 27 नवंबर को हटरी धर्मशाला शक्ति में आयोजित पुष्पांजलि सभा में मां शारदा प्लाई के संचालक घासीराम अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अजय अग्रवाल, गुलाबचंद खेतान, अजय खेतान लंबू, अरविंद खेतान नूरी, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल, संजय रामचंद्र, नरेश गेवाडीन,अग्रवाल सभा के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल जन सेवा समिति शक्ति के अध्यक्ष अशोक खेतान, भाजपा शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा,, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रीतम ट्रैक्टर के संचालक प्रीतम सिंह गबेल, वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल खरसिया,छटी सोनी खरसिया, नरेश अग्रवाल बालाजी ज्वेलर्स खरसिया, पुष्कर सिंघल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश शर्मा शक्ति। पूर्व जिला लोक अभियोजक श्यामसुंदर अग्रवाल कोर्ट साहब।

## थाना हसौद के 3 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**सक्ति।** पुलिस अधीक्षक सक्ती एमआर अहीरे (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह (रा.पु.से) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय चन्द्रपुर / डमरा बी. एस. खुटिया के अभियान चलाकर



स्थायी गिरफ्तारी वारंटीयो का पता तलास कर धडपकड़ करने हेतु निर्देश दिया गया था उनके मार्गदर्शन में 26 नवम्बर को स्थायी वारंटी 1 शिव कुमार केवट पिता स्व0 मघवीर केवट उम्र 28 साल साकिन बरेकेलकला 2 मदरू कश्यप पिता धनसाय कश्यप उम्र 55 साल साकिन मरघटी 3 विनोद कश्यप पिता मदरू कश्यप उम्र 26 साल साकिन मरघटी थाना हसौद गिरफ्तार किया गया है।

# शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में संविधान दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

पूरे भारतवर्ष में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी कड़ी में विकासखंड मुख्यालय के सबसे बड़े शासकीय विद्यालय , शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में भी संविधान दिवस मनाया गया विद्यालय के सभागार में एक सादे समारोह के रूप में आयोजित हुआ जिसमें सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में आर के बंजारे प्रभारी प्राचार्य, मोहनलाल कौशिक व्याख्याता, गायत्री साहू व्याख्याता; एस जांगड़े, निर्मला कौशिक , रामलाल कश्यप, लक्ष्मी मिश्रा, भावना शर्मा, लेख राम धीवर व सुरेश आनंद का पुष्प गुच्छ से छात्र छात्राओं ने स्वागत किए। इस



अवसर पर छात्राओं की ओर से भारतीय संविधान पर भाषण एवं गीत के माध्यम से प्रकाश डाला गया तत्पश्चात शिक्षकों की ओर से रामलाल कश्यप, प्रभारी प्राचार्य बंजारे द्वारा संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दिए गये। सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने संविधान के शपथ लिए। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल कौशिक द्वारा किया गया।

## 11वां स्थापना दिवस पर बाइक रैली निकाली गई

# आम आदमी पार्टी ने तीनों विधानसभा में स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस समारोह मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी जिला शक्ति के तीनों विधानसभा जैजैपुर, चंद्रपुर व शक्ति में पूर्व प्रदेश सह संगठन मंत्री विंधेश सिंग राठौर के नेतृत्व एवं पूर्व जिला अध्यक्ष, जीवन लाल साहू , जैजैपुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल साहू, चंद्रपुर विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरहरि बघेल शक्ति विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह बरेठ के अध्यक्षता में एवं तीनों विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा आम आदमी पार्टी के 11वां स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस बड़ा ही धूमधाम से बाइक रैली निकालकर मनाया गया। जैजैपुर विधानसभा में हसौद विश्राम गृह से ग्राम देवरघटा में बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का



पूजा अर्चना माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेकर देवरघटा , हसौद,करही होते हुए महानदी तट ग्राम बरेकेल कार्यक्रम का समापन किया गया।

चंद्रपुर विधानसभा में नगर पंचायत डभरा थाना चौक से बाइक रैली सूखापाली, गोबराभाटा, नगझर, सीपत, कलमी, होते हुए मालखरौदा जनपद पंचायत परिषद में बाबा साहब अंबेडकर के प्रतिमा में पूजा अर्चना माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।शक्ति विधानसभा में नगर पंचायत शक्ति स्टेशन रोड बिजली ऑफिस के सामने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा में माला अर्पण कर नगर भ्रमण करते हुए कंचनपुर, डोढकी, टोहीलाडीह, ग्राम पंचायत जाजंग में बाबा साहब अंबेडकर एवं गुरु घासीदास जयस्तंभ में पूजा अर्चना माल्यार्पण करके सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें तीनों जयजयपुर, शक्ति एवं चंद्रपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं में भारी जोश उत्साह एवं उमंग देखने को मिला द्य आने वाले विधानसभा चुनाव 2023 भारी मतों से आम आदमी पार्टी की जीत का संकेत प्राप्त हुआ। जहां पर पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री बिंधेश सिंह राठौर द्वारा अपने भाषण में कहां गया, आम आदमी पार्टी बाबा साहब के द्वारा बनाए हुए संविधान के रास्ते पर चल रही है पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन लाल साहू द्वारा तीनों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। जिसमें मुख्य रुप से धनेश्वर साहू, ईश्वर साहू, राजेश साहू, कलेश्वर साहू, भरत लाल साहू ,जीवन साहू ,लोकेश भारद्वाज दादू राम मनहर, मार्तंड सिंह बनाफर, मन्नू महंत, हेमलाल चंद्रा, आजाद सिंह खुटे, राम साय कश्यप, द्वारिका चंद्रा, देवेंद्र चंद्रा शिवनाथ, अजय, कमलेश, वीरेंद्र भारद्वाज, कोमल दिले बंजारे, चंद्र विजय अंचल शंकर जाटवर,खगेश हेमलाल, शत्रुघ्न साहू, लक्ष्मण, हलधर साहू तथा सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा, लिखित, पारदर्शी लचीला, प्रजातांत्रिक एवं कठोर संविधान है: बी.एस. जागृत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com







26 नवम्बर को डॉ. भीम राव अम्बेडकर चौक पर संविधान दिवस भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश इकाई एवं जिला इकाई के द्वारा मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय गजबीर, अम्बेडकरीय साहित्यकार एवं पूर्व महासचिव समता सैनिक दल हैदराबाद, विशेष अतिथि प्रोफेसर एस.के. जाधव डीन कम्प्यूटर सांईस एवं टैक्नोलॉजी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, फैजल रिजवी उच्च न्यायालय अधिवक्ता रायपुर एवं दूज राम बौद्ध भूतपूर्व विधायक पामगढ़ अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम बुद्ध वंदना कर सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत प्रो. एस.के. जाधव ने अपने उद्बोधन में जानकारी दिया कि संविधान में सभी वर्ग के लोगों के लिए आर्टिकल 21ए के अनुसार 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अवसर प्रदान करेंगी एवं सम्पूर्ण व्यवस्था करेंगी। इसी में अतिरिक्त संशोधन कर विशेष शिक्षा की व्यवस्था आर्टिकल 45 में यह प्रावधान है कि राज्य सरकार 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य की पूरी जिम्मेदारी लेंगी एवं यथा सम्भव पूरी व्यवस्था करेगी। आगे उन्होंने बताया कि आर्टिकल 46 जिसमें अनूसूचित जाति अनुसूचित जनजाति की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास व्यवस्था एवं सम्पूर्ण विकास के अवसर प्राप्त है जिन्हें राज्य सरकार पूरा-पूरा ख्याल रखकर व्यवस्था करेंगी। उक्त न्यायालय के अधिवक्ता फैजल रिज़वी ने संविधान में अनेकों प्रावधान जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्ग के कल्याण शिक्षा, आवास, रहन-सहन, चिकित्सा एवं उनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्य सरकार को पूर्ण रूप से स्वंतत्र होकर इस वर्ष के हितों के लिए कल्याणकारी योजना बनाने का अधिकार संविधान की ओर से राज्य को दिया गया है। आगे फैजल रिज़वी ने बताया कि सभी वर्गों के लिए जो भारत वर्ष में जीवित है चाहे छोटी या बड़ी उम्र के हो किसी भी राज्य के निवासी हो संवैधानिक रूप से सभी को समान सिविल संहिता का अवसर प्रदान किया गया है किसी व्यक्ति विशेष को जाति या लिंग के आधार पर कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। पूरे राज्य में संविधान दिवस मनाने की योजना है।

मुख्य अतिथि डॉ. संजय गजभीये जो 8 विषय में एम.ए. है 2 विषय में पी.एच.डी. और एम.फिल. है तथा 3 शोध लिखे है, 20 पुस्तकें लिखे हैं एवं देश-विदेश में अनेकों स्थान पर अम्बेडकर साहित्य के संबंध में जानकारी देते रहे। उन्होंने बताया कि अम्बेडकर साहित्य, क्रांति प्रति क्रांति, भारत का संविधान, बुद्ध एवं कालमार्स का अध्ययन आवश्यक है। बाबा साहेब का पुरा इतिहास का अध्ययन चिंतन कर संविधान का जरूर अध्ययन करें उन्होंने बताया कि आज भारत वर्ष ने जो विकास किया है जिसमें संविधान की बहुत बड़ी देन है। अध्यक्ष बी.एस. जागृत ने जानकारी दिया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा, लिखित, पारदर्शी, लचीला, प्रजातांत्रिक एवं कठोर संविधान है जिसमें पूरे भारत गणराज्य के किसी भी जाति, धर्म, वर्ग, लिंग के किसी भी नागरिक को पूरे एक समान अधिकार एवं कर्तव्य है किसी व्यक्ति विशेष को विशेष स्वंतत्रता या विशेष छूट नहीं दी गई है बल्कि सभी के लिए देश का कानून बराबर है चाहे व पुरूष हो या महिला। दूजराम बौद्ध पूर्व विधायक पामगढ़ ने यह जानकारी दी, इस देश का संविधान का अध्ययन कर हमारे बच्चे विकास कर रहे है संविधान को पढ़ना, समझना, चिंतन करना, समता, स्वतंत्रता, भाईचारा न्याय इस संविधान की विशेषता है। अतः हम सबको मिलकर संविधान की रक्षा करना चाहिए और आम नागरिकों को संविधान बाटना चाहिए। इस कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के महासचिव भोजराज गौरखेड़े, प्रदेश कोषाध्यक्ष निलकंठ सिंघाड़े, घनश्याम बावनगड़े, बेनीराम गायकवाड़, इंजीनियर बिम्बीसार, प्रकाश रामटेके, भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष रायपुर के अतिरिक्त जी.एस. मेश्राम, मदनलाल मेश्राम, राहुल रामटेके, रतन डोंगरे, दीपक रागासे, एम.एन. घोड़ीचोर सिगनापुरे, सुरेन्द्र कोल्हेकर, संजय गजघाटे, दीपक टेम्भूरने, कमलेश रामटेके, कमलेश बंसोड़, के.एम. भगत, आर.के. चैहान, रवि बौद्ध, शेखर बागड़े, प्रमोद वासनिक, मलिहा प्रतिनिधि- मोतीमाला कोल्हेकर करूणा वासनिक, संध्या बड़ोले, वैशाली मेशराम, संनुदा बघेल, योगिता बागड़े, यमू मेश्राम, संघमित्रा गौरखेड़े, डॉ. प्रज्ञातारा, जोसना कामड़े, वैशाली रंगारी, छाया मेश्राम, सरस्वती चैहान, मंजू बंसोड़, अनिता मेश्राम, रजनी घढ़े आदि अनेक महिला प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को भारत की संविधान की बुक सप्रेम भेट की गई। कार्यक्रम सुबह 10.00 से दोपहर 2.00 तक डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौक पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मनोरा के दोनदे राम ने 10 क्विंटल, पैरादान कर लोगों से आग्रह किया



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जिले के सभी गोठानों में पशुओं के लिए प्रर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास कर रहा है इसी कड़ी में प्रशासनिक अमला किसानों को पैरादान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

साथ ही जिले में अभियान चलाकर पैरादान संग्रहण का कार्य किया जा रहा है जिला के सभी विकास खंड के गोठान में किसान उत्साह के साथ पैरादान कर रहे हैं। मनोरा विकास खंड किसान दोनदे राम ने करडीह गोठान में लगभग 10 क्विंटल पैरादान किया है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक पैरादान करके सहयोग प्रदान करें।

## संविधान दिवस' के अवसर पर कैरियर गाइडेंस सेल और एनएसएस द्वारा संविधान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर कैरियर गाइडेंस सेल और एनएसएस द्वारा संविधान दिवस मनाया गया और यूपीएससी, पीएससी, रेलवे बैंक, व्यापम की परीक्षा की तैयारी करने विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें चहल एकेडमी भिलाई के नेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सुमित सर द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधित महत्तवपूर्ण टिप्स दिए गए आखिर में बच्चो ने प्रश्न पूछकर अपनी समस्याओं का समाधान पाया। प्राचार्य डॉ पी पी चंद्रवंशी सर के मार्गदर्शन में कैरियर गाइडेंस सेल के प्रभारी बी आर साहू सर सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। उक्त कार्यक्रम में श्वेता साहू मैम, डोशन साहू सर, सतीश सर, तिवारी मैम इंग्लिश विभाग, पटेल सर कॉमर्स और समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र बारले सहायक प्राध्यापक इतिहास द्वारा किया गया।

## जोगी जन अधिकार पद यात्रा, मस्तुरी विधानसभा के मल्हार से प्रारम्भ

**लवन।** मल्हार स्थित प्रसिद्ध मंदिर माँ ड़ींडेश्वरी की पूजा अर्चना कर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी ने किया जन अधिकार पदयात्रा की शुरुआत। अमित जोगी को सुनने मस्तुरी विधानसभा में उमड़ा जनसमुदाय ।बढ़ते खाद के रेट, बारदाना में कालाबाज़ारी ने किसानों का लागत बढ़ाया अब समर्थन मूल्य 3200/- रुपया होना चाहिये, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता 2500/-के हिसाब से चार साल का नहीं मिला उसके हिसाब से सरकार 120000/- रु. एक मुस्त दे। सभी संविदा कर्मचारी को तत्काल रेगुलर किया जाये, साथ ही पेंशन को तत्काल 1500 करने इन्ही मांगो को लेकर पुरे छत्तीसगढ़ में जोगी जन अधिकार यात्रा शुरू किया गया। जिसमें प्रथम चरण में बलौदाबाजार जिले से सुशील बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत जोगी युवा मोर्चा, गन्नू राम यादव, अमित साहू, युगेश्वर पटेल, धनेश्वर साहू, मनीष साहू आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।



## डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में सीईओ जिला पंचायत आईएएस जितेंद्र यादव ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

### संविधान दिवस के अवसर पर जिले के आला अधिकारी भी पहुंचे अंबेडकर चौक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 10.30 बजे बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। संविधान की प्रस्तावना का पाठन जिला पंचायत सीईओ आईएएस जितेंद्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संगोष्ठि को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संविधान देश का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसे कई देशों से लेकर जनहित में तैयार किया गया है जिसमें देश की विविद्यता समाई हुई है। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को भी संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह समाज के उत्थान के लिए जात-पात को समाप्त करने के लिए डॉ. अंबेडकर ने काम किया वैसा ही हमें भी करना होगा। इस दौरान एडिशनल कलेक्टर आईएल ठाकुर, ज्वाइंट कलेक्टर आरपी चौहान, ट्रेजरी ऑफिसर गनेशु घिडोड़े, सीएमएचओ डॉ. रंजीत टोप्पो, बीपी जाटवर, जिला क्रेडा अधिकारी संदीप बंजारे उपस्थित थे।



## लीडिंग किड्स वियर ब्रांड मिनिक्लब ने रायपुर में एक नया स्टोर शुरू किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के अग्रणी बेबी वियर ब्रांड मिनिक्लब ने हाल ही में रायपुर में अपना नया स्टोर शुरू किया। मिनिक्लब सोच-समझकर अपैरल और बेबी केयर प्रोडक्ट बनाता है, जिससे की बच्चों को बेहतर कम्फर्ट मिल सके। मेग्नेटो मॉल, लाभांडी, रायपुर में बने इस नए स्टोर में नवजात शिशुओं से लेकर 8 साल तक के बच्चों के लिए सुरक्षित और आरामदायक अपैरल और नॉन अपैरल रेंज की एक विस्तृत रेंज हैं। मिनिक्लब की पेशकशों में न्यू बॉर्न एसेंशियल, बेबी वियर, किड्स फैशन, फुटवियर, टॉयज, ट्रैवल, बेबी केयर और बहुत कुछ एक ही छत के नीचे शामिल हैं, जो इसे शहर में पेरेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। 2013 में स्थापित, मिनिक्लब, फर्स्ट स्टेप्स बेबी वियर का, तेजी से बढ़ता ओमनी-चैनल ब्रांड है, इसकी उपस्थिति 450 से अधिक मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स, प्रमुख ई-रिटेलर्स और एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर - फिजिकल और ऑनलाइन दोनों में है। 45 एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर के साथ 26 शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। बचपन की भावना से प्रेरित, मिनिक्लब बच्चों के आराम और सुरक्षा के लिए प्रोडक्ट को डिजाइन करते समय अत्यधिक सावधानी बरतता है। मिनिक्लब बेस्ट क्वालिटी वाले प्रोडक्ट को बाजार में लाते समय सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस का पालन करता है। अमेजन, मिंत्रा, फ्लिपकार्ट और अजीओ जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी इसकी मजबूत उपस्थिति के साथ इसे 450 से अधिक मल्टी ब्रांड्स आउटलेट्स में रिटेलर द्वारा भी इसके उत्पादों की ब्रिक्री की जाती है।

## नगर पालिका द्वारा आवारा पशुओं को हटाने एवं कांजी हाउस में बंद करने की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्ग में बैठे आवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाने के साथ ही मवेशियों को कांजी हाउस में बंद कर रखने की कार्यवाही नगर पालिका द्वारा की गई, इस संबंध में पूर्व से ही मवेशी मालिको को चेतावनी देने के बाद भी खुले में छोड़ दिये गये मवेशियों से नगर की यातायात बाधित होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन के द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप मवेशियों को हटाने व कांजी हाउस में 11 मवेशियों को जप्त कर रखा गया है, उक्त बंद मवेशियों के पैरा, चारा एवं पानी की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की गई है। गार्डन चैक से नया बस स्टैण्ड तक एवं बजरंग चैक से दशहरा मैदान एवं अम्बेडकर चैक में यह कार्यवाही भी गई। नगर पालिका द्वारा प्रयुक्त वाहन काउकेचर के माध्यम से मवेशियों को सुरक्षित कांजी हाउस लेजाकर रखे जाने की कार्यवाही में प्रताप मरैया, सोनू खान, समयलाल, अजय टण्डन, शानू भारती, तुलसी चेलक, सीताराम, राजाराम उपस्थित थे।

## बच्चों के सामने फूंक रहे थे गांजा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



शनिवार की रात गीदम के हारम पारा में कुछ युवक दूसरे के घर में गांजा फूंक्र रहे थे। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर मौके से पांच युवकों को घर में गांजा फूंकते रंगे हाथों पकड़ा। गीदम के हारमपारा निवासी राजकुमार कश्यप ने पुलिस को सूचना दी कि 5-6 व्यक्ति उसके घर में घुसकर नशाखोरी कर रहे हैं। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उसने युवकों को मना किया की घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं इनके सामने शराब गांजा मत पियो। मना करने पर युवक मारपीट पर उतारू हो रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी स्वयं मौके पर पहुंचे जहाँ उन्होंने आकाश उईके पिता रामखिलावन उईके 27 वर्ष, मितेश पाण्डे पिता लम्बोदर पाण्डे उम्र 20 वर्ष, सागर साहू पिता अशोक साहू उम्र 18 वर्ष, अजय रामटेके पिता सीको रामटेके उम्र 22 वर्ष एवं राहुल कश्यप पिता शिवा कश्यपं उम्र 22 वर्ष को रामकुमार के घर में बच्चों के सामने गांजा का कश लगाते पाया। पुलिस द्वारा समझाईश दिये जाने पर गांजे के नशे में धुत्त युवक पुलिस को सूचना देने वाले को देख लेने की धमकी देने लगे। युवकों की धमकी पर पुलिस ने संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका से धारा 151 के तहत् पांचों युवकों को गिरफ्तार किया। सभी युवक गीदम के निवासी हैं जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## सेंचुरी सीमेंट स्कूल बैकुंठ के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस मनाया



**खरोरा।** 27 बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देशन पर सेंचुरी सीमेंट स्कूल बैकुंठ के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवम अन्य शिक्षक तथा 27 बटालियन से पहुंचे पी आई स्टॉफउपस्थित थे। एनसीसी सीनियर पुष्कर यद्धु के मार्ग दर्शन पर कैडेटों ने परेड कर ड्रील की करवाही कर अतिथियों को सलामी दी। कैडेट रवि वर्मा एवम चेतन यद्धु ने एनसीसी व एनसीसी शिविर की जानकारी दी। अपने उद्बोधन में पी आई स्टॉफपुन साब ने छात्रों को उनके अनुशासन के लिए तारीफ की वही सेकेंड ऑफिसर रहे प्राचार्य जी पी शर्मा ने केडेट को पूरी निष्ठा से एनसीसी में अपने जिम्मेदारी को जानने की अपील की। एनसीसी ऑफिसर अवधेश पांडेय ने वर्ष भर केडेट की गतिविधियों की जानकारी दी। एनसीसी सॉन्ग के साथ कार्यक्रम का विसर्जन किया गया तथा अच्छे कार्य करने वाले एनसीसी कैडेटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नेत्रदान पखवाड़ा चित्रकला प्रतियोगिता में जैन स्कूल के आदित्य कोसले फर्स्ट और अनमोल गुप्ता रहे सेकेंड

### संस्थान के कुल बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिला मुख्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीएमएचओ कार्यालय की ओर से बीते अगस्त और सितंबर माह में आयोजित नेत्रदान पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रत के तहत स्कूलस्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के दर्जनों स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें जिला मुख्यालय के प्रतिष्ठित श्री दिगंबर जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया था। उक्त प्रतियोगिता में बनाई गई चित्रकला की ड्राईंग शीट का परीक्षण नेत्र विभाग के द्वारा किया गया और उसमें बेहतर चित्रकला बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। इस संबंध में स्कूल संस्थान की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एसएमडी जैन स्कूल के छात्र आदित्य कोसले मिला वहीं संस्था के ही अनमोल गुप्ता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। संस्था के ही सुनिधि बेक, श्रद्धा रानी, आलिशा अलि, भोनिधि साहू, महार माली और दीपिका साहू को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## उजड़ते हुए दल्लीराजहरा नगर को बचाने व्यापारी संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए 29 को बाइक रैली

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

उजड़ते हुए दल्लीराजहरा नगर को बचाने के लिए नगर हित में राजहरा व्यापारी संघ अब सक्रिय मूड में आ गया है। व्यापारी संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए 29 नवंबर को राजहरा से बालोद जिला कलेक्टर कार्यालय तक एक बाइक रैली निकाल रहा है। इस संबंध में राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने बताया कि व्यापारी संघ हमेशा ही नगर के विकास में सक्रिय रहा तथा समय-समय पर विकास कार्य के लिए आवाज उठाता रहा है।

इस समय राजहरा नगर दिन प्रतिदिन उजड़ने की स्थिति में दिख रहा है। इस नगर को बचाने के लिए राजहरा व्यापारी संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दिनों मुख्यमंत्री, जिलाधीश, एसडीएम, क्षेत्रीय विधायक, प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन से कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से नगर विकास के बारे में चर्चा किया गया है, साथ ही इन्हें ज्ञापन भी सौंपा गया है। लेकिन नगर हित की इन समस्त मांगों में एक भी मांग धरातल पर नहीं आ पाई है। वाधवानी ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है की नगर विकास के लिए शासन प्रशासन द्वारा बात तो की जाती है लेकिन काम कुछ नहीं किया जाता जिसकी वजह से ना यहां कोई रोजगार के साधन उपलब्ध हो पा रहे हैं और ना ही किसी प्रकार की कोई विशेष सुविधा आ रही है जिससे नगरवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बताया गया कि 29 नवंबर को बाइक रैली दोपहर 12:00 नगर का भ्रमण करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने बालोद तक जाएगी यदि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो व्यापारी संघ द्वारा कुछ कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। व्यापारी संघ द्वारा कहा गया कि नगर में 100 बिस्तर अस्पताल, केंद्रीय विद्यालय जल आवर्धन योजना बायपास रोड सहित अन्य मांगों को लेकर संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1932/रीडर-1/2022 जशपुर, दिनांक -22/11/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक विरेन्द कुमार जैन आ. स्व. भौरीलाल जैन,** जाति जैन, निवासी कॉलेज रोड जशपुर, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **व्यवसायिक प्रयोजन (दुकान निर्माण)** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की छायाप्रति, अधिकार अभिलेख की छायाप्रति, ब्लू प्रिंट सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न.1078/5, रकबा 0.040 हे., में से 0.028 हे./वर्ग.मी. ..., प्रयाजनार्थ- व्यवसायिक प्रयोजन (दुकान निर्माण)।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 08/12/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 22/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

क्र. - 223/ शि./ विज्ञापन/ 2022-23 दिनांक 24/11/2022

**// विज्ञापन //**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) में अंग्रेजी माध्यम हेतु LKG एवं UKG की कक्षाओं के संचालन एवं अध्यापन हेतु सत्र 2022-23 हेतु शिक्षक एवं आया के संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

जिसका विवरण निम्नुसार हैः-

| क्रमांक | पदनाम | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | वेतनमान | अनुभव(यदि हो तो) | आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षक | 02 | हायर सेकेंडरी (10+2) कक्षा उत्तीर्ण | 12000(नियत) | | दिनांक07.12.2022 |
| 2. | आया | 01 | 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण | 8000 (नियत) | | दिनांक07.12.2022 |

टीपः

(1) शिक्षक हेतु न्यूनतम अहर्ता हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम में किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण किया गया हो।
(2) महिला अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
(3) किसी बालवाड़ी या प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव हो।
(4) बच्चो की देखरेख करने की क्षमता हो।
(5) आया के लिए न्यूनतम अहर्ता 8 वीं उत्तीर्ण व आया के कार्य का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव हो।
(6) आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।
(7) मांटेसरी शिक्षक एवं आया की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित है तदनुसार नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा।
(8) चयन के दौरान स्थानीय आवेदकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
(9) आवश्यक दस्तावेज (मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, पेनकार्ड) की छाया प्रति दिनांक 07/11/2022 तक कार्यालय प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) 490042 के पते पर रजिस्टर डाक से भेजना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।

प्राचार्य
स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम स्कूल
कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

# गरीबों को नहीं मिले आवास, भाजपा इसे मुद्दा बनाने की तैयारी में

## भाजपा की बैठक में बनी सरकार को घेरने की रणनीति

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

जिला भारतीय जनता पार्टी की बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में राज्य सरकार की उदासीनता के चलते प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आवास निर्माण नहीं होने के मुद्दे पर आगामी कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना व रणनीति तैयार की गई।

भाजपा की बैठक में पूर्व विधायक व खैरागढ़ प्रभारी सियाराम साहू ने कहा कि कार्यकताओं को बूथ स्तर पर विभिन्न आयोजन करने हैं। जिसमें बूथ स्तर पर संयोजक सहसंयोजक व पन्ना प्रमुख के माध्यम से बूथ स्तर पर हर गतिविधियां संचालित की जाएगी।

बैठक में शहर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,ग्रामीण अध्यक्ष नूनकरण साहू,पांडादाह अध्यक्ष बिशेसर साहू,विकेश गुप्ता, टिलेश्वर साहू,प्रकाश सिंह, नरोत्तम सिन्हा,महिला मोर्चा से अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी,उमा सिन्हा,कीर्ती वर्मा,रेखा देवदास, रामेश्वर रामटेके,नरेंद्र श्रीवास, आलोक श्रीवास,शशांक ताम्रकार,तामेश्वर जंघेल,खुमान देशलहरे,आयश सिंह बोनी, मंजीत सिंह,सूरज देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

0 चलाया जाएगा मोर आवास मोर अधिकार अभियान

भाजपा की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को लेकर चर्चा हुई जिसके अंतर्गत विगत4 वर्षो से छत्तीसगढ़ में कमजोर वर्ग के लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पाने की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित को ध्यान में रखकर शुरू की गई योजना छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए सिर्फ सपना ही बनकर रह गई है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत स्तर तक पहुंच कर लोगों को राज्य सरकार की उदासीनता और नाकामी की जानकारी देंगे।



### भाजयुमो करेगी विद्युत मंडल का घेराव

बैठक में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विद्युत मंडल का घेराव करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने बताया कि 29 नवंबर को भाजयुमो द्वारा बिजली बिल व कटौती के विरोध में विद्युत मंडल का घेराव किया जाएगा। जिसमें खैरागढ़ शहर,खैरागढ़ ग्रामीण व पांडादाह मंडल के भाजयुमो सहित सभी प्रकोष्ठों के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

# बमबारी और गोलियों की बौछार के बीच दुश्मनों से टकराए जवान

## एनसीसी के 74वें स्थापना दिवस पर छद्म युद्ध का प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) के 74वें दिवस पर स्थानीय स्टेट स्कूल में छद्म युद्ध में दुश्मनों से लडने़ का हौसला दिखा। वहीं रविवार को आयोजित एनसीसी दिवस पर युद्ध जैसा नजारा देखकर लोग रोमांचित हुए। रविवार को एनसीसी कैडेटों ने फटाखों के बीच छद्म युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन किया। दो देश के जवान आपस में युद्ध करते नजर आए। एनसीसी कैडेट करीब सप्ताहभर से इसकी तैयारी में जुटे रहे।

रविवार को स्थानीय स्टेट स्कूल में आयोजित 74वां एनसीसी दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल रोहित कुमार कौशिक कमान अधिकारी 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव शामिल थे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टेट स्कूल में नवंबर माह के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस मनाया गया। समारोह अवसर पर सुबह 9 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्थानीय हाईस्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। एनसीसी-डे के अवसर पर उत्कृष्ठ कैडेटों को अतिथियों के हाथों से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी समेत अन्य लोग समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भी शामिल थे।

# किसानों को मिली सहूलियत, चिरचारीकला में नवीन धान खरीदी केंद्र की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरचारीकला में नए धान खरीदी केंद्र का स्वीकृति मिली है। ग्रामीण लंबे समय से यहां केंद्र की स्थापना की मांग कर रहे थे। ग्राम चिरचारीकला और इसके आसपास के ग्रामीणों को हर साल धान शासन को बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। क्षेत्रीय किसानों की इस मांग पर विधायक छन्नी चंदू साहू ने पहल की थी और शासन से चिरचारीकला में धान खरीदी केंद्र की मांग रखी थी। इस सत्र में यहां धान उपार्जन केंद्र की स्वीकृति से क्षेत्रीय किसानों में हर्ष है।

ग्राम चिरचारीकला में नवीन धान खरीदी केंद्र की शुरुआत से क्षेत्रीय किसानों को जो राहत मिलेगी उससे वह गदगद हैं। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही स्थानीय विधायक छन्नी चंदू साहू का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय व आसपास के ग्रामीणशत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा, पूनम शर्मा, रिखी राम साहू, गोपाल सोनी, रोशन वैष्णव, कंसराम दमोह, प्रीतराम, छोटेलाल, हरिचंद, नरेंद्रदमोहे, सुरेश शर्मा, विक्रम साहू, चेमुन साहू, तुलसी साहू, भागवत मिचार्लाए, मदन साहू, यशवंत चंद्रवंशी, संतोष, लतेल यादव, जंगलू राम चंद्रवंशी, भग्गू मंडावीऔर महेश चंद्रवंशी ने कहा कि, अब धान को उपार्जन केंद्र तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। हमें कम दूरी तय करनी है और यहां लंबी लाईन से भी छुटकारा मिल जाएगा।

विधायक छन्नी साहू ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया पर कहा कि, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार के लिए किसान हित को सर्वोपरी है। न्याय योजना हो या सहूलियत के लिए सहकारी बैंकों की नई शाखाओं की स्थापना या फिर नवीन धान खरीदी केंद्र। उन्होंने चिरचारीकला क्षेत्र के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि, अब किसानों को टोकन के लिए भी लाईन लगाने की जरुरत नहीं है। सरकार ने इसके लिए भी एंड्राईड एप्प जारी किया है।

### शहर में फिर चाकूबाजी, भाजपा पार्षद के भाई समेत दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात शहर के बीच भाजपा पार्षद के भाई और एक अन्य आरोपी ने चाकूबाजी की वारदात कर दी। जमात पारा इलाके में हुई इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय पुराना अस्पताल फौव्वारा चौक में मुंगेडी का व्यवसाय करने वाला युवक मनोज यादव अपने बड़े भाई के साथ दुकान बंद कर देर रात घर पहुंचा। रात्रि भोजन के बाद वह टहलने के लिए बाहर गया और रात करीब एक बजे खून से लथपथ हालत में वह रोते-चिल्लाते घर लौटा। खून से सने युवक मनोज ने अपने भाई को बताया कि बजरंग मंदिर रोड के पास जीवन यादव नामक दोस्त के साथ वह खड़ा था। इसी दौरान अक्कू यादव और मयूर यादव गाली-गलौज करते उसके पास पहुंचे और उस पर अक्कू यादव ने चाकू से दाहिने कंधे एवं सिर में वार किया।

# बंद पड़ी फैक्ट्री में चल रहा था गुटखे का कारोबार

- पुलिस ने सोमनी इलाके में मारा छापा, 82 लाख का माल जब्त

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अवैध गुटखा कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई-कोपेडीह मार्ग पर बंद पड़ी फैक्ट्री में छापा मारकर 82 लाख की सामग्री जप्त की है। इस फैक्ट्री के संचालन की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। बीते शनिवार को अफसरों के साथ टीम ने घेराबंदी कर यहां रेड की तो बंद पड़ी फैक्ट्री में अवैध तरीके से गुटखा बनाए जाने का खुलासा हुआ।

पुलिस के मुताबिकनगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव अमित पटेल के नेतृत्व में टीम ने 26 नवंबर की शाम 5.30 बजे यहां रेड की। इसके लिए थाना सोमनी, कोतवाली, लालबाग और सायबर सेल की टीम गठित की गई थी। संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना सोमनी क्षेत्रन्तर्गत ग्राम जोरातराई कोपेडीह मार्ग पुलिया के पास में बंद फैक्ट्री में अवैध रूप से गुटखा तम्बाखु/जर्दा युक्त (सितार व अन्य कम्पनी का गुटखा) बनाने की फैक्टरी संचालित किए जाने का भंडाफोड़ हुआ। जानकारी के मुताबिक मौके पर सुपरवाइजर राजस्थान निवासी भंवर लाल चैधरी (45) को नोटिस दिया गया। लेकिन उन्होंने कोई कागजात पेश नही किए। इस पर थाना सोमनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए घटना स्थल से गुटका केमिकल तरल पदार्थ, कटिंग सुपारी, बिड़ी पत्ती तंबाकू, गुटखा मसाला पाउडर, केसर युक्त गुटखा, ठंडाई केसर युक्त गुटखा, परफ्यूम तरल पदार्थ, जर्दा, कत्था पाउडर, कत्था चूना पदार्थ से तैयार केसर युक्त पाउच, सितार पाउच के प्लास्टिक रोल, सितार पैकिग गुटखा जब्त किया गया। इन सबकी कुल कीमत 82 लाख 14 हजार रूपये आंकी गई है।



### नामी व्यवसायी चला रहा था फैक्ट्री

यह फैक्ट्री कौन चला रहा था ! इस फैक्ट्री के संचालन की शिकायतें महिनों से हो रही थी। बताया जाता है कि इस फैक्ट्री का संचालन शहर के किसी नामी व्यवसायी परिवार द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। यहां बाजार में मिलने वाले सितार जैसे गुटखे तैयार किए जारहे थे। बंद फैक्ट्री की आड़ यह गोरखधंधा किया जा रहा था। बताया जाता है कि इसका संचालन करने वाले होटल व अन्य व्यवसाय से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने रेड कर मामले का भंडाफोड़ तो कर दिया है लेकिन इसके संचालकों के नाम का खुलासा होता है या नहीं इस पर निगाहें लगी हुई है।

## कांग्रेस का बहुरूपिया स्वांग अब नहीं चलेगा : कोमल सिंह

**राजनांदगांव।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपुत ने कहा कि कांग्रेस बहरुपिया पार्टी है और उसकी नीति देश की जनता को धोखा देने की है। इसलिए वह तरह-तरह के स्वांग रचती है। राजपूत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा की बघेल चमच से बासी खाते है। कांटे में मुनगा फंसा कर चूसते है और शानदार सफेद नैपकिन लगाकर टेबल पर शाही अंदाज में आसन लगाकर लगभग एक समान तरीके से भोजन करने की शैली को लोग देखते हैं। यह सब व्यवस्था प्रायोजित तरीके से की जाती है। बाहरी तौर पर ऐसा दिखावा करना भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान है। राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए अभियान भी इसलिए पूरे नहीं किए जा रहे हैं कि ईससे भाजपा का नाम न हो जाए। अमृत जल मिशन योजना को पूरी तरह से कांग्रेस ने फ्लॉप करने पर आमादा है। मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, दिग्विजय स्टेडियम और ऐसे कई राजनंदगांव के धरोहर हैं जो कांग्रेस की अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। कांग्रेस खुद कार्य नहीं कर रही और उल्टा भाजपा पर आरोप लगा रही है।राजपूत ने जोर देकर कहा की ऐसी दोगली नीति पहले चला करती थी,परंतु अब कांग्रेस की बहरुपिया स्वांग नीति नहीं चलेगी ।

# आरटीई में स्कैम पर घिरे खरे पर पहली कार्रवाई, प्रभार छिना

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आरटीई हितग्राही बच्चों के शाला छोड़ने, निजी शालाओं को इसका अनुचित लाभ देने जैसे गंभीर आरोपों से घिरे शिक्षा विभाग के सहायक संचालक आदित्य खरे से आरटीई नोडल अधिकारी का दायित्व छिन लिया गया है। यह कार्रवाई उनके जांच के दायरे में आने के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में राज्य ने संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग को विस्तृत जांच करने का आदेश दिया है।

आरोप है कि, अविभाजित राजनांदगांव जिले में आरटीई के तहत जिन बच्चों को प्रवेश दिलवाया गया उनमें से कुछ तो शाला पहुंचे ही नहीं। वहीं कुछ ने वहां से पढ़ाई छोड़ दी। इससे भी बड़ा आरोप ये कि कुछ बंद निज स्कूलों को भी आरटीई के तहत सरकार की ओर से फंड मिलता रहा। इन सबके पीछे आरटीई के नोडल अधिकारी आदित्य खरे को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन पर विधानसभा सत्र में छूठी जानकारी पेश करने का भी आरोप है।

लंबे समय से शिकवा-शिकायतों और जांच के बाद प्रकरण के बाद आदित्य खरे पर यह पहली कार्रवाई की गई है। डीईओ राजेश सिंह ने उन्हें नोडल अधिकारी के पद से हटाते हुए इसकी जिम्मेदारी सहायक परियोजना अधिकारी पीसी मरकले को दी है।

**विधानसभा में दी झूठी जानकारी :** जानकारी के मुताबिक अवभिाजित राजनांदगांव जिले में कोरोना काल में लगभग 45 प्रायवेट स्कूल बंद हो गए। इसमें लगभग एक हजार आरटीई के गरीब बच्चे अध्ययनरत थे। यह बच्चे आज कहां है, इसकी कोई जानकारी आरटीई नोडल अधिकारी के पास नहीं है। बावजूद इसके उन्होंने दो बार छत्तीसगढ़ विधान सभा में यह जानकारी दी कि कोरोना काल में जितने भी प्रायवेट स्कूल बंद हुए उनमें अध्ययनरत् सभी बच्चों को दुसरे स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया है।पैरेंट्स एसोसियेशन ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की तो बच्चों का सत्यापन कराने पर खुलासा हुआ कि आरटीई के लगभग चार हजार गरीब बच्चों ने प्रायवेट स्कूल छोड़ दिया।

**जिन स्कूलों में बच्चे नहीं उसे लाखों मिले :** रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल, खैरानर्मदा और उदयपुर, विकासखण्ड छुईखदान के सभी 132 आरटीई ने गरीब बच्चों को शालात्यागी बता दिया गया जबकि इन स्कूलों को प्रतिवर्ष लाखों रूपया लगातार आरटीई प्रतिपूर्ति राशि हस्तांतरित किया जा रहा था। वैसे ही गौतम टेक्नो स्कूल, मोहला में सिर्फ 6 आरटीई के बच्चों को सत्यापित किया गया जबकि इस स्कूल को 21 बच्चों के हिसाब से एक लाख सैंतालित हजार रूपया हस्तांतरित किया गया था।

# विधायक द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान का चेक वितरण




पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधायक व छग राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि का चेक वितरण किया। उन्होंने विधानसभा मुख्यालय डोंगरगांव नगर सहित ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों के लगभग 36 जरूरतमन्द लोगों को विभिन्न मापदंडों के आधार पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विधायक ने जरूरतमन्दों को चेक प्रदान किया। उक्त अवसर पर जपंअध्यक्ष टिकेश साहू, जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा, तहसील साहू संघ संरक्षक अमरनाथ साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष हेमंत साहू, मोहनीश साहू, मोनिका साहू, मयंक यदु, लीलम गोस्वामी व पुरुषोत्तम साहू सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस दौरान लाभान्वितों ने मुख्यमंत्री व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भावेश पटेल का एमबीबीएस में चयन



**छुरिया।** अंचल के भावेश पटेल ने चिकित्सा शिक्षा के लिए आवश्यक चयन परिक्षा नीट 2022 में5वीं रैंक हासिल की थी। भावेश का चयन अब एमबीबीएस की शिक्षा के लिए शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर में हुआ है। होनहार छात्र भावेश पटेल डॉ अनिरुद्ध पटेल एवं राजकुमारी पटेल के पुत्र हैं। डॉ अनिरुद्ध पटेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पद पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में पदस्थ हैं। वे यहां विगत कई वर्षों से ग्राम में अपनी सेवा दे रहे है। बेलरगोंदी एवं आस पास के ग्रामीण जनों ने इस खुशी के मौके पर पटेल परिवार को बधाईऔर शुभकामनाएं दी है।

## राष्ट्रसंतों का गाजे-बाजे के साथ तुमड़ीबोड में हुआ मंगल प्रवेश, प्रवचन का हुआ आयोजन

# सोच को सकारात्मक बनाएं, हिमालय से भी ऊंचे बन जाओगे : राष्ट्रसंत ललितप्रभजी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/तुमड़ीबोड़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रसंत ललित प्रभ जी महाराज साहब ने कहा कि सोच को सकारात्मक बनाएं। उन्होंने कहा कि जीवन के विकास और सफलता के लिए जब दुनिया के सारे मंत्र निष्फल हो जाते हैं, तब एक मंत्र निकलकर आता है- सकारात्मक सोच। जो लोग कल तक जमीन पर भी नहीं चल पाते थे, उन्हें आकाश में यदि किसी ने उड़ाया है तो उसका बड़ा कारण है उनकी बड़ी सोच।

उन्होंने कहा कि वे लोग हिमालय से भी ज्यादा उंचे हुआ करते हैं, जिनकी सोच बड़ी हुआ करती है। मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे, चर्च में भगवान अलग-अलग रूपों में रहते हैं पर जहां आदमी की सोच निर्मल हुआ करती है, वहां सारे भगवान रहा करते हैं। जिंदगी में सबसे बड़ी दौलत अगर कोई है तो वह है अच्छी सोच। बड़ी सोच रखने वाला इंसान के चोले में भगवान होता है।

संत प्रवर रविवार को सकल जैन श्री संघ द्वारा सार्वजनिक दुर्गा मंच में आयोजित प्रवचन के दौरान पॉजिटिव थिंकिंग से जीवन को कैसे स्वर्ग में विषय श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टूटे संबंधों को जोड़ने, व्यापार का घाटा सहने, समाज में पड़ी दरारों को दूर करने, आपस में बनी दूरियों को कम करने इन सबका एक ही उपाय है आदमी की बड़ी सोच, उसकी पॉजीटि्व सोच। क्योंकि बड़ी सोच का बड़ा परिणाम होता है।



### बड़ी सोच वाले भाई-भाई कभी अलग नहीं होते

संतश्री ने कहा कि जहां बड़ी सोच होगी, वहां कभी भी समाज में विघटन, पड़ोसी से अनबन, परिवार में बिखराव, संबंधों में दूरी नहीं हो पाएगी। परिवार के बीच बड़ी सोच रखने वाले भाई-भाई कभी अलग नहीं होते। भाई-भाई अलग तब हो जाते हैं जब उनकी सोच छोटी हो जाती है। रावण ने श्रीराम से मरते वक्त यही कहा था कि मैंने जिंदगीभर नहीं सोचा था कि मैं इतना शक्तिशाली, वैभवशाली होकर भी कभी युद्ध हार जाऊंगा। तुम इसीलिए जीत गए कि तुम्हारा भाई तुम्हारे साथ था और मेरा भाई मेरे नहीं तुम्हारे साथ था। ये है भाई-भाई के प्रेम की ताकत। जिस समय कोई माहौल बिगड़ा हुआ हो तब केवल 30 सेकंड के लिए अपनी सोच बड़ी बना लो, तुम जीवन की बाजी जीत जाओगे।

### पॉजीटिव थिंकिंग से खुलते हैं सफलता के द्वार

पॉजीटिव थिंकिंग का सिद्धांत असफल व्यक्ति के जीवन में भी सफलता के द्वार खोल देता है। इस कथन को दोहराते हुए संतश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान कर कहा कि घर जाकर सुबह प्रार्थना करने बैठे तो ईश्वर से कहना कि हे ईश्वर जिससे मेरी अनबन है-झगड़ा चल रहा है, तू उसका भला कर, तू उसे अच्छी बुद्धि दे। आपकी यह बड़ी सोच, बड़ा नजरिया, आपकी यह पवित्र भावना कमाल जरूर करेगी। सोच ही यदि छोटी हो तो आपको 56 भोग भी फीके लगने लगते हैं। आज से हम इस मंत्र को अपने जीवन में जोड़ लें कि अपनी सोच को हम सदा बड़ा बनाए रखेंगे।

इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया।इससे पूर्व संतों के नगर आगमन पर बाजार चौक से विराट सत्संग शोभायात्रा का आयोजन हुआ जो जैन स्थानक पहुंची जहां पर जैन समाज और सकल समाज के हजारों श्रद्धालु भाई बहनों द्वारा संतों का धूमधाम के साथ अभिनंदन और स्वागत किया गया।

प्रवचन कार्यक्रम में दिलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, अजय जैन, जैन संघ अध्यक्ष अशोक जैन, सुरेश जैन, धर्म चंद जैन, ताराचंद जैन, शिवम जैन, नरेंद्र कुमार जैन, हेमचंद जैन, आशीष गोलछा, जीवन जैन, नयन जैन, राजेंद्र जैन, विजय पारख, लाल साहू, रौनक पटेल सरपंच, मोहित पटेल ग्राम प्रमुख, रोशन सेठ साहू, दुकान साहू, महेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य, गुलाब वर्मा, निवेदन साहू, आकाश लोढ़ा, खेलू राम साहू, गोपाल पटेल, सुदर्शन साहू, जय राम साहू, पितांबर साहू एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अनेक लोग उपस्थित थे।

# गेवरा खदान में ठेका कर्मी की मौत के बाद हंगामा सहकर्मियों ने जताया विरोध, कामकाज रहा प्रभावित

## गेवरा माइंस के एक हिस्से में संचालित केजेसीएल की साइट पर नाइट शिफ्ट में दुर्घटना

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा माइंस के एक हिस्से में संचालित केजेसीएल की साइट पर नाइट शिफ्ट में दुर्घटना हुई। इसमें पेशे से वाहन चालक की स्थिति अचानक बिगड़ गई। कुछ देर बाद उसे गेवरा के नेहरू शताब्दी हॉस्पिटल भेजा गया जहां चिकित्सक ने मृत्यु की घोषणा की। घटना को लेकर निजी कंपनी के कर्मचारियों ने साइट कार्यालय पर जमकर हंगामा किया और कई प्रकार के आरोप लगाए।घटना में मृत कर्मचारी कान्हा बलराम यादव बताया गया है जो पुलिस थाना दीपका क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का रहने वाला था। काफी समय से वह निजी कंपनी केजेसीएल में नियोजित था। बताया गया कि वाहन चालक के रूप में बलराम कंपनी को अपनी सेवाएं दे रहा था। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा माइंस के नजदीक ही निजी कंपनी को अपना कामकाज करने के लिए प्रबंधन ने परमिट ग्रांट किया है। उक्तानुसार मौके से कार्यों का संचालन किया जा रहा है। अपने कार्यों के लिए अलग-अलग कैटेगरी में कंपनी ने कर्मियों को डिप्लोएड किया है। इन्हीं में शामिल बलराम यादव की ड्यूटी नाइट शिफ्ट में थी। खबर के अनुसार रात्रि को एकाएक उसे हार्ट अटैक आया। पसीने से तरबतर होने और जबरदस्त बेचैनी की स्थिति की जानकारी होने पर कैम्प में भयमिश्रित वातावरण बन गया। कर्मचारियों के द्वारा इस बारे में कर्ता-धर्ताओं को अवगत कराया गया। आनन-फानन में पीड़ित को नेहरू सेंचुरी हॉस्पिटल गेवरा भिजवाने की व्यवस्था की गई। पता चला कि अस्पताल में उसे बहुत अधिक समय नहीं रखा जा सका और चिकित्सक ने उसकी मृत्यु की घोषणा की। इसका पता चलने के बाद सहकर्मियों ने घटनाक्रम को लेकर नाराजगी जताई और डीजी कंपनी के साइट पर पहुंचकर हंगामा करते हुए कामकाज ठप कर दिया। कामगारों के इस मामले में अलग तर्क है। उनका कहना है कि अत्याधिक प्रेशर और लापरवाही के कारण घटना हुई है। समाचार लिखे जाने तक मौके पर गतिरोध बना हुआ था। इस संबंध में एसईसीएल के एक अधिकारी का कहना है कि नाइट शिफ्ट में यह घटना गेवरा माइंस की बाउंड्रीवॉल से अलग हटकर निजी कंपनी केजेसीएल की साइट पर हुई। उसके एक कर्मचारी की हार्टअटैक से मौत होने की खबर मिली है। घटना एसईसीएल के क्षेत्र से बाहर है इसलिए इसका हम से कोई लेना देना नहीं है। मामले की जिम्मेदारी कम्पनी की है।

# रेलवे ने बनाया 100 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकार्ड



- चालू वित्तीय वर्ष के 239 दिनों में रचा कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

बिलासपुर रेल मंडल ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकार्ड बनाया है। जिले की कोयला खदानों से भारी भरकम कोयला विभिन्न संयंत्रों में भेजा जाता है। रोजाना 40 रेक से अधिक कोयला भेजा जाता है। जिसके बूते रेल मंडल हमेशा ढुलाई का कीर्तिमान बनाता रहा है।

बिलासपुर रेल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष के 239 दिनों में 1 अप्रैल से 25 नवंबर तक 100 मिलियन टन माल ढुलाई कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डिवीजन ने अपना पिछले वर्ष का रिकार्ड स्वयं ही तोड़ा है। इस कामयाबी पर डीआरएम प्रवीण पांडेय सहित परिचालन विभाग के अन्य अफसरों ने केक काटकर खुशियां मनाई।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान्न रासायनिक खाद, खनिज, तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है।मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडेय ने अपने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए औरं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया ।

# सुखरीकला में एनएसएस शिविर का आगाज

**कोरबा।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शास उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला का विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य बीएल चौधरी के संरक्षण में ग्राम नवापारा अमलडीहा (उमरेली)के प्राथमिक शाला भवन मे मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद, भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पूजन वंदन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य



आतिथि जनपद सदस्य मीना देवी टंडन, विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच फिरोज बाई कंवर एवं अध्यक्षता बीएल चौधरी ने की। स्वयं सेवक छात्रा कु नीतू यादव, रागिनी मन्नेवार, भुवनेश्वरी साहू सहित अन्य छात्राओं के द्वारा राजगीत, अरपा पैरी के धार, व सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।

# शिक्षा विभाग के सुस्त रवैय्ये से चार दिन बाद भी स्कूल में शुरू नहीं हुई पढ़ाई

- मुढ़ूनारा की शिक्षिका के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला है मोर्चा

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




शिक्षा विभाग के सुस्त रवैय्ये के कारण पिछले चार दिनों से मुढ़ूनारा स्कूल में चल रहे विवाद का पटाक्षेप नहीं हो पाया है। अधिकारी जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण शिक्षिका के स्थानांतरण के बिना बच्चों को स्कूल भेजने के पक्ष में नहीं है। इन दोनों के बीच बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सोमवार को भी जब स्कूल खुलेगा तो विवाद पटाक्षेप के अभाव में कक्षा संचालित होने की उम्मीद कम ही है। कोरबा विकासखंड के ग्राम मुढ़ूनारा में संचालित प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका को हटाने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने शाला का बहिष्कार कर दिया है। छात्रों और उनके अभिभावकों का आंदोलन पिछले 4 दिनों से जारी है। स्कूल में स्टाफ तो पहुंच रहे हैं, लेकिन बच्चे नहीं आ रहे। इसके बावजूद गतिरोध को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मुढुनारा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और उनके पालकों की मांग है कि पहले शिक्षिका पुष्पा कंवर को हटाया जाए, तभी वे अपने बच्चों को स्कूल भेजना शुरू करेंगे। उन्होंने शिक्षिका पर स्कूल में देरी से आने, मिड डे मील में गड़बड़ी करने, मनमानी पूर्वक काम करने सहित कई आरोप लगाए हैं। गांववालों ने कहा कि शिक्षिका का व्यवहार भी बच्चों और उनके परिजनों के साथ अच्छा नहीं है। ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक शिक्षिका का स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक स्कूल का बहिष्कार जारी रहेगा। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम भेजी गई थी, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया।

# बाड़ी विकास योजना से समूह की दीदियां हो रही आत्मनिर्भर, गोठानों में मिली भूमि पर कर रही हैं खेती

## पारिवारिक खर्चों में निभा रही भागीदारी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिल्हा ब्लॉक के सेलर की महिलाएं सुराजी योजना से आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्हें आजीविका का नया जरिया मिल गया है। इन्हीं महिलाओं में जय माता सराई श्रृंगार महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां भी शामिल है। बाड़ी विकास का कार्य कर सफलता की नयी सीढ़ियां चढ़ रही है। बाड़ियो में सब्जी लगाकर अपनी आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ कर अपना जीवन संवारने के साथ ही अपने गांवों की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। स्व सहायता समूह से जुड़ी दीदी रामिन केंवट और रानी बाई धुरी ने बताया कि वे ग्राम पंचायत सेलर की निवासी है। उनके पास जमीन नहीं है, किन्तु सुराजी योजना प्रारम्भ होने से उन्हें खेती-बाड़ी करने के लिए गोठान में जमीन दी गई है। दीदियों ने गोठान की मिली जमीन पर सब्जी लगाना शुरू किया। दीदियों ने अपनी कड़ी मेहनत से 46 हजार से अधिक राशि का मुनाफा कमाया है। उनको कुल 96 हजार की आमदनी हुई जिसमें सब्जी उत्पादन में जुताई, बीज, दवा-खाद, पानी, बिजली इत्यादि के लिए 50 हजार रुपए व्यय किया। समूह की दीदियों ने बताया कि सब्जी विक्रय से प्राप्त मुनाफा राशि से वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिला रही है। इसके साथ ही पारिवारिक खर्चों में भी अपनी भागीदारी निभा रही है। बाड़ी विकास से प्राप्त सफलता से प्रोत्साहित होकर अब वे अच्छे फल वाले पौधे लगाकर अपनी आय बढ़ाने की दिशा में अग्रसर हो रही हैं। उन्होंने ऐसी फायदेमंद योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है।

# पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता < गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com

पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभातचंद्र प्रभाकर ने आज हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उददेश्य से इस वर्ष अब पुरुष निभायेगे जिम्मेदारी-परिवार नियोजन अपनाकर दिखायेगें अपनी भागीदारी थीम पर 4 दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयेजित किया जा रहा है। यह आयोजन दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण मोबिलाइजेशन एवं जागरुकता और द्वितिय चरण सेवा प्रदायगी के रूप में मनाया जाएगा। सेवा प्रदायगी 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक के दौरान पुरुष नसबंदी सेवा को शासकीय अस्पतालों में निशुल्क दी जाएगी। समुदाय स्तर पर मितानीनों एवम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा लक्ष्य दंपत्तियों से संपर्क कर व्यक्तिगत चर्चा एवं समुदाय आधारित सास-बहु सम्मेलन आयोजित करके पुरुष नसबंदी के फायदे बतायेंगें और समुदाय में फैले हुये पुरुष नसबंदी से संबंधित मिथकों और भ्रांतियों के दूर करने के लिए परामर्श देंगे। जागरुकता रथ रवानगी के अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी पेंड्रा डॉ ए आई मिंज, अरविंद सोनी विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक, इमरान खान कसल्टैंट, राजेन्द्र सिंह सहित स्टाफनर्स एवम स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निजी कंपनी ने 15 कामगारों को निकाला बहाली की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी



पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में नियोजित बिगनेश इन्फ्रा आउट सोर्सिंग कंपनी में ज्वाइनिंग के बाद 15 कर्मियों को काम से निकाल दिया गया है, जिन्हें बहाल करने की मांग को लेकर गेवरा मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया है। काम पर वापस नहीं बुलाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। एसईसीएल गेवरा एरिया अंतर्गत मिट्टी हटाने के काम पर नियोजित बिगनेश इंफ्रा ठेका कंपनी में भूविस्थापित परिवार के 15 बेरोजगारों को विभिन्न पदों पर भर्ती किया गया था। जिस दिन से उन्हें ड्यूटी दिया जाना था उस दिन उक्त कंपनी के इंचार्ज के द्वारा यह कहकर काम से वापस कर दिया गया कि एसईसीएल के द्वारा जारी लिस्ट के आधार पर ही काम पर रखा जायेगा। जिसे लेकर सौंपे गये ज्ञापन में सलंग्न सूची के सभी बेरोजगारों को तत्काल काम पर रखे जाने की मांग की गई है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में एसईसीएल गेवरा के नोडल अधिकारी अमिताब तिवारी, नरसिम्हा राव ने दो दिनों में मामले के निराकरण करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने के दौरान संगठन के केंद्रीय कोषाध्यक्ष रूद्र महंत, गेवरा इकाई उपाध्यक्ष जगदीश पटेल, सचिव सन्तोष दास, उजाला महंत, चितरंजन दास, रवि बिंझवार, प्रशांत यादव, मन्नू चौहान, राम फल, राजू दास, फिरतु दास, समारू दास, प्रियांशु सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रश्न पत्र में निजी कोचिंग संस्थान का प्रचार नियमों के विपरीत हो रहा काम, विभाग नहीं गंभीर

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



निजी स्कूलों में भारी भरकम फीस देकर बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों को ट्यूशन के नाम पर भी हर माह मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। यही वजह है कि कोचिंग संस्थानों की बाढ़ आ गई है। प्रतिद्वंदिता के इस दौर में प्रचार-प्रसार के लिए नियमों को ही ताक पर रख दिया जा रहा है। सीबीएसई निजी स्कूल में भी कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है। कोचिंग संस्थानों द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के नाम पर सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों एवं अन्य स्कूलों में परीक्षा आयोजित कर खुलेआम अपने संस्थान का प्रश्न पत्र में ही प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि यह सीबीएसई के नियम एवं शासन के नियमों के विपरीत है। इस प्रकार से स्कूल के माध्यम से विभिन्न निजी कोचिंग संस्थानों द्वारा अपने संस्थानों का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रश्न पत्र में ही किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत होने की पूरी संभावना है। नाम ना उजागर करने की शर्त पर अभिभावकों ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में इस तरह का छपा प्रश्न पत्र हल करने के लिए विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से दिया गया था। सवाल तक तो सब ठीक लेकिन प्रश्न पत्र के नीचे और अंतिम पृष्ठ पर मौजूद प्रचार सामग्री पर अभिभावकों की आपत्ति है। निजी और महंगे कुछ कोचिंग संस्थानों के द्वारा इस तरह से प्रश्न पत्र के जरिये स्कूलों में घुसकर प्रचार कतई उचित नहीं है।

### कोरोना ने बिगाड़ी आर्थिक स्थिति

वैसे भी कोरोना काल में कई पालकों की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है। ऐसे में कई सम्पन्न छात्र-छात्राएं इन कोचिंग संस्थानों में प्रवेश लेते हैं तो अन्य विपन्न विद्यार्थियों के मन में हीन भावना जागृत होती है। इस प्रकार खुलेआम शैक्षणिक संस्थानों में इन कोचिंग संस्थानों के द्वारा प्रश्न पत्र के जरिये व्यापक प्रचार-प्रसार कर डेटाबेस संग्रहण कर छात्रों से सीधे संपर्क किए जाते हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार से प्रलोभन दिया जाता है जिससे छात्रों द्वारा अपने माता-पिता से इनको स्थानों में जाने के लिये मानसिक दबाव बनाया जाता है। इस प्रकार इन कोचिंग संस्थानों का व्यवसाय फल-फूल रहा है जबकि आम नागरिक महंगाई, भ्रष्टाचार, आर्थिक समस्याओं से त्रस्त व ग्रस्त है। ऐसी स्थिति में इन कोचिंग संस्थानों का सीधे स्कूल में प्रवेश कर अपना व्यवसाय स्थापित किया जाना सुनियोजित साजिश की ओर इशारा कर रही है।

# जीपीएम पुलिस ने 2 गुम बालिका एवं 5 गुमशुदगी के प्रकरणों में की दस्तयाबी

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com



जीपीएम पुलिस की टीम के द्वारा दतिया, उज्जैन, भोपाल एवं झांसी से गुम बालिका एवं युवक-युवतियों को किया बरामद पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ के द्वारा गुम बच्चों की खोजबीन प्रत्येक जिलों में विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण (आईपीएस) के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारियों को ऑपरेशन मुस्कान संचालन किए जाने एवं अधिक से अधिक संख्या में गुम बालक बालिकाओं एवम् गुम इंसानों की पातासाजी का निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक लता चौरे के निर्देशन में थाना मरवाही की टीम के सदस्य सहायक उपनिरीक्षक नवीन मिश्रा, आरक्षक इंद्रपाल अरमा महिला आरक्षक ईश्वरी मरावी के द्वारा उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में जाकर वर्ष 2013 में दर्ज गुम इंसान महेंद्र उर्फ सोनू पिता खूब लाल एवं दुलरिया भाई पिता कमलेश केवट निवासी चंगेरी को उज्जैन, वर्ष 2019 में दर्ज गुम इंसान कमलावति यादव पिता रेवा लाल यादव निवासी बरौर को दतिया, इसी प्रकार माह जुलाई में दर्ज गुम इंसान की रिपोर्ट पर रेखा बाई केवट पति जमुना केवट निवासी भरीडाँड़ को जिला आगर से दस्तयाब किया गया। थाना मरवाही के क्षेत्र अंतर्गत गुम बालिका को जिला झांसी उत्तरप्रदेश के ग्राम खिरिया से अपचारी बालक के साथ बरामद कर लाया गया तथा वैधानिक कार्यवाही उपरांत बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय बिलासपुर में अभिरक्षा में भेजा गया है। इसी प्रकार थाना पेंड्रा के टीम के प्रधान आरक्षक हितेश सिंह, आरक्षक हेमसिंह महिला आरक्षक सरिता सिंह के द्वारा ग्राम धोबहर से गुम इंसान कुमारी प्रार्थना गुप्ता पिता राजेश कुमार केसरवानी को धोबहर से तथा पेंड्रा क्षेत्र से गुमी एक बालिका को रतनपुर से दस्तयाब किया गया है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा कहा गया है कि जीपीएम पुलिस गुम बालक बालिकाओं एवं गुम युवक-युवतियों की पतासाजी के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है निश्चित ही इसके बेहतर परिणाम भविष्य में सामने आएंगे।

## शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से आंदोलन के आसार

# हैवी ब्लॉस्टिंग को लेकर भडक़ा ग्रामीणों का आक्रोश

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले एसईसीएल सालाना लक्ष्य पाने पूरा जोर लगा रही है। इसके लिए खदानों में हैवी ब्लॉस्टिंग कर कोयला उत्पादन बढ़ाने ताकत झोंक दी गई है। जिसका खामियाजा खदान आसपास के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हैवी ब्लॉस्टिंग के खिलाफ एक बार फिर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से जनआंदोलन के आसार हैं। एसईसीएल गेवरा में हो रहा हैवी ब्लास्टिंग कम होने का नाम नंही ले रहा। प्रबंधन कहता कुछ और है करता कुछ और है। पूर्व में भिलाई बाजार के ग्रामीणों ने खदान बंद कर हैवी ब्लाटिंग को बंद करने की बात कही थी, जिसपर एसईसीएल प्रबंधन ने हैवी ब्लास्टिंग को बंद करा देने के बात कही थी, जब ग्रामीण धरना स्थल से अपने अपने घर नही पहुंचे थे और ऐसे जोर दार धमाकेदार ब्लास्टिंग हुई कि लोग अपने घरों से बाहर आ गए कि ये ब्लास्टिंग है की भूकंप। कुछ ने तो ये भी कहा कि एसईसीएल गेवरा प्रबंधन भिलाई बाजार के ग्रामीणों का धरना समाप्त होने की खुशी में फटाके फोड़ रहा हैं। वहीं 25 नवम्बर को भिलाई बाजार शिशु मंदिर प्रांगण में जिला प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन, और ग्रामीणों की बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई जिसमें ग्रामीणों ने भिलाई बाजार का पूर्ण अधिग्रहण, हैवी ब्लास्टिंग सहित चार सूत्रीय मांग प्रबंधन के सामने रखी जिसमें एरिया जीएम मोहंती ने हैवी ब्लास्टिंग को बंद करने की बात कही थी, लेकिन जैसे ही शिविर खत्म हुआ वैसे ही एसईसीएल गेवरा खदान में एक के बाद एक कई धमाके हुए। वहीं 26 नवम्बर को दोपहर लगभग 2.30 बजे एक के बाद एक कई जोरदार धमाके हुए मानो ऐसा लग रहा था कि कही घर न गिर जाए। खदान में हो रही बार-बार हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं साथ ही आक्रोश में है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि खदान की हैवी ब्लास्टिंग कम नहीं होगी तो वे मजबूरन खदान में उतर कर इसे बंद करा देंगे। ग्रामीण कहते हैं कि गेवरा खदान में हो रही ब्लास्टिंग का कोई टाइम टेबल नहीं है। ब्लास्टिंग इंचार्ज जब चाहे अपनी मर्जी से ब्लास्टिंग करा सकते हैं। एसईसीएल की मनमानी से लोगों में आक्रोश फूट रहा है। हैवी ब्लास्टिंग की जानकारी ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग इंचार्ज त्रिपले से ली तो उन्होंने बताया कि आज 70-70 होल में एक साथ एक के बाद एक करके चार से पांच बार ब्लास्टिंग की गई। त्रिपले ने बताया कि इसके पूर्व 100-120 होल में ब्लॉस्टिंग हो रही थी। ज्ञात हो कि खदान से चंद मीटर की दूरी पर भिलाई बाजार शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय स्थित है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित है। फिर भी एसईसीएल गेवरा के अधिकारियों को फर्क नही पड़ रहा। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि प्रबंधन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है।

# किसानों ने बेचा 18 करोड़ 76 लाख से अधिक का धान

## लगभग 92 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



जिले में 1 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। जिले में अब तक लगभग 92 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी जारी है। खरीदी केंद्रों से 49 हजार 406 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिले के किसान अब तक 18 करोड़ 76 लाख 69 हजार 392 रुपए का धान समितियों में बेच चुके है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया की जिले के खरीदी केंद्रों में धान खरीदी लगातार जारी है। वहीं धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों की संख्या भी बढने लगी है। नए धान खरीदी केंद्रों में भी धान खरीदी शुरू हो चुकी है। सोमवार 28 नवंबर को 55 धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी के लिए कुल 510 टोकन जारी किए गए हैं । इनमें 330 समिति के माध्यम से तथा टोकन तुंहर हाथ ऐप के माध्यम से 180 टोकन जारी किये गए है। जारी टोकन से 20 हजार 680 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 16.73 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

## राज्य सरकार ने 01 करोड़ 10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का रखा लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला लगातार जारी है. छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो चुका है. राज्य सरकार द्वारा 25 नवंबर तक किसानों से 16 लाख 73 हजार 370 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है. इसके एवज में किसानों को 34 करोड़ 81 लाख 65 हजार रुपए का भुगतान भी बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है. धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. सभी धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं। खाद्य सचिव टीके वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं. राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं. सामान्य धान 2040 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान 2060 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है. राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है. उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है. आज की स्थिति में 11.53 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है. जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 7.23 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

राज्य में 25 नवंबर तक 38,461 किसानों से 1 लाख 42 हजार 664 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई. इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 31,127 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई. आगामी दिनों की धान खरीदी के लिए 51,568 टोकन और टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 11,144 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस साल छत्तीसगढ़ सरकार ने 01 करोड़ 10 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में आरक्षक और पत्नी की मौत

रायपुर/धमतरी। छत्तीसगढ़ में इन दिनों जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है सड़क हादसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ज्यादातर सड़क हादसे रात्रि के समय हो रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। कुछ ऐसे ही एक सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आई है। सड़क हादसे में आरक्षक और उसकी पत्नी की मौत हो गई। मृतक आरक्षक धमतरी के केरेगांव थाना में पदस्थ था। आरक्षक अपनी पत्नी के साथ बिलासपुर से धमतरी लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक, थाना केरेगाव में पदस्थ आरक्षक 432 विजय राजपूत 26 नवम्बर को एक दिन की छुट्टी लेकर अपने परिवार के साथ कार से शादी समारोह में सम्मिलित होने बिलासपुर गया था। बिलासपुर से वापस आते समय अभनपुर निमोरा के पास रायपुर रोड में पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में मौके पर ही कांस्टेबल की पत्नी की मौत हो गई। वहीं आरक्षक विजय राजपूत के दोनों पैर एवम शरीर में गंभीर चोट लगने के कारण मसीह अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया।

# सर्व समाज की गिरौदपुरी धाम पदयात्रा हुई शुरू पहले दिन बाबा अमरदास धाम बाराडेरा पहुंची पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





गिरौदपुरी धाम पदयात्रा शुरू हो गई है, इसकी शुरुआत सेजबहार सतनाम भवन से विधिवत पूजा अर्चना के बाद की गई यह पदयात्रा सर्व समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा निकाली जा रही है जिसमें रायपुर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा प्रमुख रूप से शामिल है यह पदयात्रा 6 दिनों तक चलेगी। रोजाना कम से कम पदयात्री 25 से 30 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। यात्रा प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुई पहले दिन सतनाम सेजबहार, डुंडा, कमल विहार, देवपुरी, केनाल रोड ,शंकर नगर, लोधी पारा, मोवा, सड्डू, शांति सरोवर, कचना तुलसी होते हुए बाबा अमरदास धाम बाराडेरा पहुंची वही विभिन्न स्थानों पर पदयात्रा का जोरदार स्वागत आम नागरिकों के द्वारा किया गया जगह जगह पदयात्रा की आरती की गई वही पुष्प वर्षा भी हुई आस्था व विश्वास के इस पदयात्रा में पहले दिन ही सैकड़ों लोग जुड़ते नजर आए आगे धीरे-धीरे और बढ़ सकती है पहले दिन पदयात्रा सेजबहार से बाबा अमरदास धाम बाराडेरा तक की गई तत्पश्चात रात्रि विश्राम बाराडेरा धाम में ही किया गया उसके बाद दूसरे दिन की पदयात्रा बाराडेरा धाम से शुरू हुई।इस यात्रा में यह संदेश देने का प्रयास किया जाएगा की सभी मानव एक समरूप है और समाज को नशा से जितना दूर हो सके रहना चाहिए तभी उन्नति व प्रगति संभव है। पदयात्रा में प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, धरसीवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा , अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा अश्विन बबलु त्रिवेद ,सोलकी जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमश्वरी वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा ,जनपद सदस्य ऊषा जांगड़े, लोकेश्वरी, अध्यक्ष सर्व छत्तीसगढ़िया समाज रमेश यदु, दोंदे खुर्द सरपंच अम्मी रेड्डी ,कृपा निषाद ,उबारन दास, ईश्वर बंजारे, डा पात्रे, आनंद रात्रे, मोहित घृतलहरें, जितेंद्र आजाद, लोकेश, केशव, गंगाधर ,रमेश सोनी, मुकेश साहु, ऋषि बारले, आकाश शर्मा, राजा बंजारे,सहदेव व्यवहार,नानु ठाकुर,भरत छुरा, तीरथ साहु, गोपाल, विजय टडन, हेमंत पटेल, पप्पू बंदे, विकास, लाभुधीवर, क्षत्रपाल, वेदु साहु, अमजद, सजमन, गोलु मिश्रा, मोहम्मद, अशोक सिंहा, पप्पू बंजारे, जयंत साहु, सुमन तिवारी, भागबली सोनवानी, नारायण कुर्रे, दिनेश ठाकुर, अनिल चेलक, जागेश्वर कुर्रे, चैत साहु आदि शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

### प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है। इनमें दस जिला अस्पताल, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 26 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,12 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन का उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है।

छत्तीसगढ़ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एनक्यूएएस (National Quality Assurance Standard) सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दुर्ग जिले के अमलेश्वर और रायपुर जिले के निसदा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र जारी किया है। राज्य के 57 शासकीय अस्पतालों को अब तक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र से नवाजा जा चुका है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सेवाओं के मूल्यांकन में अमलेश्वर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केंद्र को 94 प्रतिशत और निसदा को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों का इस वर्ष जुलाई में केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया था। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके लिए संस्था द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

# छत्तीसगढ़ के कई शहरों में कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



### ग्रामीण इलाकों में भी अधिक ठंड

वहीं शहरों में ग्रामीण इलाकों की तुलना में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी में आज सुबह का पारा 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। जबकि ग्रामीण इलाकों में पारा 8 डिग्री के करीब है। इधर दुर्ग बिलासपुर में रिकॉर्ड 5 डिग्री तक पारा लुढ़का है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में पारा में और गिरावट हो सकती है।

राजधानी रायपुर में रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सयस तक कम है। मौसम विभाग के पिछले 10 साल के रिकॉर्ड में नवम्बर महीने में इतना कम तापमान कभी दर्ज नहीं हुआ है। बताया जा रहा है, दिसम्बर के पहले सप्ताह से रात अधिक सर्द हो जाएगी। रायपुर में नवम्बर के महीने में औसतन 15-16 डिग्री सेल्सियस सामान्य न्यूनतम तापमान होता है। अब से 139 साल पहले यानी साल 1883 में 22 नवम्बर को रायपुर में 8.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। यह इस शहर का सर्वकालिक रिकॉर्ड है। पिछले 10 साल में सबसे अधिक ठंढी रात का रिकॉर्ड 13.3 डिग्री सेल्सियस का है। यह 18 नवम्बर 2012 को दर्ज हुआ था। 2013 में यह 13.5 डिग्री सेल्सियस और 2014 में 13.6 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड हुआ। उसके बाद के सालों में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया।

# विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर बधाई दी है। डॉ. महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, छत्तीसगढ़ी भाषा समूचे भारत की सबसे मीठी बोले जाने वाली भाषा है इस भाषा में अपनत्व, प्रेम, प्यार और दुलार है। हमारे सभी प्रादेशिक धर्मगुरुओं ने राजभाषा के माध्यम से छत्तीसगढ़िया होने का पताका देश ही नहीं विदेशों में भी फहराया है इसका हमें गर्व है कि ऐसे महान गुरुओं और भाषाओं के हम वंशज है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि राजभाषा व्यक्तित्व की पहचान कराती है और आप सभी से निवेदन करता हूं कि अपने राज्य की भाषा का उच्चारण परिवार में, समाज में, सार्वजनिक जीवन में अधिक से अधिक करें। आप सभी को राजभाषा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403